

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorcha.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन-जन की आवाज़



लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 74 रविवार 26 अप्रैल 2026 बैशाख शुक्ल दशमी विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 05 रूपया


# केन्द्र सरकार ने किया नीति आयोग का पुनर्गठन

## अशोक कुमार लाहिड़ी होंगे वाइस चेयरमैन, पीएम मोदी ने दी बधाई

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन करते हुए अशोक कुमार लाहिड़ी को वाइस चेयरमैन तथा पांच पूर्णकालिक सदस्यों की नियुक्ति की है, जिनमें अर्थशास्त्री के वी राजू, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक एम श्रीनिवास और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव अभय करंदीकर शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाहिड़ी और वैज्ञानिक गोबर्धन दास और पूर्व कैबिनेट सचिव राजीव गौबा सहित नए पूर्णकालिक सदस्यों को उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, "सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन किया है। मैं अशोक कुमार लाहिड़ी जी को उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर शुभकामनाएं देता हूं। साथ ही राजीव गौबा, के वी राजू, गोबर्धन दास, अभय करंदीकर और एम श्रीनिवास को पूर्णकालिक सदस्य बनने पर बधाई देता हूं। मैं सभी के सफल और प्रभावी कार्यकाल की कामना करता हूं।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि नीति आयोग भारत की नीतिगत संरचना में एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभरा है, जो सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने, सुधारों को आगे बढ़ाने और जीवन सुगमता को प्रोत्साहित करने का काम कर रहा है। उन्होंने



कहा, "यह विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और दीर्घकालिक रणनीतिक सोच के लिए एक गतिशील मंच के रूप में कार्य करता है।"

प्रधानमंत्री नीति आयोग के चेयरमैन हैं। नियुक्ति के बाद लाहिड़ी ने शनिवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की। लाहिड़ी चार दशक से अधिक के अनुभव वाले वरिष्ठ अर्थशास्त्री हैं। वह वर्तमान में पश्चिम बंगाल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक हैं और भारत सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार तथा 15वें वित्त आयोग के सदस्य रह चुके हैं। वह राज्य में जारी विधानसभा चुनावों में प्रत्याशी नहीं हैं।

के वी राजू प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य हैं और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार भी हैं। अभय करंदीकर वर्तमान में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव हैं। इससे पहले वह भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के निदेशक रह चुके हैं। गोबर्धन दास भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल के निदेशक हैं। इससे पहले वह नयी दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में 'मॉलिक्यूलर मेडिसिन' के विशेष केंद्र में प्रोफेसर और अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे।

एम श्रीनिवास देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक हैं और शैक्षणिक, प्रशासनिक तथा अनुसंधान क्षेत्रों में तीन दशक से अधिक का अनुभव रखते हैं। नियुक्ति के बाद लाहिड़ी ने शनिवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अर्थशास्त्र और सार्वजनिक नीति में उनका व्यापक अनुभव भारत के सुधारों और 'विकसित भारत' की दिशा में यात्रा को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा, "मुझे विश्वास है कि उनके प्रयास देश में नीतिनिर्माण को और सशक्त करेंगे। उनके सफल कार्यकाल के लिए मेरी शुभकामनाएं।" प्रधानमंत्री ने गोबर्धन दास को भी नीति आयोग का सदस्य बनाए जाने पर बधाई दी और कहा, "आपकी यात्रा, जो अथक परिश्रम और विनम्रता से भरी रही है, सभी के लिए प्रेरणादायक है। सार्वजनिक स्वास्थ्य, विज्ञान और नवाचार के क्षेत्रों में आपके महत्वपूर्ण योगदान पर पूरे देश को गर्व है।

### हरभजन सिंह के घर पर बवाल! आप कार्यकर्ताओं ने नेमप्लेट पर पोती कालिख, दीवार पर लिखा- 'गद्दार'

एजेंसी समाचार

**जालंधर।** पंजाब की सियासत में तीखा घमासान जारी है। आम आदमी पार्टी आप छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राज्यसभा सांसदों के खिलाफ पार्टी कार्यकर्ताओं का गुस्सा सड़कों पर उतर आया है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह के जालंधर स्थित आवास के बाहर अआद कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने घर की दीवार पर काले रंग से 'पंजाब का गद्दार' लिख दिया। साथ ही कई कार्यकर्ताओं ने सिर पर काली पट्टी बांधकर नारेबाजी की और प्रदर्शन किया। इस दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पार्टी छोड़ने वाले सांसदों पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें 'गद्दार' करार दिया। चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि इन नेताओं ने न सिर्फ आम आदमी पार्टी बल्कि पूरे पंजाब की जनता के विश्वास के साथ भी विश्वासघात किया है। बता दें कि हाल ही में हरभजन सिंह समेत आप के सात राज्यसभा सांसदों (जिनमें राघव चड्ढा भी शामिल हैं) ने पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थामा था, जिसके बाद अआद कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

# लोकतंत्र में विश्वास नहीं करती टीएमसी

## नदिया में ममता सरकार पर बरसे सीएम योगी, कहा- लूट और कुशासन का प्रतीक बना बंगाल

एजेंसी समाचार

**नदिया।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने नदिया जिले की नवद्वीप विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि ममता दीदी को इस बात की चिंता है कि अगर हिंदुओं की संख्या बढ़ेगी तो सड़कों पर इफ्तार कैसे होगा। योगी ने कानून-व्यवस्था ध्वस्त करने का आरोप लगाते हुए कहा कि टीएमसी लोकतंत्र में विश्वास नहीं करती। उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान में भाजपा नेताओं और उम्मीदवारों पर हमले हुए, जिसे पूरे देश ने देखा।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, " चार मई को जब नतीजे आएंगे, तब टीएमसी के गुंडों के पास छिपने की जगह नहीं होगी। बंगाल अब अराजकता को स्वीकार नहीं करेगा।" मुख्यमंत्री ने कांग्रेस, वामपंथी दलों और टीएमसी पर बंगाल को "लूट और कुशासन का प्रतीक" बनाने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि राज्य इनसे मुक्त होकर "डबल इंजन सरकार" को चुने, जो दोगुनी गति से विकास करेगी। योगी नवद्वीप विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रुति शेखर गोस्वामी के समर्थन में जनसभा को संबोधित



कर रहे थे। भीषण गर्मी के बावजूद जनसभा में बड़ी संख्या में लोग जुटे। समर्थकों ने "योगी-योगी" के नारे लगाए, जिस पर मुख्यमंत्री ने आभार जताया।

उन्होंने पहले चरण में 152 सीटों पर हुए रिकॉर्ड मतदान के लिए, मतदाताओं को बधाई दी और कहा कि जनता आतंक, माफिया राज और भ्रष्टाचार से मुक्ति चाहती है। उन्होंने दावा किया कि 4 मई को नतीजों के साथ पूरे बंगाल में भाजपा का परचम लहराएगा। मुख्यमंत्री ने सीएए का जिक्र करते हुए कहा कि यह कानून पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में प्रताड़ित हिंदू, बौद्ध, जैन और सिख समुदाय के लोगों को भारतीय नागरिकता देने की गारंटी देता है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी ने इस कानून का विरोध किया।

उन्होंने कहा कि बंगाल में घुसपैठियों को संरक्षण दिया जा रहा है, जबकि वे स्थानीय लोगों के अधिकारों पर कब्जा कर रहे हैं। योगी ने आरोप लगाया कि बंगाल में दुर्गा पूजा, प्रतिमा विसर्जन और 'जय श्री राम' के नारे पर पाबंदी लगाने की कोशिश होती है। उन्होंने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट को भी इस संबंध में सख्ती के निर्देश देने पड़े।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि "बंगाल की धरती पर मां काली और मां दुर्गा की पूजा को कोई नहीं रोक सकता। अगर किसी ने कोशिश की, तो सड़कों पर विरोध होगा।" मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की स्थिति भी खराब थी, लेकिन अब कानून का राज स्थापित हुआ है और विकास का मॉडल पूरे देश के सामने रखा गया है। उन्होंने दावा किया कि यही मॉडल बंगाल में भी लागू किया जा सकता है।

## ईरानी शिष्टमंडल अमेरिकी दल से मिले बिना पाक से लौटा, पीएम शहबाज बोले- बातचीत सौहार्दपूर्ण

एजेंसी समाचार



**वाशिंगटन डीसी।** पश्चिम एशिया में 28 फरवरी से शुरू हुआ जंग फिलहाल युद्धविराम की छांव में है। अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत का प्रयास अप्रत्यक्ष रूप से किया जा रहा है। इसी बीच ईरानी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान में तमाम नेताओं से मुलाकात के बाद वापस तेहरान लौट गया है। इस्राइली सेना ने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के चार लड़ाकों के मारे जाने का दावा किया है। इस्राइली सेना ने एक बयान जारी कर कहा है कि उसने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के चार लड़ाकों को मार गिराया है, जबकि दोनों देशों के बीच तीन सप्ताह के लिए युद्धविराम को बढ़ा दिया गया है। इससे पहले, लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा था कि योहमर अल-शाकिफ शहर पर इस्राइली हमले में चार लोग मारे गए। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि लेबनान और इस्राइल एक ही हमले की बात कर रहे हैं या नहीं।

सेना ने दावा किया कि तीन लड़ाके दक्षिणी लेबनान में हथियारों से लदे वाहन में जा रहे थे, जबकि एक अन्य तथाकथित अग्रणी रक्षा रेखा के पार मोटरसाइकिल चला रहा था, जहां इस्राइली जमीनी सैनिक सीमा पर तैनात हैं। बयान में यह भी कहा गया है कि इस्राइल में शुक्रवार से शनिवार तक चलने वाले सप्ताहांत की शुरूआत से अब तक हिजबुल्ला के 15 सदस्य मारे गए हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ हुई मुलाकात को 'मौजूदा क्षेत्रीय स्थिति पर विचारों का सबसे सौहार्दपूर्ण आदान-प्रदान' बताया।

# यूपी में पांच की मौत: बेटी की शादी कराकर लौट रहा था परिवार

## ट्रेलर से टकराई कार; SUV को काटकर निकाले गए शव

एजेंसी समाचार

**बड़हलगंज।** यूपी के मऊ जनपद के दोहरीघाट थाना क्षेत्र के कुसुम्हा-बसारथपुर के पास वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन पर रात्रि लगभग 2.30 बजे मऊ की तरफ से आ रही एसयूवी डिवाइडर से टकरा कर दूसरी लेनपर ट्रेलर से टकरा गई। जिसमें रांची से पुत्री की शादी कर गोरखपुर लौट रहे पति-पत्नी-पुत्र और दो चालक समेत पांच की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना के बाद ट्रेलर चालक गाड़ी खड़ा कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला भेज दिया। वहीं ट्रेलर को कब्जे में लेकर थाने उठा लाई, जबकि एसयूवी को ट्रैक्टर से खिंचावाकर सड़क किनारे कर आवागमन बहाल कराया।

गोरखपुर जनपद के खोराबार थाना क्षेत्र के रानीडीहा निवासी 53 वर्षीय विनय श्रीवास्तव पुत्र स्व. ठाकुर रमाशंकर लाल श्रीवास्तव अपनी बेटी विमन्सा की शादी के लिए झारखंड के रांची गए थे। 20 अप्रैल को विवाह संपन्न होने के बाद अन्य रिश्तेदार वहां से वापस लौट आए थे। जबकि विनय



श्रीवास्तव, 58 वर्षीय पत्नी अर्चना श्रीवास्त, इकलौते बेटे 27 वर्षीय कृतार्थ श्रीवास्तव के साथ रुक गए थे। जो शनिवार को किराए के एसयूवी से गोरखपुर घर लौट रहे थे।

वाहन को बिहार गया जनपद के मोहनपुर थाना क्षेत्र के मटीहानि निवासी चालक 28 वर्षीय पुरुषोत्तम कुमार पुत्र रामप्यारे यादव चला रहा था, जबकि दूसरा चालक 20 वर्षीय नितीश पुत्र नन्दलाल पीछे बैठा था। परिवार के साथ उनका पालतू कुत्ता भी मौजूद था। शनिवार रात करीब 2:30 बजे जैसे ही वाहन कुसम्हा बशारतपुर के पास पहुंचा, चालक को झपकी आ गई। अनियंत्रित एसयूवी पहले डिवाइडर से टकराई और फिर दूसरी लेन में जाकर ट्रेलर से भीषण भिड़ंत हो गई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एसयूवी का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और सभी सवार उसमें फंस गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद स्कॉर्पियो को काटकर सुबह पांच बजे सभी पांचों शवों को बाहर निकाला। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि हादसे की सूचना परिजनों को दे दी गई है। दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल करा दिया गया है। इस दर्दनाक घटना से मृतकों के गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## 'सत्ता से बाहर होंगी ममता, पहले चरण में भाजपा जीतेगी 110 सीटें', पूर्व वर्धमान में गरजे शाह

एजेंसी समाचार



**पूर्व वर्धमान।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के पूर्व वर्धमान में एक जनसभा में सत्ताधारी दल टीएमसी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर करारा हमला बोला है। अमित शाह ने चुनावी रैली में कहा- पहले चरण के मतदान में ही भाजपा 110 सीटें जीतेगी, ममता बनर्जी सत्ता से बाहर हो जाएंगी। उन्होंने आगे कहा कि टीएमसी ने सीएए लागू करने से इनकार कर दिया है और बंगाल में भाजपा को सत्ता में लाने का वादा किया है ताकि मतुआ समुदाय के सभी लोगों को नागरिकता मिल सके। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि पूरे बंगाल में घूमता-घूमता आज मैं जमालपुर में आया हूं। टीएमसी की जगह यहां कमल फूल की सरकार बनेगी, भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने आगे कहा, 'ममता सरकार में 15 साल में सबसे ज्यादा संत्रास अगर किसी पर हुआ है तो माताओं-बहनों पर हुआ है। आरजी कर, संदेशखाली, कोलकाता लॉ कॉलेज, दुर्गा लॉ कॉलेज... हर जगह पर माताओं-बहनों के साथ अत्याचार हुआ। और ये दीदी कहती हैं कि माताएं-बहनें सात बजे के बाद घर के बाहर न निकलें, लेकिन मैं बताकर जाता हूं कि 5 तारीख के बाद छोटी बच्ची भी रात को एक बजे निकलेगी और कोई गुंडा आंख उठाकर भी नहीं देख पाएगा। गृह मंत्री ने इस दौरान कहा कि मतुआ समुदाय के लोगों को अब डर में जीने की जरूरत नहीं है। ये दीदी सीएए कानून को लागू नहीं करती है। आप कमल फूल की सरकार बना दो, 5 तारीख के बाद सभी मतुआ समाज के भाईयों-बहनों को नागरिकता देने का काम भाजपा की सरकार करेगी।

# पश्चिम एशिया तनाव से कांपा पाकिस्तान? युद्ध में नहीं फिर भी हो रहा बर्बाद

एजेंसी समाचार

**इस्लामाबाद।** एक नई रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम एशिया तनाव में पाकिस्तान सीधे शामिल नहीं है, लेकिन इसकी कमजोर अर्थव्यवस्था इसे बहुत ही संवेदनशील बनाती है। देश अपनी 80% तेल जरूरतें आयात करता है। कच्चे तेल की कीमतों में थोड़ी सी बढ़ोतरी पाकिस्तान का आयात बिल अरबों डॉलर बढ़ा सकती है। पश्चिम एशिया तनाव में इन दिनों भारी तनाव और संघर्ष का माहौल है। दुनिया भर के देश इस तनाव के परिणामों को लेकर बेहद चिंतित हैं। इस युद्ध के मैदान में पाकिस्तान सीधे तौर पर तो शामिल नहीं है, लेकिन वहां पैदा होने वाली हर हलचल का सीधा और गहरा असर उस पर पड़ रहा है। पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति इतनी ज्यादा कमजोर है कि वह वैश्विक स्तर पर होने वाले किसी



भी बड़े बदलाव या बाहरी झटके को सहने की स्थिति में बिल्कुल नहीं है। एक नई रिपोर्ट में यह चौंकाने वाला दावा किया गया है कि पश्चिम एशिया का मौजूदा संकट पाकिस्तान की पहले से खस्ताहाल अर्थव्यवस्था को और भी गहरे गर्त में धकेल सकता है।

बिजनेस रिकॉर्डर की एक रिपोर्ट के अनुसार, जब भी दुनिया में कोई बड़ा भू-राजनीतिक संघर्ष होता है, तो उसका शुरूआती असर ग्लोबल वित्तीय बाजारों पर पड़ता है। लेकिन पाकिस्तान जैसे देशों के लिए यह असर सिर्फ बाजार तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उनके घरेलू हालात पर बहुत गहरी और स्थायी चोट करता है। कई मजबूत देशों के लिए ऊर्जा की कीमतों में बढ़ोतरी, कड़े वित्तीय हालात या मुद्रा के दबाव को संभालना एक आम बात हो सकती है। लेकिन पाकिस्तान के लिए यही सब एक बड़ा आर्थिक संकट बन जाता है। इन बाहरी झटकों के कारण पाकिस्तान का आयात बिल तेजी से बढ़ता है, महंगाई आसमान छूने लगती है और उनकी मुद्रा (रुपया) की कीमत लगातार गिरने लगती है, जिससे पूरी घरेलू अर्थव्यवस्था बुरी तरह से चरमरा जाती है।

इस रिपोर्ट में साफ तौर पर बताया गया है कि पाकिस्तान अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत कच्चा तेल दूसरे देशों से खरीदता है। वित्त वर्ष 2023 में पाकिस्तान का पेट्रोलियम आयात बिल लगभग 18 अरब डॉलर के विशाल आंकड़े तक पहुंच गया था। अगर वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में सिर्फ 10 डॉलर प्रति बैरल का भी लगातार इजाफा होता है, तो पाकिस्तान के आयात खर्च में हर साल 1.5 अरब डॉलर का अतिरिक्त बोझ बढ़ जाएगा। पाकिस्तान के पास पहले से ही विदेशी मुद्रा भंडार की भारी कमी है, और यह नया खर्च उस पर जानलेवा दबाव डालेगा। इससे न केवल पाकिस्तानी रुपया कमजोर होगा, बल्कि पेट्रोल-डीजल और बिजली महंगी होने से देश में राजनीतिक अस्थिरता भी फैलेगी।

# मणिपुर में भारी बवाल: शांति की मांग लेकर सीएम आवास घेरेने निकले हजारों लोग

## पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

एजेंसी समाचार

**इंफाल।** मणिपुर में शांति और पुनर्वास की मांग को लेकर सीओसीओएमआई के नेतृत्व में



हजारों लोगों ने मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और जनता के बीच झड़प हुई। प्रदर्शनकारियों ने बम विस्फोट में मारे गए बच्चों के लिए न्याय की मांग करते हुए भविष्य में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार को प्रदेश की राजधानी इंफाल में स्थायी शांति की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच कर रहे हजारों प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। यह विरोध प्रदर्शन मैतेई संगठन कोऑर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी के बैनर तले आयोजित किया गया था।

मणिपुर की अखंडता के लिए काम करने वाली सीओसीओएमआई के आह्वान पर हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतरे। ये प्रदर्शनकारी शहर के विभिन्न हिस्सों से चार अलग-अलग रैलियों के रूप में मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ रहे थे। हालांकि, पुलिस और अतिरिक्त सुरक्षा बलों ने पहले ही बाबूपाड़ा स्थित मुख्यमंत्री आवास के चारों ओर सुरक्षा का कड़ा पहरा लगा रखा था।

## सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने भाजपा पर बोला हमला

# यूपी में महिलाओं की सुरक्षा फेल

### न्याय पर सवाल: गाजीपुर और हरदोई की घटनाओं पर सरकार को घेरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए महिलाओं के मुद्दे पर सरकार को घेरा। शनिवार को बरेली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं और सरकार झूठे विधेयकों के जरिए आधी आबादी को गुमराह कर रही है।

श्यामलाल पाल ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में महिलाओं पर अत्याचार और दुराचार की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं। उन्होंने महिला आरक्षण विधेयक को आधी आबादी के साथ धोखा करार देते हुए कहा कि सपा महिलाओं को पूरा सम्मान और अधिकार देने के पक्ष में है।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल। –जागरण मोर्चा

उन्होंने स्पष्ट किया कि समाजवादी पार्टी महिला आरक्षण का समर्थन करती है, लेकिन उसमें पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) वर्ग की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण जरूरी है। बिना इस व्यवस्था के आरक्षण अधूरा और भ्रामक साबित होगा। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने गाजीपुर और हरदोई की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामलों में न्याय के बजाय राजनीति हो रही है। आरोप लगाया कि जब सपा प्रतिनिधिमंडल पीड़ितों से मिलने गया तो उन पर हमला किया गया और उल्टा नेताओं पर ही मुकदमे दर्ज कर दिए गए।

#### पंचायत चुनाव टालने पर उठाए सवाल

पाल ने भाजपा सरकार और चुनाव आयोग पर पंचायत चुनाव न कराने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनाव न होने से लोकतंत्र कमजोर होगा और गांवों का विकास ठप पड़ जाएगा। इसे उन्होंने लोकतंत्र की हत्या बताया। श्यामलाल पाल ने साफ किया कि समाजवादी पार्टी 2027 का विधानसभा चुनाव सामाजिक न्याय के मुद्दे पर लड़ेगी। उन्होंने बढ़ती महंगाई, विश्वविद्यालयों की फीस, बंद होते प्राथमिक विद्यालय और किसानों की समस्याओं को भी सरकार की विफलता बताया। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की तरह उत्तर प्रदेश की आधी आबादी भी भाजपा को सत्ता से बाहर करेगी और सपा को मजबूत जनसमर्थन मिलेगा।

# योगी सरकार बरेली में बनाएगी 150 करोड़ से मेगा साइंस पार्क

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में विकास की रफ्तार को नई ऊंचाई देने वाले योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप अब बरेली में साइंस सिटी जैसा बड़ा प्रोजेक्ट जमीन पर उतरने लगा है।

रामगंगा नगर आवासीय योजना के सेक्टर-08 में प्रस्तावित साइंस पार्क का विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण की शुरुआत कर दी गई, वहीं शासनादेश जारी होते ही बीडीए को इसकी पूरी जिम्मेदारी सौंप दी गई है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से जारी शासनादेश के बाद अब इस मेगा प्रोजेक्ट की कमान पूरी तरह बीडीए के हाथ में आ गई है। पहले यह परियोजना विभाग के पास थी, लेकिन लगातार देरी के चलते शासन स्तर पर समीक्षा हुई और प्रमुख सचिव की बैठक के बाद जिम्मेदारी बदल दी गई। करीब पांच एकड़ क्षेत्रफल में बनने वाले इस साइंस पार्क पर लगभग 150 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. ए. मनिकंडन ने बताया कि यह परियोजना बरेली समेत आसपास के जिलों के छात्रों और युवाओं के लिए विज्ञान की नई दुनिया खोलेगी। यहां आधुनिक तकनीक के जरिए विज्ञान को अनुभव के रूप में समझाया जाएगा।

#### स्पेस से समुद्र तक, एक ही छत के नीचे विज्ञान का रोमांच

साइंस पार्क में एक्वाटिक पार्क, एक्वेरियम, स्पेस म्यूजियम और प्लेनेटोरियम जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। अत्याधुनिक टेलीस्कोप के जरिए आकाशगंगा और सौर मंडल को देखने का मौका मिलेगा, वहीं लघु तारामंडल में ब्रह्मांड के रहस्यों को रोचक फिल्मों और विजुअल्स के जरिए समझाया जाएगा। यह पार्क विज्ञान को किताबों से निकालकर वास्तविक अनुभव में बदल देगा। इस प्रोजेक्ट को और आधुनिक बनाने के लिए अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की विशेषज्ञता भी ली जाएगी। बीते दिनों लखनऊ में बीडीए अधिकारियों ने प्रजेंटेशन देकर इस परियोजना को नई दिशा देने की योजना साझा की थी, जिसके बाद इसे हाईटेक स्वरूप देने पर जोर दिया गया।

#### भूमि पूजन के साथ प्रोजेक्ट पकड़ेगा रफ्तार

भूमि पूजन के दौरान बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकंडन ने साफ चेतावनी दी कि निर्माण कार्य तय समयसीमा और उच्च गुणवत्ता के साथ हर हाल में पूरा होना चाहिए। ठेकेदारों और अभियंताओं को निर्देश दिए गए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी और प्रोजेक्ट की लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। साइंस पार्क के निर्माण से बरेली को शैक्षणिक और वैज्ञानिक मानचित्र पर नई पहचान मिलने जा रही है। यह परियोजना न सिर्फ युवाओं के लिए अवसरों के दरवाजे खोलेगी, बल्कि शहर को आधुनिक विकास की नई दिशा भी देगी। माना जा रहा है कि योगी मॉडल के तहत यह प्रोजेक्ट बरेली के विकास की बड़ी मिसाल बनेगा।

# बारात से पहले दूल्हे का सुसाइड

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शाही थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक ऐसी घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को झकझोर दिया। शादी के दिन बारात जाने से ठीक पहले दूल्हे का शव साप्ताहिक बाजार में आम के पेड़ से लटका मिला। जहां एक ओर घर में शहनाई बजने की तैयारी थी, वहीं कुछ ही घंटों में वहां चीख-पुकार और मातम छा गया।


देवेंद्र का फाइल फोटो

मोहल्ला सुभाषनगर निवासी 22 वर्षीय देवेंद्र मौर्य की शादी रिठौरा के उद्धानापुर गांव में तय थी। शुक्रवार को लग्न का कार्यक्रम धूमधाम से हुआ और देर रात तक डीजे पर जश्न चलता रहा। मोहल्ले के कुछ लोगों की आपत्ति के बाद डीजे को मुख्य दरवाजे के पास शिफ्ट किया गया। रात करीब दो बजे तक खुशियां मनाने के बाद देवेंद्र अपने बहनोई और रिश्तेदारों के साथ सोने चला गया। शनिवार सुबह पड़ोसियों ने सूचना दी कि देवेंद्र का शव साप्ताहिक बाजार में आम के पेड़ से लटका हुआ है। मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा कि पतली रस्सी से शव करीब छह फुट की ऊंचाई पर बंधा था, लेकिन उसके पैर जमीन को छू रहे थे। इस स्थिति को देखकर लोग हैरान रह गए और आत्महत्या पर सवाल उठने लगे। मृतक के पिता रामदास मौर्य ने साफ आरोप लगाया कि उनके बेटे की हत्या कर शव को पेड़ पर लटकाया गया है। उनका कहना है कि देवेंद्र की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी और वह शादी के लिए बेहद खुश था। देवेंद्र दो दिन पहले ही अपनी पसंद का कोट-पैंट खरीदकर लाया था, हाथों में मेहंदी और शादी का कंगन भी मौजूद था।

#### पुलिस जांच शुरू, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

घटना की सूचना मिलने के करीब आधे घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची, जबकि इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह करीब डेढ़ घंटे बाद घटनास्थल पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। थाना प्रभारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई तय होगी। शादी वाले दिन दूल्हे की इस रहस्यमयी मौत ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। परिवार जहां इसे साजिशन हत्या बता रहा है, वहीं पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी है। अब सभी की नजर पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच पर टिकी है, जो इस गुत्थी को सुलझा सकेगी।

## सरकारी स्कूलों पर चोरों का धावा

**बहेड़ी।** क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। बीती रात चोरों ने ढकिया और जवाहरपुर के दो सरकारी स्कूलों को निशाना बनाकर हजारों रुपये का सामान साफ कर दिया। ढकिया स्थित स्कूल से चोर दो गैस सिलेंडर, इनवर्टर-बैटरियां, चार कट्टे लाही, सरसों का तेल और कीबोर्ड उठा ले गए। वहीं, जवाहरपुर स्कूल से भी इनवर्टर, बैटरी और सिलेंडर चोरी कर लिए गए। सुबह जब स्टाफ स्कूल पहुँचा, तो टूटे ताले देख उनके होश उड़ गए। सूचना पर पहुँची पुलिस ने मौका मुआयना कर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। लगातार हो रही इन वारदातों से ग्रामीणों और शिक्षकों में भारी रोष है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से रात में गश्त बढ़ाने और चोरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

# होमगार्ड परीक्षा का हुआ सख्त पहरे में आगाज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा शनिवार से जिले के 19 केंद्रों पर शुरू हो गई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पहले दिन परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। तीन दिन तक चलने वाली इस परीक्षा में कुल 52,416 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 की यह परीक्षा 25 से 27 अप्रैल तक दो-दो पालियों में आयोजित की जा रही है। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक, जबकि दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। हर पाली में 8,736 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं, जिससे सभी केंद्रों पर भारी भीड़ रही। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए हैं। 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 19 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, जबकि चार-चार मजिस्ट्रेट रिजर्व में रखे गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा कराई जा रही है।


कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पहले दिन परीक्षा केंद्रों पर मौजूद पुलिस बल।

पुलिस भर्ती परीक्षा की तर्ज पर ही इस बार भी वही केंद्र बनाए गए हैं। बरेली कॉलेज, एफआर इस्लामिया इंटर कॉलेज, बरेली इंटर कॉलेज, बिशप मंडल इंटर कॉलेज, दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज, जीजीआईसी, जीआईसी, इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज, केपीआरसी कला केंद्र इंटर कॉलेज, कुंवर रणजीत सिंह इंटर कॉलेज, मौलाना आजाद इंटर कॉलेज, साहू गोपीनाथ इंटर कॉलेज, तिलक इंटर कॉलेज और विष्णु इंटर कॉलेज सहित कुल 19 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित हो रही है।

#### 100 अंकों का होगा प्रश्नपत्र

होमगार्ड भर्ती की लिखित परीक्षा 100 अंकों की होगी। अभ्यर्थियों को ओएमआर शीट पर बॉल प्वाइंट पेन से सही विकल्प भरने होंगे। इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को आगे की चयन प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। प्रशासन की सख्ती और बेहतर व्यवस्था के चलते पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अधिकारियों ने केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अभ्यर्थियों को समय से पहुंचने और नियमों का पालन करने की अपील की।

# नशे में थार से टेंपो को रौंदा, किसान की हुई मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र के गांव बभिया में शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार और नशे का खौफनाक मेल एक बेगुनाह की जान ले गया। ग्रामीण बैंक के पास दौड़ रही थार गाड़ी ने सामने से आ रहे टेंपो को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में टेंपो चालक और उसमें बैठा मरीज गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, देर रात अचानक तेज रफ्तार थार ने टेंपो को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोग दौड़कर पहुंचे और किसी तरह घायलों को बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी। हादसे में टेंपो चालक चनेहटी निवासी अमन कुमार और सवारी ओमकार कश्यप (60) गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान ओमकार कश्यप की मौत हो गई। ओमकार किसान थे और इचोरी से दवाई लेकर अपने गांव मिर्जापुर लौट रहे थे। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। बताया जा रहा है कि उनके पांच बच्चे हैं, जिनके सिर से पिता का साया उठ गया।

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, क्योंकि ओमकार ही परिवार के एकमात्र सहारा थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



सड़क पर मौजूद थार की टक्कर से क्षतिग्रस्त टेंपो। –जागरण मोर्चा

#### नशे में था आरोपी डॉक्टर, पुलिस ने किया गिरफ्तार

कैंट थाना प्रभारी संजय धीर ने बताया कि आरोपी चालक फरीदपुर के गांव लौंगपुर निवासी डॉ. तौफीक अंसारी है। हादसे के बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर मेडिकल परीक्षण कराया, जिसमें वह नशे में पाया गया। पुलिस ने थार और टेंपो दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। घटना की सूचना बभिया निवासी टिंकू ने पुलिस को दी थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतक के परिजनों ने पोस्टमॉर्टम के बाद तहरीर देने की बात कही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गेहूं खरीद में सुस्ती पर एडीएम ने केंद्रों पर पहुंचकर परखी व्यवस्था

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** गेहूं खरीद की धीमी रफ्तार देख प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। शनिवार को अपर जिलाधिकारी (वि. एवं रा.) संतोष कुमार सिंह ने फरीदपुर के क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि अब तक 42 किसानों से 2700 कुंतल गेहूं खरीदा गया है। एडीएम ने खरीद की गति धीमी मिलने पर केंद्र प्रभारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिए कि पर्याप्त बारदाना होने के बावजूद देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि लापरवाही मिलने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक अताउल रहमान का हाल-चाल लेने पहुंचे सपा के प्रदेश अध्यक्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** नवोदय हॉस्पिटल में प्रदेश महासचिव एवं पूर्व मंत्री बहेड़ी विधायक अताउर रहमान के कमर में दर्द होने के कारण पिछले कई दिनों से बरेली के मशहूर हड्डी रोग विशेषक डॉक्टर मोहम्मद नाज़िर हुसैन की देख रेख में भर्ती हैं। इस बात की जानकारी जैसे ही प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल को हुई तो समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल नवोदय हॉस्पिटल पहुंचकर उनका हाल-चाल जाना और स्वस्थ होने की कामना की।

नवोदय अस्पताल के डायरेक्टर हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मोहम्मद नाज़िर हुसैन ने बताया पूर्व मंत्री पूरी तरह से स्वस्थ हैं लेकिन आराम की जरूरत है । कल रात से ही बरेली व क्षेत्र के वरिष्ठ नेता गढ़ व साथियों का अस्पताल में पूर्व मंत्री विधायक बहेड़ी को देखने के लिए तांता लग रहा जिसमें मुख्य रूप से नव नियुक्त जिला अध्यक्ष शुभलेश यादव , महानगर अध्यक्ष समीम खान सुल्तानी ,भोजीपुरा विधायक शेहज़ील इस्लाम ,पूर्व विधायक सुल्तान बेग ,पूर्व जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप पूर्व जिला अध्यक्ष अगम मौर्य महिला सभा की जिला अध्यक्ष स्मिता यादव महानगर महासचिव दीपक शर्मा पूर्व ब्लाक प्रमुख दमखोदा वफाउर रहमान विधानसभा महासचिव हर स्वरूप मौर्य , प्रधान रफीक मंसूरी ,खालिद बाबूजी,रईस अब्बासी पार्षद विधानसभा महासचिव हाशिम अली,रविंद्र यादव अहमद खान टीटू तारिक़ लिटिल इमरान खान उर्फ चंदन नैनसिंह गंगवार बालमुकुंद गंगवार सलीम अंसारी मोहम्मद फैजान बी एल वर्मा और सभी सम्मानित नेतागढ़ लोग मौजूद रहे।



# खुसूसी दुआओं के साए में उर्स-ए-ताजुश्शरिया का समापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** विश्व प्रसिद्ध दरगाह ताजुश्शरिया के दो रोज़ा उर्स का समापन सज्जादानशीन मुफ्ती मोहम्मद असजद रज़ा खां कादरी की खुसूसी दुआ के साथ हुआ। दो दिनों तक दरगाह ताजुश्शरिया और दरगाह आला हजरत पर अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ा रहा, जिसमें देश-विदेश से आए लाखों जायरीनों ने शिरकत की।

उर्स के अंतिम दिन मदरसा जामियातुर रज़ा में मुख्य महफिल सजी। उलेमा-ए-किराम ने हुजूर ताजुश्शरिया की इल्मी खिदमतों पर रोशनी डालते हुए बच्चों और बच्चियों की आधुनिक व दीनी शिक्षा पर जोर दिया। मुफ्ती शाहजाद आलम मिस्बाही ने नसीहत दी कि नई पीढ़ी को मोबाइल के दुरुपयोग से दूर रखकर तालीम से जोड़ना वक्त की बड़ी जरूरत है।

शाम को ‘कुल’ की रस्म के बाद मुफ्ती असजद मियां ने मुल्क में अमन-ओ-चैन और फिलिस्तीन के मजलूम मुसलमानों की हिफाजत के लिए भावपूर्ण दुआ की। उर्स के दौरान जमात रज़ा-ए-मुस्तफा के वॉलिंटियर्स ने लंगर और ट्रैफिक व्यवस्था में सराहनीय योगदान दिया। जो जायरीन बरेली नहीं पहुँच सके, उन्होंने सोशल मीडिया पर लाइव प्रसारण के जरिए उर्स की बरकतें हासिल कीं।

बैठक

भविष्य की रणनीति : प्रशिक्षण कार्यक्रमों और फीडबैक से सुधरेगी प्रसार सेवा

# आईवीआरआई को मिला राष्ट्रीय पहचान का नया प्रस्ताव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** आईवीआरआई में शनिवार को 27वीं प्रसार परिषद की बैठक में किसानों तक वैज्ञानिक तकनीकों के प्रभावी हस्तांतरण को लेकर बड़े फैसले लिए गए। बैठक में ओडिशा सरकार ने आईवीआरआई को नॉलेज पार्टनर बनाने का प्रस्ताव रखकर संस्थान की भूमिका को राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत करने के संकेत दिए।

बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक व संस्थान के निदेशक डॉ. राघवेंद्र भट्टा ने कहा कि वैज्ञानिक शोध और किसानों के खेत के बीच की दूरी को खत्म करना ही प्रसार सेवाओं का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्रों और अटारी के माध्यम से तकनीकों के बेहतर प्रसार, प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ाने और किसानों से मिले फीडबैक के आधार पर सुधार की जरूरत बताई। उन्होंने संस्थान की पहुंच बढ़ाने के लिए ओपन डे, लघु वीडियो और स्कूल-कॉलेजों से संवाद जैसे नवाचारों को अपनाने पर भी जोर दिया। सहायक महानिदेशक (कृषि प्रसार) डॉ. आर.आर. बर्मन ने संतुलित उर्वरक उपयोग अभियान को जरूरी बताते हुए मिट्टी परीक्षण, सॉयल हेल्थ कार्ड, जैविक खाद और बायोफर्टिलाइजर के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने वर्ष 2030 तक उर्वरक उपयोग में 25 प्रतिशत कमी लाने का लक्ष्य भी साझा किया। प्रसार शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. एच.आर. मीना ने बताया कि पिछली बैठक की 18 सिफारिशों को पूरी तरह लागू कर लिया गया है। संयुक्त निदेशक डॉ. रूपसी तिवारी ने जानकारी दी कि संस्थान ने पिछले वर्ष 15,521 प्रसार गतिविधियों के जरिए करीब 1.45 लाख किसानों तक पहुंच बनाई, जिसमें महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। उन्होंने बताया कि किसानों के लिए फार्म स्कूल, प्रशिक्षण, परामर्श सेवाएं और तकनीकी साहित्य तैयार किया जा रहा है। साथ ही, अगले तीन वर्षों में किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए पैकेज ऑफ प्रैक्टिसेज विकसित किए जाएंगे।



आईवीआरआई में आयोजित बैठक मौजूद अधिकारी।

#### तकनीकी नवाचार और स्टार्टअप पर फोकस

कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, कानपुर के निदेशक डॉ. राघवेंद्र सिंह ने पशु विज्ञान से जुड़े पैकेज ऑफ प्रैक्टिसेज को कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से किसानों तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने जैविक इनपुट्स और मृदा कार्बन सुधार को भी अहम बताया। बैठक में विशेषज्ञों ने वैक्सीन विकास, सस्ती निदान तकनीक, पशु पोषण सुधार और प्रिसिजन पशुपालन तकनीकों पर तेजी से काम करने की जरूरत जताई। साथ ही युवाओं को पशुपालन क्षेत्र में स्टार्टअप और रोजगार के अवसरों से जोड़ने के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर सहमति बनी। बैठक में प्रसार गतिविधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) विकसित करने पर भी जोर दिया गया, जिससे योजनाओं की जमीनी सफलता का सटीक आकलन किया जा सके।

## नगर निगम ने हटवाई अवैध डेयरी

**बरेली।** नगर निगम की करीब 16,550 वर्ग मीटर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ शनिवार को बड़ी कार्रवाई की गई। गाटा संख्या 386, 440 और 452 पर डेयरी और अवैध शेड बनाकर कब्जा किया गया था। शिकायत के बाद जब प्रवर्तन टीम बुलडोजर लेकर अतिक्रमण ढहाने पहुंची, तो मौके पर मौजूद महिलाओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। अधिकारियों के अनुसार, यह जमीन मछली पालन के लिए लीज पर दी गई थी, जिसका दुरुपयोग हो रहा था। भारी हंगामे और सामान निकालने की विनती के बाद, प्रशासन ने मानवीय आधार पर कब्जा हटाने के लिए तीन दिन की अंतिम मोहलत दी है।

**आवश्यक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी के जी0एस0टी0 से सम्बन्धित समस्त बहीखाते खरीद के पर्चे और बिक्री के बिल कल ग्राम सिमरिया से रामपुर जाते समय ग्राम चमरव्वा अड्डे के पास कहीं गिर कर खो गये है जिन सज्जन को भी वह खाते मिलें कृपया करके निम्न पते पर पहुँचाने का कष्ट करें।

ब्रजलाल (स्वामी), मो.नं.- 6395248215
सर्वश्री गंगवार सीमेंट स्टोर
सिमारिया त0 मिलक रामपुर ।




**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242


# पहले दिन 1256 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

## डीएम, एएसपी ने किया केंद्रों का निरीक्षण, कड़ी सुरक्षा में हुई सभी केंद्रों पर होमगार्ड परीक्षा

**होमगार्ड परीक्षा**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** पहले दिन होमगार्ड की परीक्षा से 1256 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। पहली पाली में 649, दूसरी पाली में 607 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। पहली पाली 10 से 12, दूसरी पाली में 3 से 5 बजे तक आरंभ रही। पहली पाली में 2784 के सापेक्ष 2135 ने परीक्षा दी।, जबकि दूसरी पाली में 2784 के सापेक्ष 2177 ने परीक्षा दी।

जनपद में आयोजित उत्तर प्रदेश होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज, पीजी रजा डिग्री कॉलेज सहित अन्य निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, बैठने की व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने जनपद बनाए गए कन्ट्रोल सेंटर राजकीय रजा इण्टर कालेज पहुँच कर परीक्षा केन्द्रों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों, पुलिस बल की तैनाती एवं अन्य व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। ताकि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित पाई गई।जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक ने केन्द्रों पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे पूर्ण सतर्कता, निष्पक्षता एवं जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।


रोडवेज जाने के लिए ई रिक्शा करते परीक्षार्थी। -जागरण मोर्चा


परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी। -जागरण मोर्चा


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम। -जागरण मोर्चा

**इन सेंटरों पर हुई परीक्षा :** राजकीय रजा इंटर कालेज, राजकीय मुर्तजा इंटर कालेज, राजकीय जुल्फिकार कन्या इंटर कालेज, राजकीय इंटर कालेज काशीपुर, राजकीय इंटर कालेज सैजनी नानकार, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, राजकीय माडल इंटर कालेज ककरौआ, राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कालेज, राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय पालिटेक्निक कालेज सेंटर पर परीक्षा हुई।

### मालगोदाम, रेलवे स्टेशन पर रही भीड़-भाड़

उत्तर प्रदेश होमगार्ड एनरोलमेंट की परीक्षा देने के लिए परीक्षार्थियों में होड़ सी मची रही। मालगोदाम, रेलवे स्टेशन, सिविल लाइंस, आंबेडकर पार्क समेत शहर के प्रमुख चौराहों पर भीड़ देखने को मिली। इसके अलावा रोडवेज बसों में भी काफी भीड़भाड़ रही। केंद्रों के बाहर परीक्षार्थी पेपर पढ़ते हुए दिखाई दिए। परीक्षा छूटने के बाद शहर के प्रमुख चौराहों पर जाम लग गया। जाम लगने से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## एक नजर




### बाइक से गिरकर युवक जख्मी, रेफर

**शाहबाद।** क्षेत्र में लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है, शाहबाद क्षेत्र में लोग सड़क हादसों में लगातार जख्मी हो रहे है। शनिवार को शाहबाद के मोहल्ला हकीमान निवासी सतीश कुमार मोटरसाइकिल द्वारा किसी कार्य से कहीं जा रहे थे अचानक उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर मार्ग पर गिर गई और वह भी मोटरसाइकिल सहित मार्ग पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वह स्वयं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने घायल को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### राष्ट्रीय लोकदल गरीब मजदूर किसानों का दल

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव रोहिलखंड प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष मोहम्मद उस्मान बबलू अल्पसंख्यक समाज में राष्ट्रीय लोकदल और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की विचारधारा को बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोकदल गरीब मजदूर किसानों का दल है।राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की बहुत बड़ी जनसभा जनपद मेरठ में आयोजित हो रही है। इसी के पश्चात प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू क्षेत्र में लोगों के बीच पहुंचकर राष्ट्रीय लोक दल और एनडीए गठबंधन के बारे में अल्पसंख्यक समाज को जागरूक करते हुए नजर आए। उनके साथ में निजी सलाहकार मुनाजिर हुसैन, नगर अध्यक्ष मंजू खान, क्षेत्रीय महासचिव महफूज खान, मसरूफ अली, गुड्डू कुरैशी, फरीद कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे।

# तड़के चला चेकिंग अभियान ओवरलोडिंग वाहनों पर की कार्यवाही

- 2 डंपर सीज, 7 वाहनों पर 1.50 लाख का जुर्माना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिले में ओवरलोडिंग एवं यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के सख्त निर्देशन में एआरटीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में तड़के विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान देर रात से प्रारंभ होकर प्रातः लगभग 4:00 बजे तक निरंतर संचालित किया गया, जिसमें प्रवर्तन टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर सघन जांच की गई।

अभियान के दौरान नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए 2 डंपरों को सीज किया गया। जांच के दौरान एक डंपर भोट थाना क्षेत्र में 13 टन ओवरलोड पाया गया, जो सड़क सुरक्षा मानकों के लिए गंभीर खतरा था। वहीं, दूसरा डंपर टांडा मंडी क्षेत्र में विभिन्न नियमों का उल्लंघन करते हुए संचालित पाया गया। दोनों वाहनों को मौके पर ही सीज करते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। इसके अतिरिक्त, अभियान के दौरान 5 अन्य डंपरों का चालान किया गया। इस प्रकार कुल 7 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए लगभग 1.50 लाख का जुर्माना आरोपित किया गया। सभी चालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए हिदायत दी गई।


वाहनों की चेकिंग करते एआरटीओ।

# घरेलू कलह से आहत होकर खाया जहर, भर्ती

**मिलक।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 45 वर्षीय व्यक्ति ने घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। बुधवार दोपहर करीब 2 बजे घर में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। इसी से आहत होकर उसने घर में रखा जहरीला पदार्थ गटक लिया। कुछ देर बाद उल्टियां शुरू हुईं और हालत बिगड़ने लगी। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे परिजनों ने देखा तो उसके मुंह से झाग निकल रहा था। परिजन बिना देरी किए उसे निजी वाहन से सीएचसी मिलक लेकर पहुंचे। इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों ने तुरंत इलाज शुरू किया। पेट वॉश कर जहर का असर कम करने की कोशिश की गई।चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बासित अली ने बताया कि मरीज को गंभीर हालत में लाया गया था। जहरीले पदार्थ का सेवन किया था। तुरंत भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। दवाइयों का असर हुआ है।अब उसकी स्थिति पहले से स्थिर बनी हुई है। हालांकि अगले 24 घंटे निगरानी में रखना जरूरी है। फिलहाल अस्पताल में ही उपचार चल रहा है।

# विहिप नेता के गले पर रखा धारदार हथियार, आरोपी पर केस दर्ज

- आरोपी ने गाली गलौज करते हुए एससी एसटी एक्ट के मुकदमे में फंसाने की दी धमकी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** नगर के विहिप नेता के गले पर धारदार हथियार रखकर जान से मारने का प्रयास करना युवक को भारी पड़ गया।

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित शोभित गुप्ता युवक शाहबाद नगर के मोहल्ला कानून गौयान के रहने वाले है और विहिप के नेता है। विहिप नेता शोभित गुप्ता के अनुसार आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए एससी/एसटी एक्ट में फंसाने की भी धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित शोभित गुप्ता के अनुसार शुक्रवार देर शाम वह अपने दोस्त के साथ मंदिर जाने के लिए गाड़ी में बैठकर अन्य दोस्तों का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान पंकज उर्फ लाखन पुत्र नत्थूलाल निवासी मोहल्ला हकीमान थाना शाहबाद वहां पहुंचा। उसने शोभित की गाड़ी का शीशा उतरवाया और गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि जब शोभित ने उसे गालियां देने से रोका, तो पंकज ने एक थैली से धारदार हथियार निकालकर उनकी गर्दन पर रख दिया। आरोपी पंकज ने शोभित को जान से मारने का प्रयास किया और धमकी दी कि यदि उसने कहीं शिकायत की तो उस पर एससी/एसटी एक्ट लगवा देगा। पीड़ित शोभित गुप्ता ने तत्काल शाहबाद थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।




# महिला अस्पताल में बना 6 बेड का कोल्ड रूम

- अस्पताल परिसर में लगाए गए जगह- जगह हीटवेव के पोस्टर

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ जिला महिला अस्पताल में छह बेडों का कोल्ड रूम बनाया गया है। हीट स्ट्रोक की चपेट में आने वाले मरीजों को अस्पताल में बने कोल्ड रूम में रखा जाएगा। जहां पर गर्मी के बजाए शीतलता का एहसास हो। कोल्ड रूम में रोगियों को जरूरी दवाएं दी जाएंगी। साथ ही वार्ड में रखे फ्रिज में आइस पैक भी रिजर्व किए गए हैं। यह पैक शरीर को ठंडा रखेंगे।

जिला अस्पताल मैनेजर याकूब अली ने बताया कि हीट वेव को दृष्टि को देखते हुए इमरजेंसी वार्ड में 6 बेड को कोल्ड रूम बनाया गया है। इस रूम में एक एयरकंडीशन, चार पंखे, अल्मारी में ओआरएस घोल और आइस पैक फ्रिज में रखे गए हैं। इस रूम में रोगियों को तत्काल ही उपचार कराए जाने के इंतजाम किए गए हैं। जिससे कि रोगियों को इधर से उधर भागना नहीं पड़े।

यह शेडयूल के हिसाब से स्टाफ की तैनाती रहेगी। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.अनवर सदात ने बताया कि डिहाईड्रेशन की समस्या होने पर ओआरएस का इस्तेमाल करें। हल्के रंग के, ढीले, सूती कपड़े पहनें। अधिक गर्मी की चपेट में आने वाले बुजुर्गों, बच्चों, बीमार या अधिक वजन वाले लोगों का विशेष ध्यान रखें।


जिला महिला चिकित्सालय में बनाया गया कोल्ड रूम। -जागरण मोर्चा

# बंदरों ने बुजुर्ग महिला पर किया हमला, जख्मी

**बंदरो का आंतक**

- बुजुर्ग महिला को प्राथमिक उपचार देकर जिला चिकित्सालय कर दिया रेफर

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**शाहबाद।** शनिवार को शाहबाद नगर की एक बुजुर्ग महिला पर बंदरों के झुंड ने हमला बोल दिया, बंदरों के हमले में बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिनको उपचार के लिए परिजन शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने बुजुर्ग महिला को प्राथमिक उपचार देकर जिला चिकित्सालय रामपुर रेफर कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार मोहल्ला मस्जिद काजी निवासी अख्तरी पत्नी नन्हे अपने मकान की छत पर बैठी थी तभी बंदरों के एक झुंड ने उन पर हमला कर दिया, बंदरों के हमले में बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। बुजुर्ग महिला ने मदद के लिए शोर मचाकर घरवालों को आवाज दी।तब जाकर बन्दर मौके से भागे, महिला के परिजन उनको उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टरों बुजुर्ग महिला का टीकाकरण किया तथा प्राथमिक उपचार देकर महिला की हालत को नाजुक देखते हुए जिला चिकित्सालय रामपुर रेफर कर दिया।


शाहबाद में बंदरो के हमले में बुजुर्ग महिला। -जागरण मोर्चा

# मिलक में दुकान से घर जा रहे युवक को घेरकर पीटा, पुलिस जांच में जुटी

- गाली-गलौज का विरोध करने पर 4 लोगों ने किया हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अब्दुल्लापुर में बृहस्पतिवार रात दुकान बंद कर घर लौट रहे युवक के साथ मोहल्ले के ही चार लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शोर सुनकर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।

कोतवाली में दी गई तहरीर के मुताबिक वादी राहुल गोस्वामी निवासी मोहल्ला अस्दुल्लापुर 22 अप्रैल 2026 की रात करीब 10:30 बजे अपनी दुकान बंद कर घर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में मोहल्ले के ही सिद्धार्थ, संदीप गोस्वामी, नन्हू गोस्वामी और महेंद्र गोस्वामी ने उसे बिना किसी बात के रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। राहुल गोस्वामी ने जब इसका विरोध किया तो चारों ने एक साथ उस पर हमला बोल दिया। लात-घूसों से मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। मारपीट के दौरान राहुल के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके की तरफ दौड़े। लोगों को आता देख चारों आरोपी राहुल को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। परिजन घायल राहुल को लेकर रात में ही कोतवाली पहुंचे और चारों के खिलाफ तहरीर दी।

प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह ने बताया कि वादी राहुल गोस्वामी की तहरीर के आधार पर आरोपी सिद्धार्थ, संदीप गोस्वामी, नन्हू गोस्वामी और महेंद्र गोस्वामी के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घायल राहुल गोस्वामी को मेडिकल परीक्षण के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की विवेचना कस्बा इंचार्ज को सौंपी गई है। आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द ही चारों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस मोहल्ले के लोगों से भी पूछताछ कर घटना की असली वजह पता लगाने में जुटी है।

# जेसीबी की टक्कर से झुका बिजली पोल, तीन घंटे ठप बिजली

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** बरेली-रामपुर हाईवे स्थित भारत पेट्रोलियम पंप के पास नाले की सफाई करते समय बिजली का पोल झुक गया। जिससे सिविल लाइंस क्षेत्र की बिजली तीन घंटे के लिए आपूर्ति ठप हो गई। तीन घंटे तक बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं का हाल-बेहाल हो गया। भीषण गर्मी में एक तरफ उपभोक्ताओं का हाल-बेहाल हो गया।

शनिवार की सुबह 10 बजे करीब सिविल लाइंस बिजलीघर के सामने बने नाले की सफाई पालिका कर्मी कर रहे थे। कि इसी बीच जेसीबी मशीन की टक्कर से बिजली पोल झुक गया। जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।सूचना मिलने पर एसडीओ एमबी सिंह मौके पर पहुंचे। उधर मौके पर अधिकारियों ने जर्जर पोल को हटवाकर नया लगवाया। इस दौरान बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं का हाल-बेहाल हो गया। कड़ी मशक्कत के बाद बाधित आपूर्ति को सुचारू कराया। जेई विजयपाल सिंह ने थाना सिविल लाइंस में नगर पालिका की लापरवाही बताते हुए लिखित शिकायती पत्र दिया है।

**लापरवाही** बसपा शासनकाल में 8 लाख रुपये से हुआ था प्याऊ का निर्माण

# भीषण गर्मी में जिला अस्पताल का प्याऊ बना शोपीस, टोटी भी गायब

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** भीषण गर्मी में जिला अस्पताल का प्याऊ शोपीस बना हुआ है। स्थिति यह है कि प्याऊ की टोटियां भी गायब है। ऐसे में रोगियों को बाहर से पानी मंगाना पड़ रहा है। रोगियों को जो अस्पताल में सुविधाएं मिलनी चाहिए। वह रोगियों को मयस्सर नहीं हो रही है। यह स्थिति जब है कि गर्मी में लोगों को जीना मुहाल है।

एक तरफ अस्पताल प्रशासन रोगियों को सुविधाएं दिलाने के बड़े बड़े दावे कर रहा है। लेकिन अस्पताल के खराब प्याऊ ने इन दावों की पोल खोल दी है। इस ओर अस्पताल प्रशासन का ध्यान भी नहीं है। जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट के सामने प्याऊ है। इसका निर्माण वर्ष 2007 में बसपा सरकार में आठ लाख रुपये की लागत से हुआ था। यहां पर मोटर और प्याऊ के पीछे 5000 लीटर पानी का टैंक भी है। यह प्याऊ गर्मियों में ठंडा, सर्दियों में गर्म पानी देता है। लेकिन अब यह वर्तमान स्थिति में शोपीस है। प्याऊ की टोटी भी गायब है। ऐसे में अस्पताल में आने वाले रोगियों को पानी भी पैसों का पीना पड़ रहा है। ऐसे में रोगियों को पानी पीने को नहीं मिल रहा है।



जिला अस्पताल में बना प्याऊ। -जागरण मोर्चा


प्याऊ के पीछे रखा 5000 लीटर टैंक। -जागरण मोर्चा

"ऑक्सीजन प्लांट के सामने बने प्याऊ की स्थिति के बारे में जानकारी ली जा रही है। इसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है।-डॉ. बीसी सक्सेना, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक।

# नारी शक्ति के समर्थन में भाजपा का प्रचंड प्रदर्शन, विपक्ष का फूंका पुतला

## कैबिनेट मंत्री ने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी और डीएमके पर तीखा हमला बोला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा शनिवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में एक व्यापक और प्रभावशाली कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें प्रेस कॉन्फ्रेंस, महिला सम्मेलन, विशाल पैदल मार्च एवं विपक्ष का पुतला दहन जैसे कई कार्यक्रम शामिल रहे। पूरे आयोजन में भारी संख्या में महिलाओं एवं कार्यकर्ताओं की भागीदारी ने इसे जनआंदोलन का स्वरूप दे दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रेस कॉन्फ्रेंस से हुई। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा मुख्य अतिथि रहे। प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने संसद में 16 और 17 अप्रैल को हुए घटनाक्रम को देश की महिलाओं के साथ खुला अन्याय बताते हुए कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी और डीएमके पर तीखा हमला बोला।


प्रेसवार्ता करते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा



पैदल मार्च निकालती महिलाएं। -जागरण मोर्चा

उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम और उससे जुड़े विधेयकों का विरोध कर विपक्षी दलों ने यह साबित कर दिया है कि वे महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार देने के पक्ष में नहीं हैं। जब महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी देने का ऐतिहासिक अवसर आया, तब विपक्ष ने राजनीतिक स्वार्थ के चलते उसे रोकने का काम किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद आयोजित महिला सम्मेलन में क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सुनील कुमार शर्मा जी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मिलक विधानसभा की लोकप्रिय विधायक राजबाला उपस्थित रहीं।महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। महिलाओं को नीति-निर्माण में समान भागीदारी देना उनका अधिकार है, कोई उपकार नहीं।वहीं विधायक राजबाला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसने जमीनी स्तर से लेकर संसद तक महिलाओं को सम्मान और अवसर देने का कार्य किया है।

उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये दल केवल महिलाओं के नाम पर राजनीति करते हैं, जबकि वास्तविकता में उनके अधिकारों को बाधित करने का काम करते हैं।सम्मेलन के पश्चात भाजपा कार्यकर्ताओं एवं महिलाओं द्वारा एक विशाल पैदल मार्च निकाला गया। जिसमें नारी शक्ति जिंदाबाद महिलाओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। यह मार्च क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से होता हुआ आगे बढ़ा, जिसमें जनसैलाब उमड़ पड़ा।मार्च के दौरान कार्यकर्ताओं ने विपक्षी दलों के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट करते हुए उनका पुतला दहन किया।

इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने एक स्वर में महिला-विरोधी राजनीति के खिलाफ आवाज बुलंद की और संकल्प लिया कि ऐसे दलों को आने वाले चुनावों में मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में भाजपा नेताओं ने स्पष्ट कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण का प्रतीक है। इसे रोकने का हर प्रयास देश की आधी आबादी के साथ अन्याय है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी ने दोहराया कि वह महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उन्हें समान भागीदारी दिलाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी और इस मुद्दे पर किसी भी विरोध का लोकतांत्रिक तरीके से कड़ा जवाब दिया जाएगा।

### यह लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर संभल की जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव, ब्लॉक प्रमुख राजबाला, पारुल गुप्ता, शकुंतला लोधी, डोली रंधावा, पूजा शर्मा, स्फूर्ति जैन, श्वेता शर्मा, श्रेया मदान, मनु सक्सेना, जगपाल यादव, आकाश सक्सेना, विकास दीक्षित, प्रमोद आहूजा, प्रदीप गुप्ता, कुंवर बहादुर राजपूत, कृष्ण अवतार लोधी ,अमित दिवाकर ,आशीष गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी एवं प्रमुख कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना

# निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

- इच्छुक एवं पात्र कारीगर विभागीय वेबसाइट पर 15 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव ने बताया कि उप्र सरकार की महत्वाकांक्षी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के पारम्परिक कारीगरों—जैसे बढ़ई, नाई, दर्जी, लोहार, धोबी, राजमिस्त्री एवं हलवाई आदि को 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के साथ आधुनिक तकनीक पर आधारित उन्नत टूलकिट भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक एवं पात्र कारीगर विभागीय वेबसाइट पर 15 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक अपने आवेदन पत्र को आवश्यक दस्तावेजों सहित कार्यालय में जमा कर सकते हैं।योजना के अंतर्गत आवेदन करने के लिए आवेदक का जनपद का निवासी होना अनिवार्य है।उसकी न्यूनतम आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। आवेदक संबंधित ट्रेड अथवा पारम्परिक दस्तकारी व्यवसाय से जुड़ा होना चाहिए। एक परिवार से केवल एक ही सदस्य इस योजना का लाभ ले सकता है तथा पात्रता के लिए जाति एकमात्र आधार नहीं होगी। आवेदन के लिए आधार कार्ड आधार से लिंक मोबाइल नंबर सहित, बैंक पासबुक की छायाप्रति, पासपोर्ट साइज फोटो तथा परम्परागत कारीगर होने का प्रमाण पत्र (ग्राम प्रधान नगर निकाय प्रतिनिधि द्वारा जारी अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त आवेदक को यह शपथ-पत्र भी देना होगा कि उसने पूर्व में किसी प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत टूलकिट एवं मानदेय का लाभ प्राप्त नहीं किया है।अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, रामपुर कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### एक नजर

**मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत नि:शुल्क कोचिंग के आवेदन आमंत्रित**

**रामपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञा बाजपेयी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत जनपद में नि:शुल्क कोचिंग का संचालन राजकीय रजा इंटर कॉलेज में किया जा रहा है। इस योजना के तहत शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए सिविल सेवा परीक्षा, नीट-यूजी एवं विभिन्न वन डे परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है।बताया कि इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। अभ्यर्थी कमरा संख्या 13, कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन, रामपुर में प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए अभ्यर्थियों को पासपोर्ट साइज फोटो तथा कक्षा 10वीं, 12 वीं एवं स्नातक की अंकतालिकाओं की छायाप्रति साथ लानी होगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि यह योजना पूर्णत: नि:शुल्क है, जिसमें अभ्यर्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के साथ-साथ पुस्तकालय की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

# समाजवादी नेता रामबहादुर ने किया अम्बेडकर जयंती समारोह का शुभारंभ


फीता काटकर उद्घाटन करते सपा नेता रामबहादुर सागर। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर शाहबाद तहसील के ग्राम अलफ़गंज में एक भव्य कार्यक्रम और रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे समाजवादी नेता रामबहादुर शामिल हुए और फीता काटकर रैली का विधिवत शुभारम्भ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामबहादुर ने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने आजादी के समय थे। उन्होंने कहा, "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" का नारा ही समाज के उत्थान का एकमात्र मार्ग है। फीता काटने के बाद शुरू हुई इस रैली में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और समाजवादी कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली से पूर्व डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

नेता रामबहादुर ने स्थानीय लोगों से संवाद किया और बाबा साहब के पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया। जय भीम' के नारों के साथ पूरा अलफ़गंज गांव गुंजायमान रहा। इस मौके पर अम्बेडकर वाहिनी के विधानसभा प्रभारी रोहित सागर, प्रमोद कुमार आदि रहे।

### चोरी के बेट्रे के साथ दो गिरफ्तार

**रामपुर।** थाना गंज पुलिस ने चोरी किए बेट्रे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सलीम समेत एक अज्ञात को गी मोड से आगे दुकान के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी किए माल भी बरामद किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई कर कोर्ट में पेश कर दिया है। जहां से कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया है।


बैट्रा चोरी करने के अभियोग में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार।

# कार्यकाल बढ़ाने को लेकर प्रधानों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में कार्यकाल बढ़ाने की मांग की है। प्रधानों ने संगठन के जिलाध्यक्ष हरजीत सिंह पर दर्ज मुकदमे के खिलाफ भी आवाज उठाई है।


ज्ञापन देते राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपाध्यक्ष काशिफ खां, चमरौआ ब्लॉक अध्यक्ष मनीष लोधी और सैदनगर ब्लॉक अध्यक्ष जवाब हुसैन के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव आगे बढ़ाए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है, जिसको लेकर प्रदेश के सभी ग्राम प्रधान चिंतित हैं। वर्तमान ग्राम प्रधान लोकतांत्रितक प्रक्रिया के तहत निर्वाचित हुए हैं और ग्राम पंचायत के विकास को गति देने में लगातार सक्रिय हैं।

वर्तमान प्रधान अपनी अपनी ग्राम पंचायतों में जनता से जुड़ी समस्याओं से भी परिचित हैं। प्रधान विकास कराने व समस्याओं के निस्तारण कार्य का भी अनुभव रखते हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने पर ग्राम पंचायतों में प्रशासकों की नियुक्ति के बजाय वर्तमान ग्राम प्रधानों का ही कार्यकाल आगे बढ़ाया जाना चाहिए। पूर्व में प्रशासक नियुक्ति किए जाने की व्यवस्था सफल नहीं रही है। ग्राम प्रधान ही पूरी तरह से अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदार और जवाबदेह हैं। इसलिए मौजूदा प्रधानों का ही कार्यकाल बढ़ाया जाना उचित रहेगा।प्रधानों के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक को भी ज्ञापन दिया, जिसमें संगठन के जिलाध्यक्ष हरजीत सिंह पर दर्ज मुकदमे में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की गई है। प्रधानों ने जिलाध्यक्ष पर दर्ज मुकदमे को गलत बताया है।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश: मुख्य विकास अधिकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र ने बताया कि आगामी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर जनपद में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए प्रदेश के सभी विभागों, जिला प्रशासन एवं सम्बद्ध संस्थानों के सरकारी कर्मचारियों, उनके परिवारजनों तथा आमजन को लाइव योग सत्रों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ समस्त कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों को योग दिवस कार्यक्रम के प्रति जागरूक करें तथा अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित कराएं।मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा जारी आधिकारिक लिंक

पर अधिक से अधिक लोगों का पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही टोल-फ्री नंबर 18003157008 का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि आमजन को इस अभियान से जोड़ा जा सके।उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी संबंधित विभाग अपने स्तर पर की गई कार्यवाही की स्पष्ट आख्या रिपोर्ट आगामी 2 कार्य दिवस के भीतर कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं जिससे शासन को समयबद्ध रूप से जानकारी प्रेषित की जा सके। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने हेतु सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करें और इसे जन-आंदोलन के रूप में व्यापक जनभागीदारी के साथ संपन्न कराएं।

### स्विमिंग पूल में नहाने गए युवक का सिर टाइल्स से टकराया, जख्मी

**शाहबाद।** शनिवार को दोस्तो संग स्विमिंग पूल में नहाने युवक का सिर स्वामिंग पूल की टाइल्स से टकराने के बाद जख्मी हो गया। जिसको इलाज के लिए दोस्तो ने निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। मिली जानकारी के अनुसार बदायूं जनपद का दिनेश शाहबाद क्षेत्र में अपनी रिश्तेदारी में आया हुआ था, शनिवार को गर्मी ज्यादा होने के चलते वह अपने दोस्तों के साथ चंदपुरा सालिस गांव में स्विमिंग पूल में नहाने चला गया। जैसे ही युवक ने नहाना शुरू किया।

अचानक उसका सिर स्वामिंग पूल में लगी टाइल्स से टकरा गया। हादसे में युवक दिनेश बुरी तरह जख्मी हो गया। जिसको दोस्तों ने उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां उसका उपचार किया। उधर स्विमिंग पूल स्वामी ने अपने यहां इस तरह की घटना होने से इंकार कर रहा था।

**नारेबाजी** जल्द निस्तारण के लिए सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

# किसानों ने समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट में किया विरोध प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अंबावता से जुड़े कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। उसके बाद पार्क में हुई पंचायत में किसानों का कर्ज माफी डॉक्टर स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश लागू 300 यूनिट बिजली फ्री, घरेलू, आवारा पशुओं के आतंक से निजात गन्ना किसानों को 500 कुंतल दिया जाए, जैसे मुद्दे उठाए।


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते किसान। -जागरण मोर्चा

पंचायत के बाद सभी कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट की सीढ़िया पर पहुंचे।भारतीय किसान यूनियन अंबावता जिंदाबाद किसानों के कर्ज माफ करो, आवारा पशुओं से किसानों के एवं किसानों की फसल को बचाव जैसे नारे लगाएं। सिंचाई विभाग द्वारा नहरों की सफाई के नाम पर शासन आया। पैसा बिना काम के नहर में पानी ना छोड़ना किसानों के साथ जुल्म है। इस समय नहरे सूखी पड़ी हैं। 7 सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को दिया।शीघ्र सभी समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। जिला स्तरीय किसानों की जो समस्याएं हैं अगर उन्हें अति शीघ्र नहीं निपटाया गया तो बड़ा आंदोलन होगा। प्रदर्शन करने वालों में मोहम्मद उमर अली, रईस अहमद, शरीफ अहमद, अशरफ अली, मोहम्मद गुलवेज, फरमान अली, इरफान अली, फरहत अली खान, शकील अहमद, शाकिर अली, हरपाल सिंह यादव, आरिफ अली, मुबारक हसन, रिजवान अली, मोहम्मद अहमद, इमरान ख़ान, जगतार सिंह, जोरा सिंह, राजवीर, लियाकत खान असलम लखविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# मौत को दावत देता बिजली का पोल

- 3 साल से रस्सी-तार के सहारे टिका

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** नगर पालिका क्षेत्र के मोहल्ला नगरिया वार्ड नंबर 18 में लापरवाही का बड़ा नमूना सामने आया है। यहां पिछले तीन साल से एक बिजली का पोल रस्सी और तार के सहारे झूल रहा है। बड़ा हादसा कभी भी हो सकता है, लेकिन नगर पालिका और बिजली विभाग के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही।

मोहल्ले वासियों ने बताया, कि पोल इतना जर्जर हो चुका है कि तेज हवा में झूलने लगता है। हमने 10 से ज्यादा बार नगर पालिका और बिजली घर में शिकायत की, पर हर बार सिर्फ आश्वासन मिला।" मोहल्ले की गली इतनी संकरी है कि पोल गिरा तो सीधे घरों पर गिरेगा। स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों का इस रास्ते से निकलना दूभर हो गया है। महिलाएं बताती हैं कि बारिश के दिनों में करंट का डर और बढ़ जाता है। मोहल्ले वालों का आरोप है कि 2023 में आंधी से पोल टेढ़ा हुआ था। तब विभाग ने खानापूर्ति के लिए उसे तार से बांध दिया। तब से आज तक कोई सुध लेने नहीं आया। क्या प्रशासन किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है।


मोहल्ला नगरिया वार्ड नंबर 18 में जर्जर पोल।

### रामपुर में किया परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना के आदेशानुसार महिला थाने में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया। पति-पत्नी से संबंधित विवादों में काउन्सलिंग कराई।24 प्रकरण सीमित द्वारा सुने गए। जिसमें 7 प्रार्थना पत्रो में समिति द्वारा सुलह समझौता कराया।

3 पत्रावली निरस्त की। 6 पत्रावली विधिक न्यायालय प्रेषित की।8 प्रार्थना पत्रों में अग्रिम तिथि नियत कर समझौते का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान काउन्सलर अवतार सिंह, डॉ. किसवर जहां, मीना सिंह, नीना साहनी काउन्सलिंग समिति में उपस्थित रहे।

# क्विज प्रतियोगिता में ग्रीनवुड स्कूल के छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम

## सीबीएसई के 11 स्कूलों के बच्चों ने लिया था हिस्सा, विज्ञान प्रश्नोत्तरी का संचालन सालिक अलमासी और अरीबा खान ने किया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। शनिवार को ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में साइंस क्विज का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पृथ्वी दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी इस इस विज्ञान प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में मेजबान ग्रीनवुड स्कूल सहित सीबीएसई के 11 स्कूलों ने भाग लिया। इस साइंस क्विज प्रतियोगिता में ग्रीनवुड स्कूल के दोनों वर्गों कक्षा 6 से 8 तथा 9 से 12 की टीम ने खिताब पर कब्जा जमाया।

इस प्रतियोगिता निम्नलिखित टीमों ने भाग लिया। जिसमें व्हाइटहॉल स्कूल,डीएमए, ईस्ट वेस्ट स्कूल,स्मार्ट इंडियन, साईसेकेंडरी ,सेटमेरी ,ग्लोबल स्कूल,सेट पॉल्स स्कूल, लीड इंडिया और ग्रीनवुड के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया ।कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान, ज्वाइंट डायरेक्टर समीना खान और प्रधानाचार्य नीरज तिवारी ने किया। प्रतियोगिता में विज्ञान से जुड़े अनेक रोचक प्रश्न पूछे गए सभी प्रतियोगियों ने उत्साह पूर्वक उत्तर दिए। प्रतियोगिता चार राउंड में आयोजित की गई। जिसमें बजर राउंड, टाइम बाउंड, पिक्चर राउंड, और रैपिड फायर राउंड थे। बच्चों ने विज्ञान से संबंधित प्रश्नों पर मंथन करके उत्तर दिए। विद्यार्थियों ने बहुत उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाली टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।


पुरस्कार के साथ मौजूद व्हाइटहॉल के छात्र-छात्राएं एवं मुख्य ग्रीनवुड स्कूल के प्रधानाचार्य।


विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया ।अंत में स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान, और प्रधानाचार्य नीरज तिवारी नें सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा की। यह विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता बहुत ज्ञानवर्धक और मनोरंजन रही। प्रतियोगिता में शामिल सभी स्कूल के बच्चों और शिक्षकों को पौधे वितरित किए गए। विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाली टीम इस प्रकार रही। जिसमें कक्षा 6 से 8 वर्ग ग्रीन वुड स्कूल,डीएमए और तीसरे स्थान पर सेंटमेरी रहा। कक्षा 9 से 12 वर्ग में प्रथम स्थान पर ग्रीन वुड स्कूल,दूसरे स्थान पर स्मार्ट इंडियन स्कूल और तीसरे स्थान पर व्हाइटहॉल स्कूल रहा।

इस विज्ञान प्रश्नोत्तरी का संचालन सालिक अलमासी और अरीबा खान ने किया। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य शकील अहमद, हेड मिस्ट्रेस परवीन खान, मुदित शर्मा, तुषार अग्रवाल, सबीहा नाज़, एहतेराम अली, फिरोज हैदर, विनय केवट, ध्रुव नारायण, आदिल बेग, मोहम्मद साऊद, सुमित राय, अब्दुल हमीद सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# अभियान: महिलाओं को पढ़ाया कानून का पाठ

- कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ के बारे में किया जागरुक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। मिशन शक्ति फेस - 5.0 अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए को महिला सुरक्षा दल जनपद रामपुर द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।

जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन,181 महिला हेल्पलाइन,112 आपातकालीन सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया आदि ।मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं,बालिकाओं को पंपलेट, कॉमिक्स एवं जागरूकता सामग्री वितरित की। ताकि वे अपने अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों को आसानी से समझ सकें। आवश्यकता पड़ने पर उनका प्रभावी उपयोग कर सकें ।



महिलाओं को जागरूक करती पुलिस कर्मी। -जागरण मोर्चा

# 50 टीबी रोगियों को दी पोषण आहार किट

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत टीबी मरीजों को पोषण आहार वितरण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें क्षय रोग से जूझ रहे मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य के लिये पोषण आहार किट वितरित की गई।

कार्यक्रम के दौरान कुल 50 लाभार्थियों को पोषण आहार किट प्रदान की गई। इसमें सदर ब्लॉक के 8 मरीज, स्वार ब्लॉक के 42 मरीज शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी लाभार्थियों को उनके स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर किट का वितरण किया गया। सेवा हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ. सुफिया जफर, डॉ. मुसर्रत मुजीब की ओर से आयोजित किया गया। उन्होंने निक्षय मित्र के रूप में अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए मरीजों को उच्च प्रोटीन और विटामिन युक्त खाद्य सामग्री प्रदान की। डॉ. सुफिया जफर ने कहा कि टीबी के इलाज में दवाओं के साथ-साथ सही पोषण का होना अत्यंत अनिवार्य है। समाज के सक्षम लोगों द्वारा मरीजों को गोद लेना। इस अवसर पर उप जिला क्षय रोग अधिकारी, डॉ. सतवीर सिंह, अख्लाक अली समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।



जिला क्षय रोग केंद्र में रोगी को किट देतीं डॉ. मुसर्रत मुजीब।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में इंडियन क्रिकेट क्लब बना चैंपियन

**टांडा**। नगर के मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे रॉयल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच सलाफी क्रिकेट क्लब दढ़ियाल और इंडियन क्रिकेट क्लब टांडा के बीच खेला गया। दढ़ियाल क्लब ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय किया। इंडियन क्लब ने निर्धारित 14 ओवर में 5 विकेट के खोकर 144 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया ।टांडा के बल्लेबाज सगीर माया ने 33 रन, उज़ैफा ने 28 रन ,जावेद लालू ने 27 रन बनाए और 145 रन के टारगेट का पीछा करते हुए दढ़ियाल की पूरी टीम लड़खड़ा गई और 94 रन पर आउट हो गई ।इस तरह यह मैच 50 रन से इंडियन क्लब टाण्डा जीत कर चैंपियन बना। मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार इंडियन क्लब के खिलाड़ी उज़ैफा को दिया गया ।मुख्य अतिथि के तौर पर क्षेत्रीय विधायक शफीक अहमद अंसारी ने शिरकत की ।उनके द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 10000 रुपये और उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 5000 का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। एम्पायर शादाब कुरैशी और नाजिम फरीदी रहे।

# आज का दिन पुस्तकालय के लिए गौरवपूर्ण: डॉ पुष्कर मिश्र

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। रजा पुस्तकालय में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक समझौता इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत जागरण मोर्चा कार्यालय रामपुर।रजा पुस्तकालय में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

यह समझौता रजा पुस्तकालय, वृंदावन शोध संस्थान, वृंदावन, मथुरा तथा ख़्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा के मध्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर तीनों संस्थानों के बीच अनुसंधान, अनुवाद, प्रदर्शनी, सेमिनार,संगोष्ठी एवं अन्य शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए सहमति व्यक्त की गई। यह समझौता ज्ञापन भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण, संवर्धन एवं वैश्विक प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा ।समारोह में वृंदावन शोध संस्थान, वृंदावन, मथुरा से निदेशक डॉ. राजीव द्विवेदी एवं प्रशासनिक अधिकारी रजत शुक्ला ने कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन रजा पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र के कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर रज़ा पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज का दिन पुस्तकालय के लिए गौरवपूर्ण है ।उसके दीर्घकालिक स्वप्न की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिसमें 21 से अधिक भाषाओं और विभिन्न विषयों—जैसे आयुर्वेद, यूनानी, राजनीति एवं समाजशास्त्र—से संबंधित महत्वपूर्ण सामग्री उपलब्ध है।


दीप जलाकर कार्यक्रम का आगाज करते डॉ. पुष्कर मिश्र। -जागरण मोर्चा

डॉ. मिश्र ने कहा कि रजा पुस्तकालय की मूल दृष्टि समन्वय और सह-अस्तित्व पर आधारित है। यह संस्थान विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और परंपराओं के बीच संवाद स्थापित करने का माध्यम है। संगीत, चित्रकला, मूर्तिकला, लेखन और कैलिग्राफी में उनकी गहरी रुचि रही है। इस अवसर पर ख़्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति डॉ. अजय तनेजा ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह समझौता इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत है। जिसकी स्थापना 2014-15 में हुई और वर्तमान में यहां सात संकायों के लगभग 34 विभागों में पांच हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं ।डॉ. तनेजा ने कहा कि इसके माध्यम से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों को पुस्तकालय के समृद्ध साहित्य एवं सांस्कृतिक विरासत तक पहुंच प्राप्त होगी, जिससे शोध एवं नवाचार को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि यह सहयोग केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि शोध, अकादमिक गतिविधियों तथा परस्पर भ्रमण (एक्सचेंज) कार्यक्रमों को भी प्रोत्साहित करेगा।

# सैफनी में धूमधाम के साथ निकली अम्बेडकर शोभायात्रा

- डॉक्टर अंबेडकर के बताए रास्ते पर चलने का किया आह्वान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैफनी**। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती 135 वीं हर्षोल्लास से मनाई। बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर एक शोभायात्रा निकाली गई ।वहीं इसके साथ विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इसमें समाज के महापुरुषों के बारे में बताए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। शनिवार को नगर में अम्बेड़कर जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। वहीं, इस अवसर कस्बे में अम्बेडकरशोभायात्रा भी निकाली गयी। शोभायात्रा का शुभारम्भ शाहबाद-बिलारी मार्ग पर डा. अनीक बेग के सामने से हुआ। नगर अध्यक्ष फैजान खान ने फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभयात्रा में शामिल डा. भीमरावअम्बेडकर, झांसी की रानी, भारत माता, भगवान गौतम बुद्ध, अशोक सम्राट, महाराणा प्रताप, भगत सिंह ,चन्द्रशेखर आजाद आदि की झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं।


शोभायात्रा में सजी झांकी।

शोभायात्रा का जुलूस गत वर्षों की भांति कस्बे के विभिन्न परम्परागत रास्तों से होता हुआ बस स्टैंड परअम्बेडकरप्रतिमा के सामने पहुंचकर सम्पन्न हुआ ।अम्बेडकरप्रतिमा के सामने एक गोष्ठी का आयोजन भी हुआ। जिसके बाद विचार गोष्ठी में पहुंचे मुख्य अतिथियों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान गोष्ठी में बोलते हुए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया साथी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्श शिक्षक होकर समाज विकसित करने की अपील की गई।

वहीं वक्ताओं ने भी अपने विचार रखते हुए बाबा साहब के आदर्शों पर चलने की आह्वान किया ।इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष मनोज कुमार, महामंत्री रामाधार सागर,उपाध्यक्ष देवराज आजाद,कार्यक्रम की अध्यक्षता विजयपाल सिंह,संचालन कर्ता राधेश्याम राही आदि लोग मौजूद रहें।


शोभायात्रा में सजी झाकियां व शामिल लोग। -जागरण मोर्चा

# दावत से लौट रहे पांच युवकों से की मारपीट , रिपोर्ट दर्ज


मारपीट के बाद रोड पर लगी भीड। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। अजीमनगर थाना क्षेत्र के खौद पुलिस चौकी से महज 500 मीटर की दूरी पर दबंगों ने सरेआम कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए खौफनाक वारदात को अंजाम दिया ।दावत खाकर घर वापस लौट रहे पांच युवकों को पहले दबंगों ने सुनियोजित तरीके से मोटरसाइकिल से जोरदार टक्कर मारी। फिर नीचे गिरे युवकों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस हमले में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

पीड़ित युवकों की पहचान काशीपुर निवासी हमजा, मोहम्मद नबी, मुहम्मद शोएब, छुट्टन और आसिम के रूप में हुई है ।घायलों के परिजनों ने बताया कि हमलावरों में गांव के ही बाबर, अजहर, भूरा पुत्र रईस अहमद, शोएब, उवैस पुत्र परवेज, आसिम पुत्र छोटे के साथ-साथ हकीम गंज के प्रधान का भाई वसीम उर्फ गांधी भी शामिल था ।हमलावरों ने पहले अपनी कार से सड़क पर उनकी बाइक को टक्कर मारकर गिराया, और फिर नीचे उतरकर उन पर जानलेवा हमला कर दिया ।वारदात के दौरान एक युवक मोहम्मद नबी के पैर में गोली लगी है, जबकि अन्य चार युवक हमले में गंभीर रूप से चोटिल हुए हैं।

घटना को अंजाम देने के बाद सभी हमलावर हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए ।चौकी के पास हुई इस सनसनीखेज वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। घायलों को तुरंत उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

परेशानी | कई-कई दिन तक कॉलोनी में पड़ रहता है कूड़ा

# आसरा कॉलोनी में गंदगी का अंबार, लोगों का जीना दुश्वार


कालोनी में सड़क किनारे लगा कूड़े का ढेर। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। नगर पालिका परिषद के जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण डूंगरपुर की आसरा कॉलोनी में जगह-जगह गंदगी पसरी हुई है। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि समस्याओं का बोलबाला रहता है। कभी पानी समस्या, तो सफाई न होना आम है। बेतहाशा गर्मी पड़ रही है। गर्मी में मौसम में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए है। जिससे लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। नालियों में गंदा, बदबूदार पानी बह रहा है। कॉलोनी वासियों का कहना है कि वार्ड सभासद से कहा गया है कि हमारे पास तीन सफाई कर्मचारी है पता नहीं कब आते है कब सफाई करके चले जाते हैं। 10 दिन से अधिक का समय हो चुका है कोई सफाई नहीं हुई है।

## बोले लोग


आसरा कॉलोनी में गरीब लोग निवास करते हैं,इस कॉलोनी में भी सफाई-पानी की व्यवस्था सुचारू रखी जाए, जिससे कि लोगों को कोई दिक्कत न हो । -**शम्स खां**


कॉलोनी में साफ-सफाई न होने से बीमारियां फैलने का अंदेशा है। पालिकाध्यक्ष को चाहिए कि कॉलोनी में साफ-सफाई का ध्यान रखें।
-**मुनीर अहमद**


समाजसेवी मामून शाह खां से मांग कि शहर की तरह आसरा कॉलोनी आकर हाल देखें। कि यहां कॉलोनी की समस्या का समाधान कराएं।
- **अलीम अंसारी।**


वर्ष 2018 में आजम खां की सरकार में कॉलोनी बनी थी। जब से कॉलोनी की अब तक कोई मरम्मत नहीं हुई है। अधिकारियों को चाहिए कि कालोनी का ध्यान रखा जाए ।- **मोहम्मद दानिश**

## एक नजर

### मरीज ले जाने को लेकर दो एंबुलेंस चालकों में मारपीट

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के सुभाष रोड पर निजी हास्पिटल के बाहर मरीज ले जाने को लेकर दो एंबुलेंस चालकों में मारपीट हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची, तो एक पक्ष मौके से फरार हो गया। जबकि दूसरे पक्ष की ओर घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सुभाष रोड पर तीन-चार निजी हास्पिटल हैं, इन हास्पिटल के बाहर एंबुलेंस भी खड़ी होती है। सुभाष रोड पर शुक्रवार की देर रात एक हास्पिटल से एक को ले जाने को लेकर दो एंबुलेंस चालकों में कहासुनी होने लगी। बात बढ़ी तो दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। दोनों पक्षों के अन्य लोग भी मौके और जमकर मारपीट हुई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो एक पक्ष पुलिस को देख मौके से फरार हो गए। जबकि दूसरे पक्ष की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई है।

### आम आदमी पार्टी की कार्यकारिणी घोषित

**चन्दौसी।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद व प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने जनपद संभल की जिला कार्यकारिणी को मनोनीत पदाधिकारियों की सूची प्रांत अध्यक्ष इंजीनियर हैदर रुहेलखंड की संस्तुति पर जिलाध्यक्ष सचिव कुमार को जारी कर दी है। जिसमें ऐहतशाम अहमद को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मोहम्मद अय्यूब खान को महासचिव, धर्मेंद्र साग, धर्मेंद्र याद, संजीव कुमार गोयल, मोहम्मद मुशाहिद, अनुज आहूजा, पप्पू सिंह, देव गौतम को जिला उपाध्यक्ष, नफीस अहमद, अनवर मियां, विनीत कुमार, नरेंद्र कुमार यादव, उस्मान मास्टर व विपिन गोयल को जिला सचिव, प्रमोद कुमार को कोषाध्यक्ष, वीर सिंह, अमरपाल, रघुनंदन, राजेश गौतम, गोपेश, हिमांशु को कार्यकारिणी सदस्य, उमेश कुमार को जिला मीडिया प्रभारी, सिंटू बघेल को विधान सभा चन्दौसी प्रभारी, ओमपाल सिंह को विधान सभा गुन्नौर प्रभारी, इकबाल अल्वी को विधान सभा असमोली प्रभारी, ओमवीर को विधान सभा संभल प्रभारी मनोनीत किया है।

# तीन छात्रों ने दूसरे छात्र के शौच वाले स्थान पर घुसाई लोहे की वस्तु, गंभीर

## घायल छात्र के पिता ने आरोपी तीनों छात्रों के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट

- विद्यालय में विवाद के बाद घर जाते समय दिया घटना को अंजाम

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव आटा के एक विद्यालय में छात्रों के विवाद हो गया। विद्यालय की छुट्टी होने पर घर जा रहे एक 10 वर्षीय छात्र के तीन छात्रों के शौच वाले स्थान पर लोहे की वस्तु घुसा दी। जिससे छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के पिता की ओर से आरोपी तीन छात्रों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।



निजी हास्पिटल में भर्ती घायल छात्र। -जागरण मोर्चा

गांव आटा निवासी नरेश का 10 वर्षीय छात्र श्याम सुंदर गांव के विद्यालय में कक्षा 6 का छात्र है। 17 अप्रैल को विद्यालय में इंटरवैल में श्याम सुंदर दूसरे छात्र से किसी बात पर विवाद हो गया। इसके बाद शिकायत मिलने पर विद्यालय के अध्यापक द्वारा मामला को निपटा दिया गया। दोपहर को जब श्याम सुंदर अपने घर जा रहा था, तो रास्ते में आरोपी छात्र ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर श्याम सुंदर को घेर लिया और हाथ-पैर पकड़कर उसके शौच करने वाले स्थान में लोहे की वस्तु डाल दी और आरोपी फरार हो गए।

जिससे छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुंचे और छात्र को उपचार के निजी हास्पिटल में उपचार चल रहा है। छात्र के पिता की ओर से आरोपी तीन छात्रों के विरुद्ध बनियाठेर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## संगठन को मजबूत बनाने व खेल गतिविधियों को बढ़ाना का लिया संकल्प



क्रीडा भारती की बैठक में बोलते वक्ता। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** क्रीड़ा भारती की फव्वारा चौक पर हुई जनपदीय बैठक में आवश्यक जानकारी साझा की गई। बताया 24 अप्रैल से क्रीड़ा भारती का वार्षिक सदस्यता अभियान प्रारंभ हो चुका है। जिसमें वार्षिक सदस्यता शुल्क 100 रुपये हैं, जो कि आनलाइन पंजीकरण द्वारा जमा किया जाएगा। इस संस्था का उद्देश्य युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ना एवं खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी गतिविधियों तथा लक्ष्य प्राप्ति को रणनीति पर चर्चा की गई। साथ ही विभिन्न पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों के अनुसार कार्य सौंपे गए। अंत में सबने मिलकर संगठन को मजबूत बनाने एवं खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनिल कपूर, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल गुप्ता, महामंत्री डा. गौरव मिश्रा, जिलामंत्री संजीव सिंह, अशोक पाठक भूदेव शंखधार, खुशाल सिंह, अमित कुमार, अनुज कुमार सिंह, अंकुर गोयल, यशपाल शर्मा मौजूद रहे।

## पत्नी के आतंक से तंग होकर युवक ने लगाई फांसी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**गजरौला।** गजरौला थाना क्षेत्र के मोहल्ला सुल्तान नगर में धर्मपाल सिंह का परिवार रहता है। धर्मपाल सिंह में अपने पुत्र अमित कुमार की शादी मंडी धनौरा क्षेत्र के गांव चुचेला कला निवासी रेनू के साथ की थी। शादी के बाद से ही रेनू और पति अमित कुमार के बीच कहासुनी होती रहती थी।

काफी समझाने के बाद भी रेनू अमित कुमार के साथ नहीं रह रही थी और वह उसके ऊपर तरह-तरह के आरोप लगाकर मुकदमे दर्ज कर रही थी। जिसकी वजह से अमित कुमार काफी परेशान था। इसी से तंग आकर शनिवार को करीब 12 बजे के आसपास में अमित कुमार ने फांसी लगाकर



आत्महत्या करने का प्रयास किया। उससे पहले उसने अपना एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमे हड़कंप मच गया। वीडियो में अमित कुमार ने बताया है कि वह अपनी पत्नी रेनू और उसके परिवार के लोगों से काफी परेशान है इसलिए आत्महत्या कर रहा है।

## पशुशाला में लगी आग से सात पशु झुलसे

- दमकल ने पहुंच पाया आग पर काबू

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव गुरगांव में शनिवार की सुबह पशुशाला के छप्पर में आग लग गई। जिससे पशुशाला में बंधे 7 पशु झुलस गए। मौके पर पहुंची दमकल ने पानी की बौछार मार आग पर काबू पाया।

गांव गुरगांव में किसान सुनहवीर पुत्र नत्थू सिंह अपने परिवार के साथ रहता है। घर के पास ही उसने पशुशाला बना रखी है। जिसमें ऊपर से छप्पर पड़ा है। जिसमें पशु बाधे जाते हैं। शनिवार की सुबह 10.30 बजे



किसान की पशुशाला के छप्पर में आग लग गई। छप्पर से आग लटकें निकलती देख ग्रामीणों ने शोर मचाया शुरू कर दिया। आनन-फानन में पशुशाला में बंधे पशुओं को बाहर निकाला गया। मगर जब तक 7 बजे आग की लपटों में झुलस गए। घटना की सूचना पर पहुंची दमकल ने पानी की बौछार मारकर आग पर काबू पाया। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घटना की जानकारी की।

## रोटरी क्लब ने किया विद्यालय में स्मार्ट क्लास का उद्घाटन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** रोटरी क्लब लक्ष्या की ओर से डिस्ट्रिक्ट ग्रांट के अंतर्गत ऑक्सफोर्ड चिल्ड्रेन अकेदमी में स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया गया।

मुख्य अतिथि नितिन अग्रवाल सीए ने विद्यार्थियों के आधुनिक एवं तकनीकी शिक्षा से जुड़ने पर विशेष बल देते हुए स्मार्ट क्लास की उपयोगिता एवं महत्व पर जानकारी दी। साथ ही एआई आधारित स्मार्ट क्लास एवं डिजिटल शिक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। इस अवसर पर भुवनेश वार्ष्णेय, राहुल अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, संगीता भार्गव, निखिल अग्रवाल,




कार्यक्रम में मौजूद रोटरी क्लब के पदाधिकारी व स्कूली बच्चे। -जागरण मोर्चा

अंकित वार्ष्णेय, विजय वार्ष्णेय, सौरभ वार्ष्णेय, स्नेहा शर्मा, पूर्णिमा पाल, प्रिया वार्ष्णेय, नाजमी, मंताशा आदि मौजूद रहे।

## थाना दिवस में डीएम व एएसपी ने सुनी शिकायतें



लोगों की शिकायतों का निस्तारण करते डीएम। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** बहजोई थाने में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया व अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। जिसमें भूमि पर अवैध कब्जा, मार्ग से संबंधित तथा पैमाइश आदि से संबंधित शिकायतें आई। डीएम ने समाधान दिवस में जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के शिकायतों का निस्तारण करें। ताकि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायत को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। समाधान दिवस में 5 शिकायतों प्राप्त हुई। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी बहजोई डा. प्रदीप कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## कामयाबी के लिए शिक्षा बहुत जरूरी: आसिम

**गजरौला** । नगर के हसनपुर रोड पर स्थित अल-आसिम एजुकेशनल एकेडमी में हाईस्कूल की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने व वाले छात्र-छात्रओं को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधक आसिम हुसैन साबरी ने कहा कि शिक्षा से ही तरक्की मिल सकती है, इसीलिए विद्यालय में योग्य शिक्षक और शिक्षिकाओं के माध्यम से अध्यापन कराया जा रहा है, ताकि बच्चों को नई शिक्षा नीति के सभी पाठ्ड्क्रम को भली प्रकार पढ़ाया जा सके। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे पूरी मेहनत के साथ पढ़ाई करें। आज का वर्तमान युग बहुत ही कंपीटिशन का है, इसीलिए हर विषय पर अपनी पकड़ बनाकर चलें। इस दौरान उन्होंने हाई स्कूल परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्रओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सहित स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## वी के इंटरनेशनल स्कूल में मनाया स्थापना दिवस

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**नहटौर** । शनिवार को नूरपुर रोड स्थित वी के इंटरनेशनल स्कूल में 11वां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के एचडी शिल्पी कुमार अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित तथा पुष्पार्चन कर किया। उन्होंने कहा कि

यह दिन हमें उन लक्ष्यों और आदर्शों की याद दिलाता है जिनके साथ इस शिक्षा के मंदिर की नींव रखी गई थी। इस दिन विद्यालय की पुरानी उपलब्धियों पर गर्व किया जाता है। यह दिन हमें भविष्य में नई ऊंचाइयों को छूने और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर विद्यालय में क्रिकेट तथा खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता में स्कूल के सभी हाउस एक्वा हाउस इग्निस हाउस एरिया हाउस तथा टेरा हाउस के




विजेता टीमों को ट्राफी देकर सम्मानित करते स्कूल के एम डी शिल्पी कुमार अग्रवाल।

विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। क्रिकेट मैच में टेरा हाउस ने प्रथम तथा इग्निस हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खो-खो प्रतियोगिता में एरिया हाउस में प्रथम एक्वा हाउस में द्वितीय तथा इग्निस हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्रिकेट तथा खो-खो की विजेता टीमों को स्कूल के एम डी शिल्पी कुमार अग्रवाल ने ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। के पश्चात इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अनेक नाटक, नृत्य, भाषण आदि का आयोजन किया।

नाटक आयोजन के रूप में विद्यालय के स्थापना दिवस से लेकर आज तक के कुछ मुख्य अंश को प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में विद्यालय के स्थापित सत्र 2016 से अब तक विद्यालय की सेवा में कार्यरत अध्यापक रजनीश कुमार शर्मा व रुचि चौहान को स्कूल के एमडी शिल्पी कुमार अग्रवाल ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया । इसी क्रम में प्रथम सत्र में प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। स्कूल के एम डी शिल्पी कुमार अग्रवाल ने अपने संबोधन में विद्यालय से संबंधित बिंदुओं को बताते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया उन्होंने बच्चों को निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति करने के लिए प्रोत्साहन दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल अध्यापिका समाना नकवी, मयूर कुमार सैनी, मोहित कुमार, सुप्रीत कुमार, शिवम त्यागी, देवेंद्र कुमार, सुदेश कुमारी, नीरज कुमार, रजनीश कुमार शर्मा, अनुज श्रीवास्तव, नितेश कुमार, अमन तोमर, प्रवेश कुमार, मोहन सिंह, सायका शकील, मरियम, रूपम शर्मा, प्रतीक्षा राजपूत, प्रियंका कुमारी, अंजू चौहान, रुचि चौहान, शिल्पी चिकारा, अनामिका भटनागर, पलक चौधरी, नविता चौहान आदि समस्त स्कूल स्टाफ का योगदान रहा।

## मानक के अनुसार सड़क निर्माण नहीं होने पर लोगों ने किया प्रदर्शन

- सड़क निर्माण के बाद नहीं हटाया गया मलबा, आवागमन में हो रही परेशानी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कागजी मोहल्ले में सड़क निर्माण मानक के अनुसार नहीं होने, कई त्रुटियां होने के विरोध में मोहल्लों के लोगों ने प्रदर्शन किया। साथ ही सड़क निर्माण के बाद सड़क पर पड़ा मलवे को नगर पालिका से हटाने की मांग की है।



सड़क निर्माण के खामियां दिखाते स्थानीय लोग। -जागरण मोर्चा

कागजी मोहल्ले में पंजाबी मंदिर से फव्वारा चौक स्थित गोविंद बल्लभ पंत विद्यालय तक सड़क का निर्माण 3 माह पहले किया था। शनिवार को मोहल्लों के लोगों ने सड़क मानक के अनुरूप नहीं डलने व कई त्रुटियों होने के विरोध में ठेकेदार के विरुद्ध प्रदर्शन किया। लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण के बाद नाले के ढक्कन लगाने गए हैं, वह ढीले हैं, जिससे पैदल चलने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

इसके अलावा सड़क निर्माण के बाद इधर-उधर पड़े मलबे को नहीं हटाया गया है। जिससे मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं पर सड़क पर पड़े मलबे से होकर गुजरना पड़ता है। जिससे उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके अलावा मोहल्ले के कई बार नगर पालिका के ईओ व ठेकेदार समस्या के समाधान मांग कर चुके हैं। मगर अभी तक समाधान होता नजर नहीं आ रहा है। प्रदर्शन करने वालों में अशोक शर्मा, श्रीगोपाल शर्मा, विपिन आहूजा, मोनू खुराना, परवेज आलम, रऊफ शेरी, सावन शर्मा, अतुल दुबे, अन्नु दुबे आदि मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी चालक घायल

**शेरकोट।** क्षेत्र में नेशनल हाईवे स्थित बस स्टॉप के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सेंट्रिंग (निर्माण सामग्री) से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा उस वक्त हुआ जब ट्रैक्टर-ट्रॉली अफजलगढ़ से नहटौर की ओर सामान लेकर जा रही थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रॉली पलटते ही हाइवे पर बल्ली शोंट और अन्य सेंट्रिंग का सामान बिखर गया, जिससे कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हो गया। मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया।

सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और बिखरे हुए सामान को सड़क से हटवाकर यातायात को सुचारू कराया। इस हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक अंकित को मामूली चोटें आई हैं, जिसे प्राथमिक उपचार दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

मांग | ईओ ने समस्याओं का समाधान कराने का दिया आश्वासन

## शहर की समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने ईओ को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल नगर पालिका कार्यालय पहुंचे अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम से मिला। जिसमें व्यापारियों ने अधिशासी अधिकारी को नगर की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा।

बताया गया कि चन्दौसी एक व्यापारिक केंद्र है और आसपास के जनपद के कई व्यापारी यहां व्यापार के सिलसिले में आते हैं। लेकिन शहर की हालत बद से बदतर है। इसलिए व्यापार मंडल मांग करता है कि नगर में ठेला खोमचा और रेड़ी वालों की वजह से जाम लगता है, इसको लेकर शहर के चारों कोनों में वैंडिंग जोन बनाया जाए ताकि नगर में अतिक्रमण मुक्त हो सके। ईओ



ईओ को ज्ञापन देने के बाद वार्ता करते व्यापारी। -जागरण मोर्चा

ने कहा कि एक माह में एक बार व्यापारियों की और नगर पालिका अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया जाए। जिसमें व्यापारियों द्वारा नगर में नाला निर्माण और सड़क निर्माण को लेकर भी वार्ता हुई। व्यापारियों ने कहा कि गर्मी का मौसम है और मच्छरों का प्रकोप बना हुआ है। मगर अभी तक पालिका द्वारा फागिंग मशीन नहीं चलाई जा रही है।

फागिंग मशीन हर मोहल्ले में चलाकर दवाई छिड़की जाए। ताकि नगरवासियों को मच्छरों से राहत मिल सके। नगर में बढ़ते ई-रिक्शा जाम की मुख्य वजह है इस पर अंकुश लगाया जाए। ईओ ने शीघ्र ही समस्या का समादान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सागर गुप्ता, शाह आलम मंसूरी, नमन भारद्वाज, गोपाल वार्ष्णेय, बबलू, मोहित सक्सेना, मोहम्मद अनस, इरफान खान, अविनाश रस्तोगी, सौरभ अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, सुफियान आदि मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय का किया निरीक्षण

## निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में दी जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता को परखना और छात्राओं के शैक्षिक स्तर का करना था मूल्यांकन


कस्तूरबा गांधी विद्यालय का निरीक्षण करते प्रभारी मंत्री केपी मलिक।


मलिन बस्ती का भ्रमण करते प्रभारी मंत्री एवं अन्य।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** जनपद अमरोहा के प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने शनिवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय हसनपुर का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उनके साथ क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी भी मौजूद रहे। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में दी जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता को परखना और छात्राओं के शैक्षिक स्तर का मूल्यांकन करना था।

मंत्री केपी मलिक ने अपने प्रवास की शुरुआत विद्यालय परिसर में नवनिर्मित ओपन जिम का फीता काटकर और लोकार्पण कर की। उन्होंने कहा कि बालिकाओं के मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी अत्यंत आवश्यक है, और यह ओपन जिम छात्राओं को स्वस्थ रहने में मदद करेगा।इसके पश्चात, प्रभारी मंत्री ने विद्यालय की छात्राओं के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने छात्राओं से विद्यालय में मिलने वाले भोजन, आवास, और शिक्षण सामग्री के बारे में विस्तार से पूछताछ की। छात्राओं ने बेझिझक अपनी बातें साझा कीं, जिस पर मंत्री जी ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने छात्राओं से सामान्य ज्ञान के प्रश्न भी पूछे, जिनका छात्राओं ने आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया।कार्यक्रम के दौरान कस्तूरबा गांधी विद्यालय की बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मां सरस्वती की वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके साथ ही 'पेड़ बचाओ' विषय पर एक लघु नाटिका के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, जिसकी मंत्री जी और उपस्थित अतिथियों ने मुक्तकंठ से सराहना की।प्रभारी मंत्री ने भोजन की गुणवत्ता को स्वयं परखने के लिए मिड-डे मील का निरीक्षण किया और स्वयं खाना चखकर देखा और खाने की व्यवस्था पर संतोष जताया। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों के पोषण के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए।समारोह के अंत में मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. मोनिका, खण्ड विकास अधिकारी हसनपुर विजय सक्सेना,खंड शिक्षा अधिकारी भारत भूषण त्यागी, अरुण कुमार, मिड-डे मील जिला समन्वयक मनोज कुमार, सतवीर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह,भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिमांशु त्यागी, मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह सैनी, हेमराज सैनी, देवकीनंदन पाल,वार्डन सीमा सिंह, फुल टाइम टीचर अंशु यादव,सुनीता, सोनम,सुनिता,पार्ट टाइम टीचर गुलशन आरा, रेनू वर्मा, प्रमोद कुमार, लेखाकार सरोज, एआरपी नमित कुमार, सुलेमान फराज आदि उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री केपी मालिक ने मलिन बस्ती का भ्रमण कर किया जनसंवाद

जागरण मोचा कायालय

**हसनपुर।** प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री केपी मलिक ने जनपद के अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन शनिवार को नगर पालिका हसनपुर की वार्ड-02 होली वाला मोहल्ला मलिन बस्ती का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के घर पहुंचकर संवाद किया और पूछा कि किसी तरह की कोई दिक्कत तो नहीं आई। उन्होंने वहां साफ-सफाई और सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी। वही मालिन मस्ती में पहुंचने पर प्रभारी मंत्री का फूलमाला पहनकर स्वागत किया गया, भ्रमण के दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा बस्ती में सफाई पेयजल पद प्रकाश आदि व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी की और नगर पालिका प्रशासन को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए।इस अवसर पर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी,चेयरमैन राजपाल सैनी, सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारीगण और सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने सीएचसी का किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय


सीएचसी का निरीक्षण करते प्रभारी मंत्री एवं अन्य।

**हसनपुर।** जनपद के प्रभारी मंत्री के द्वारा नगर स्थित सीएचसी का निरीक्षण कार्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। स्टाफ को शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए इसी के साथ प्रभारी मंत्री द्वारा मरीजों से भी वार्ता करके जानकारी की।

शनिवार को नगर स्थित सीएचसी का राज्य मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री केपी मलिक द्वारा निरीक्षण किया।सर्वप्रथम प्रभारी मंत्री केपी मलिक एवं अन्य जनपद निधियां का स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद प्रभारी मंत्री,विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, चेयरमैन राजपाल सैनी एवं मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वृक्षारोपण किया गया।निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने स्वास्थ्य केंद्र में संचालित विभिन्न सेवाओं का गहन अवलोकन किया। सर्वप्रथम उन्होंने ओपीडी कक्ष, इमरजेंसी कक्ष, पंजीकरण कक्ष, पैथोलॉजी लैब, एक्स-रे रूम, पीएनसी रूम, औषधि वितरण कक्ष आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

विभिन्न प्रकार की जांच सेवाएं संचालित पाई गईं। इसके अतिरिक्त डिस्पेंसरी में मरीजों की लगी लाइन का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान मरीजों से दवाइयों के संबंध में पूछा गया कि उनसे कोई शुल्क तो नहीं लिया जा रहा है। मरीजों ने बताया कि उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है।प्रभारी मंत्री ने अस्पताल स्टाफ को निर्देश देते हुए कहा कि आने वाले मरीजों के साथ बेहतर व्यवहार किया जाए और बेहतर से बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएं। उन्होंने कहा कि मरीजों को अपनी सुविधा और व्यवहार से यह विश्वास दिलाएं कि सरकारी अस्पताल में भी निजी अस्पतालों से बेहतर इलाज उपलब्ध है।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० योगेन्द्र सिंह, पार्टी पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# आरोपी शिक्षक व एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज



### एलआरएस ग्रुप के चेयरमैन को पुलिस ने हड़काया

एलआरएस अकाडमी आए दिन विवादों की सुर्खीयों में रहा है। इसी कड़ी में एलआरएस अकाडमी के एक शिक्षक द्वारा एक छात्रा के साथ भेदभाव बरते हुए उसका गला पड़कर अपमानित करने और क्लास से निकालने का ममला तूल पड़ गया है। इस प्रकरण को लेकर कॉलेज के गेट पर एवीबीपी द्वारा दिया जा रहा धरना स्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी अवनीत मान प्रदर्शनकारियों को समझकर धरना समाप्त करने का प्रयास कर रहे थे इसी बीच एलआरएस ग्रुप के चेयरमेन संजीव अग्रवाल अपना पक्ष रखने के लिए धरना स्थल पर पहुंचे ।आरोपी शिक्षक का पक्ष लेने पर प्रदर्शनकारी भड़क उठे जिसको लेकर प्रबंधक प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोकझोंक होने पर थाना प्रभारी अवनीत मान ने पहले कॉलेज के प्रबंधक को जमकर हड़काया ।प्रदर्शनकारियों से धरना समाप्त कर अपने अपने घर जाने को कहा गया।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नगीना ।** विवादों की सुर्खियों में रहा एलआरएस अकेडमी के एक शिक्षक द्वारा बुरी नियत से कालेज की ही एक छात्रा का गला पकड़कर उस पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में पीड़ित छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शिक्षक इरशाद सहित एक अज्ञात के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरूकर दी है।

मालूम हो कि गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के पदाधिकारियों संग थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव गारवपुर निवासी सत्यपाल सिंह द्वारा एसडीएम विजय शंकर को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि एलआरएस ऐकेडमी में कक्षा 12 में पढ़ने वाली छात्रा जब 22 अप्रैल 2026 को अन्य विधार्थियों के साथ कालेज में आंतरिक परीक्षा दे रही थी तब कक्षा में मौजूद शिक्षक इरशाद अहमद उसकी पुत्री के पास आया और बुरी नियत से उसका गला पकड़कर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए उसकी कापी फाड़कर फेंक दी और धक्का देकर कक्षा से बाहर निकाल दिया,शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया।जब इस मामले की शिकायत कालेज मैनेजमेंट से की गई तो मैनेजमेंट ने उसके व उसके साथ गये लोगों के साथ अभद्र व्यवहार व गालीगलौज कर अपमानित किया तथा उसकी पुत्री का चरित्र खराब कर टीसी काटने की धमकी दी और कहा कि हम प्रभावशाली लोग हैं ,तुम लोग हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकते ,मामले में आरोपी शिक्षक इरशाद के विरुद्ध कार्यवाही कराने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने भी शुक्रवार को कालेज गेट पर धरना देकर शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाही के लिए मोर्चा खोलते हुए थाना प्रभारी को एक ज्ञापन दिया था ।

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने शनिवार को पीडित छात्रा के पिता सत्यपाल सिंह निवासी ग्राम गारवपुर कोतवाली देहात की तहरीर पर आरोपी शिक्षक इरशाद अहमद व एक अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

## कार को बचाने के प्रयास में डिवाइडर से टकराया डंपर

**रेहड़।** काशीपुर - हरिद्वार नेशनल हाईवे पर रेहड़ बस स्टैंड के पास कार को बचाने के प्रयास में एक डंपर डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि दुर्घटना में कोई घायल नहीं हुआ। डंपर चालक मोहम्मद जुबैर निवासी गांव दहलावाला थाना रेहड़ ने बताया कि शनिवार अपराह्न लगभग 4:00 बजे वह गांव हसनपुर से दहलावाला जा रहा था।

इसी दौरान रेहड़ बस स्टैंड के पास हाईवे पर आगे चल रही कार के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। कार को बचाने के लिए उसने जैसे ही डंपर के इमरजेंसी ब्रेक लगाए वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन से दुर्घटनाग्रस्त डंपर को हाईवे से हटवाकर आवागमन सुचारु कराया।

# बिजली की चिंगारी से बोगे विटोरो में लगी आग, मची अफरा-तफरी

- किसानों का हजारों का हुआ नुकसान

जागरण मोर्चा कार्यालय


बोगे विटोरो में लगी आग।

**हसनपुर।** सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव में हाईटेंशन लाइन की चिंगारी गिरने से कई किसानों के भूसे के विटरों व बोंगो में आग लग गई। हादसे में हजारों रुपये का भूसा व उपला जलकर राख हो गया और काफी देर तक गांव में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

शनिवार दोपहर गांव हाजीपुरा तरारा में ग्राम समाज की भूमि है जहां गांव के किसानों के द्वारा बोगे बिटोरे रखे गए हैं।उनके ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन में तेज हवा के चलते अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और उससे निकली चिंगारी नीचे रखे भूसे के बोगों और बिटोरो पर जा गिरी, जिससे देखते ही देखते आग धधक उठी। आग लगने से गांव निवासी सोमपाल पुत्र रमेश सिंह का एक बोगा व एक बिटोरा, राजवती पत्नी अशोक कुमार के दो बिटोरा , छत्रपाल पुत्र मानसिंह एक बोगा, उदल सिंह पुत्र हरबंस एक बिटौरा व दो बोगे और सूखा पुत्र सोमपाल का एक बिटौरा आग की भेंट चढ़ गया।ग्रामीणों ने मौके पर एकत्र होकर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन तेज हवा वह गर्मी के चलते ग्रामीण आग नहीं बुझ पाए तो दमकल विभाग को सूचना दी।

मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे आसपास के अन्य बोगे विटोरो को चपेट में आने से बचा लिया गया। पीड़ित किसानों ने बताया कि आग की वजह से उनका हजारों रुपयों का नुकसान हुआ है और पशुओं के चारे की समस्या खड़ी हो गई है। पीड़ितों ने प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

# थाना समाधान दिवस में छह शिकायतें हुई दर्ज

जागरणमोर्चा कार्यालय


थाना समाधान दिवस में शिकायते सुनते अधिकारी।

**हसनपुर।** शासन के निर्देश पर शनिवार को नगर स्थित कोतवाली प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में आए क्षेत्रवासियों की शिकायत वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार द्वारा सुनी गई। थाना समाधान दिवस में मात्र छह शिकायतें दर्ज हुई जो सभी राजस्व विभाग से संबंधित थी। थाना समाधान दिवस में किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो पाया। वरिष्ठ उप निरीक्षक द्वारा इन शिकायतों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन किया और जल्द से जल्द शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

थाना समाधान दिवस प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक योजना है जो देश की जनता को जल्द न्याय दिलाने के लिए शुरू की गई है। थाना समाधान दिवस में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# नदारद सामग्री की बरामदगी के लिए ज्ञापन सौंपा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**अफजलगढ ।** अफजलगढ नगर पालिका परिषद के स्टोर से पुरानी गौशाला का टीनसैड, लोहे के ऐंगलस, खिड़की, दरवाजे एवं ईंट आदि नदारद सामग्री की बरामदगी हेतु वजीर अहमद, महराज बानो, मौ.रिजवान, शाहिद हुसैन, शाहीन जहाँ, आसमीन खातून आदि सभासदों ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौपा। इसके अतिरिक्त सभासदों ने मण्डलायुक्त मुरादाबाद को संबोधित ज्ञापन में नगर पालिका अध्यक्षा के परिजनों का विकास कार्यों में हस्तक्षेप रोकने की भी मांग की है। गौरतलब है कि अफजलगढ नगर पालिका परिषद में पुरानी गौशाला के स्थान पर लाईब्रेरी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। सभासदों का कहना है कि पुरानी गौशाला का टीनसैड, लोहे के गार्डर आदि स्टोर में रखवाये गये थे जो कि इस समय मौके पर मौजूद नहीं हैं। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री, मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी एवं उपजिलाधिकारी धामपुर को पृष्ठांकित की गई है।


अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौपते सभासद। –जागरण मोर्चा

## करंट की चपेट में आने से युवती घायल

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बिजली का करंट लगने से एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में परिजनों ने घायल युवती को उपचार के लिए नगर के सीएचसी में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के गांव सतेड़ा निवासी चंद्र किरन की पुत्री पूनम शनिवार सुबह घर का कार्य कर रही थी। इसी दौरान वह बिजली के पंखे का तार बोर्ड से हटाने लगी तभी इसी दौरान अचानक वह बिजली के तेज करंट की चपेट में आ गई और अचेत होकर गिर पड़ी। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे। परिजनों ने किसी तरह उसे बिजली के तार से अलग किया।परिजन घायल पूनम को तुरंत नगर स्थित सीएचसी लेकर पहुँचे। जहां चिकित्सकों ने युवती की हालत को गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद से ही पीड़ित परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

बजट | समस्याओं को लेकर सभासदों ने निकाली भड़ास

# बैठक में हंगामा के बीच पास हुआ बजट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नगीना।** नगर पालिका बोर्ड की हंगामेदार बैठक में 2026 27 की अनुमानित आय का बजट पेश किया। जिसमें 47 करोड़ 13 लाख रुपये की आय, एवं 45 करोड़ 10 लाख रुपए का व्यय, 2 करोड़ 3 लाख का फायदे का बजट पेश किया, जिसे एक स्वर में पास कर दिया गया। बैठक में अधिकांश सभासदों ने सड़क निर्माण न होने, पथ प्रकाश, फ्रीजर, शवयात्रा वाहन समेत अनेक समस्याओं को लेकर सभासदों ने अपने दिल की भड़ास निकाली।

चेयरपर्सन ताहिरा खलील की अध्यक्षता एवं कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी आशुतोष जायसवाल क्रिश्चियन सचांलन में हुई नगर पालिका बोर्ड की बैठक में उसे समय हंगामा खड़ा हो गया जब नगर पालिका के प्रधान लिपिक इफ्तेखार जेदी ने नगर में हुए विकास कार्यों सड़क निर्माण नाली,नालो, पुलियो का निर्माण व अन्य विकास कार्ये पटल पर रखे जिसको लेकर राजकुमार उर्फ जोनी, मौ जुनैद, सानू, मो मकसूद अली, आरिफ अहमद, कपिल पवार,, रोहित बिश्नोई, मो असलम, समेत अधिकांश सभासदों ने इस बात को लेकर हंगामा खड़ा कर दिया कि जिन सड़कों के निर्माण कराने को वार्ड सभासद लिखकर देते हैं उन सड़कों का निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है। जबकि वार्ड सभासद उन सड़कों का निर्माण कराने या उन विकास कार्यों को कहते है जिनकी वार्ड वासियों को आवश्यकता होती है। अर्जुन सड़कों की जरूरत नहीं होती उन सड़कों का निर्माण कार्ये कर दिया जाता है। सभासदों ने गर्मी के मौसम खराब पड़े ठडे फ्रीजर को ठीक करा देना चाहिए था जो नहीं हुए। इंडियामाका हेड पंप सालों से खराब पड़े हैं लेकिन नगरपालिका मरम्मत तक नहीं करा पा रही है। कपिल पवार ने हेल्थ मैन्युअल एक्ट के अनुसार ठेका सफाईकर्मचारियों की भर्ती कराए जाने पर जोर दिया। मे सभासदों ने अंबेडकर पार्क में अंबेडकर लाइब्रेरी, शव यात्रा वाहन, पथ प्रकाश व्यवस्था सुचारू रूप से करने हेतु इलेक्ट्रिक समान खरीदने ताकत शहर में देना ना हो। इस स्टर इस वार्ड सभासदों ने अपने-अपने वार्डों के सड़कों का निर्माण वह अन्य विकास प्रस्ताव लिखित रूप में दिए। चेयरपर्सन ताहिरा खलील, अधिशासी अधिकारी आशुतोष जायसवाल ने सभी सभासदों को आश्वास दिया क अब सभासदों द्वारा तैयार कार्ये योजनाओ पर विकास कार्य कराए जाएंगे। नामित सभासदों नीरज बिश्नोई, विनोद अग्रवाल भूपेश चौहान, सोहन सैनी, मनोज टंडन, आदि ने भेदभाव रहित नगर विकास पर जोर दिया उन्होंने नगर के विकास के लिए बोर्ड के साथ रहने मिनी स्टेडियम का निर्माण कराई जाने पर जोर दिया।

बैठक में 202627 के अनुमानित बजट को पटल पर रखा गया जिसमें 47 करोड़ 13 लाख की आए एवं 45 करोड़ 10 लाख का ब्याय कुल मिलाकर 2 करोड़ 3 लाख फायदे का बजट पटल पर रखा गया जिसे एक स्वर में पास कर दिया गया। बैठक में मोहम्मद अहमद रईस गोपाल शर्मा बाहरफ फातिमा शबनम परवीन सायरा बृजमोहन उर्फ बाली समेत सभी सभासद मौजूद रहे।


नगर पालिका की बैठक में मौजूद अधिकारी एवं पालिका चेयरमैन। –जागरण मोर्चा

## तंत्र-मंत्र के नाम पर 5.20 लाख की ठगी

जागरणमोर्चा कार्यालय

**शेरकोट ।** तंत्र-मंत्र के नाम पर लोगों को ठगने का मामला सामने आया है। मोहल्ला नौधना निवासी सलीम अहमद ने 13 अप्रैल 2026 को थाना शेरकोट में तहरीर देकर आरोप लगाया कि ग्राम बेगराजपुर थाना नहटौर निवासी असललम तांत्रिक, मूसा तांत्रिक व सरताज ने उसे व उसके परिवार को तंत्र विद्या के नाम पर डराकर 5.20 लाख रुपये ठग लिए।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने मु0अ0सं0 68/2026 धारा 318(4)/308(5) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी असललम पुत्र रफीक को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह खुद को तांत्रिक बताकर लोगों को ताबीज और झाड़-फूंक से इलाज का झांसा देता था और इस बहाने पैसे वसूलता था। उसने सलीम अहमद के परिवार को भी तांत्रिक प्रभाव का भय दिखाकर लगातार रकम ऐंठी। विरोध करने पर परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई।पुलिस के अनुसार आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर कई लोगों से इसी तरह ठगी की और अवैध कमाई से संपत्ति भी बनाई। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

संपादकीय

# तकनीकी बढ़त से सुदृढ़ होती राष्ट्रीय सुरक्षा

राष्ट्रीय सुरक्षा के बदलते परिदृश्य में भारत अब पारंपरिक रणनीतियों से आगे बढ़कर तकनीकी प्रभुत्व की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। भविष्य के युद्ध केवल हथियारों से नहीं, बल्कि सूचना, विश्लेषण और त्वरित निर्णय क्षमता से जीते जाएंगे। इसी सोच के साथ रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित 'प्रज्ञा' एआई आधारित सैटेलाइट इमेजिंग सिस्टम भारतीय सुरक्षा ढांचे को नई मजबूती प्रदान करता है। यह केवल एक तकनीकी उपकरण नहीं, बल्कि आधुनिक युद्धनीति का सशक्त माध्यम है। यह प्रणाली सीमाओं पर रियल-टाइम निगरानी सुनिश्चित करती है और दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों से लेकर घने जंगलों तक, हर गतिविधि पर पैनी नजर रखती है। इससे घुसपैठ, आतंकी गतिविधियों और संदिग्ध हलचलों की पहचान पहले से कहीं अधिक तेज और सटीक हो सकेगी। युद्ध अथवा युद्ध जैसी स्थिति में यह तकनीक त्वरित निर्णय लेने में सेना की मदद करेगी, जो आज के समय में निर्णायक कारक बन चुका है। वैश्विक स्तर पर हो रहे संघर्षों, विशेषकर मिडिल-ईस्ट में उभरते घटनाक्रमों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब युद्ध का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। 'प्रज्ञा' इसी बदलते ट्रेंड के अनुरूप भारत का उत्तर है। यह केवल डेटा संग्रह तक सीमित नहीं, बल्कि उसका विश्लेषण कर सुरक्षा बलों को समय रहते चेतावनी देने में सक्षम है। आंतरिक सुरक्षा के संदर्भ में भी 'प्रज्ञा' की भूमिका महत्वपूर्ण है। संवेदनशील क्षेत्रों में निरंतर निगरानी, सटीक विश्लेषण और बिना विलंब निर्णय-सहायता इसकी विशेषता है। इससे सुरक्षा एजेंसियां अधिक सतर्क, सक्रिय और प्रभावी बन सकेंगी। साथ ही, यह तकनीक भविष्य में साइबर और हाइब्रिड युद्धों की चुनौतियों से निपटने में भी सहायक सिद्ध होगी। निस्संदेह, 'प्रज्ञा' भारत की रक्षा क्षमता को एक नए आयाम पर ले जाती है। यह तकनीक केवल वर्तमान की जरूरत नहीं, बल्कि भविष्य की सुरक्षा का मजबूत आधार भी है, जो आत्मनिर्भर रक्षा प्रणाली की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित होगा।

# तेल की दोहरी मार और भारतीय अर्थव्यवस्था

वर्तमान दौर में भू-राजनीतिक उथल-पुथल ने वैश्वीकरण के उस सुनहरे दौर पर सवालिया निशान लगा दिए हैं, जो बिना किसी अवरोध के आपूर्ति श्रृंखला को विश्व द्वारा एक ब्रह्म सत्य मान लिया गया था। इस मिथक को सबसे पहले चार वर्ष पूर्व भड़की यूक्रेन-रूस संघर्ष की आग ने स्वाहा कर दिया। प्राकृतिक रूप से सबसे ठंडे क्षेत्रों में शुमार इस धरती पर 6 सालों से चले आ रहे संघर्ष की आग अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि पश्चिम एशिया (मिडल ईस्ट) के बारूदी धुएं ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के फेफड़ों को कमजोर करना शुरू कर दिया है। भारत के लिए यह संकट केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि अत्यंत 'महंगा' और 'घरेलू' भी है। भारत अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए समुद्री सीमाओं से परे उन समुद्री रास्तों पर निर्भर है, जहां आज युद्धपोतों का पहरा है। भारत की खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा आपूर्ति की धुरी आयात पर निर्भर है। हम अपनी जरूरत का 90% खाद्य तेल और 85% से अधिक कच्चा तेल विदेशी बाजारों से खरीदते हैं। इंडोनेशिया और मलेशिया से आने वाला पाम ऑयल हो या अर्जेंटीना-ब्राजील का सोयाबीन और रूस-यूक्रेन का सूरजमुखी तेल, आपूर्ति के ये सभी स्रोत वर्तमान में युद्ध की आग में झुलस रहे हैं।

हाल के दिनों में आया भारतीय रिजर्व बैंक का 'मुद्रास्फीति प्रत्याशा सर्वेक्षण' महंगाई के जिन्न की एक डरावनी तस्वीर पेश करता है। जहां आधिकारिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) वास्तविकता को कम करके आंक सकता है, वहीं आम जनता के बीच महंगाई का बोध 7.2% तक पहुंच गया है। यह सांख्यिकीय आंकड़ों में विसंगतियों को नहीं बताता है, बल्कि भारतीय लोगों की रसोई का वह अनुभव है, जहां खाद्य तेल की कीमतों में मौजूदा एक सप्ताह के भीतर उछाल देखा गया है। देश फिलहाल तेल की दोहरी मार के चक्रव्यूह में फंसा है। पहला आघात तो ऊर्जा के मोर्चे पर हुआ है। यदि पश्चिम एशिया में संघर्ष की तीव्रता बढ़ती है, तो निश्चित है कि कच्चे तेल की कीमतें 115 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को भी पार कर सकती हैं। इससे न केवल परिवहन लागत बढ़ेगी, बल्कि विनिर्माण क्षेत्र की कमर भी टूट सकती है।



दूसरा प्रहार खाद्य तेल का है। पाम ऑयल के आयात में आई 19% की भारी गिरावट घरेलू बाजार में दूरगामी कमी और कीमतों में बेतहाशा वृद्धि का संकेत दे रही है।

दरअसल, महंगाई का यह असर केवल तेल तक सीमित नहीं है। स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आवास किराये में हो रही वृद्धि ने मध्यम और निम्न वर्ग के बजट को प्रभावित किया है। आधिकारिक आवासीय मुद्रास्फीति के आंकड़े उन नए किरायेदारों के दर्द को दर्ज करने में विफल रहे हैं, जो प्रतिवर्ष दोहरे अंकों में किराया वृद्धि झेलते आ रहे हैं। जब मजदूरी स्थिर हो और आवश्यक वस्तुओं के दाम द्रुत गति से बढ़ें, तो जनमानस के मानसपटल में असंतोष पनपने की संभावना स्वाभाविक हो जाती है। मानेसर और नोएडा जैसे औद्योगिक केंद्रों में होने वाले विरोध प्रदर्शन महज श्रम विवाद नहीं, बढ़ती मुद्रास्फीति की सामाजिक अभिव्यक्ति भी मानी जा सकती है। 40 करोड़ घरेलू प्रवासियों के लिए भोजन और एलपीजी की बढ़ती लागत उनके अस्तित्व का संकट बन गई है। यदि यह श्रम शक्ति वापस अपने-अपने गांवों की ओर पलायन कर जाती है, तो भारत की विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता को अपूरणीय क्षति होने की आशंका से नहीं नकारा जा सकता।

इधर, बाहरी मोर्चे पर गहराई से नजर घुमाएं तो, डॉलर के मुकाबले रुपये का 95 के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार करना भारतीय अर्थव्यवस्था की नाजुक स्थिति को उजागर करता है। विदेशी मुद्रा भंडार में एक ही महीने में 30.5 अरब डॉलर की कमी यह बताने के लिए काफी है कि रुपये को बचाने की कीमत कितनी भारी है। रिजर्व बैंक द्वारा ऑफशोर सट्टेबाजी पर लगाई गई पाबंदियां केवल एक तात्कालिक उपचार है। असली बीमारी तो वह चालू खाता घाटा (सीएडी) है, जो तेल आयात के भारी-भरकम बिल और एफडीआई के प्रवाह में लगातार आ रही कमी के कारण गहराता जा रहा है। भारतीय परिवार जटिल आर्थिक आंकड़ों से सरोकार नहीं रखता; वह स्कूल की फीस के नोटिस, मेडिकल बिल, गैस सिलेंडर की रसीदें और किराने के बिल को पढ़ता है। आरबीआई का 2026-27 के लिए 4.6% मुद्रास्फीति का अनुमान एक आदर्श स्थिति हो सकती है, लेकिन जमीनी हकीकत धरातल से कोसों दूर है। यदि मानसून ने भी धोखा दे दिया या युद्ध विराम की कोशिशें विफल रहती हैं, तो सतर्कतापूर्वक की गई ये सभी गणनाएं जमींदोज हो जाएंगी। इन सबसे स्पष्ट है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए यह अग्निपरीक्षा का समय है और परेशानियों का यह दौर फिलहाल थमता नजर नहीं आता है।

■ राममनोहर रायकवार

## दैनिक राशिफल

- **मेष राशि**:- समय शानदार है कार्यक्षेत्र लाभकारी बना रहेगा कहीं से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं शासन से जुड़ा हुआ काम आसानी से होगा।
- **वृषभ राशि**:- समय की अनुकूलता आज पूरी तरह से आपके पक्ष में आ चुकी है कार्यक्षेत्र आपके मन के अनुकूल बना रहेगा प्रेम संबंध मजबूत रहेंगे।
- **मिथुन राशि**:- सितारे आज से सामान्य हो रहे हैं, तनाव में कमी होगी कामकाज में रुचि बढ़ेगी परंतु बड़ा निर्णय लेने से बचें।
- **कर्क राशि**:- समय आज ठीक नहीं है मन अशांत रहेगा कामकाज में बाधाएं उत्पन्न होंगी प्रेम संबंधों से बचने की कोशिश करें।
- **सिंह राशि**:- समय अभी भी आपके पक्ष का बना हुआ है जितने भी आवश्यक काम हैं, उनको तेजी से करने की कोशिश करें।
- **कन्या राशि**:- ग्रह आज आपकी भरपूर सहायता करेंगे आपके द्वारा सोचे गए काम आसानी से बनेंगे विरोधी पक्ष कमजोर रहेगा।
- **तुला राशि**:- आज से समय सामान्य हो रहा है कार्यक्षेत्र में आ रही बाधाओं में कमी आएगी संतान से जुड़ी हुई समस्या दूर होगी।
- **वृश्चिक राशि**:- समय आज सामान्य बना हुआ है किसी से अनावश्यक वाद-विवाद न करें कार्यक्षेत्र आपके अनुकूल रहेगा।
- **धनु राशि**:- समय आज साधारण सा है घरेलू परेशानियां आपको घेरे रहेंगी, प्रेम संबंधों से बचें।
- **मकर राशि**:- समय की अनुकूलता जारी है इसका भरपूर लाभ उठाकर अपने सारे आवश्यक काम तेजी से संपन्न कर लें।
- **कुंभ राशि**:- सितारे आज से आपके अनुकूल होने जा रहे हैं तनाव और परेशानियां पूरी तरह से कम होंगी प्रेम संबंध बढ़िया होंगे।
- **मीन राशि**:- समय आज बेहद कमजोर है व्यर्थ का तनाव और परेशानियां बढ़ेंगी प्रेम संबंधों से बचने की कोशिश करें।



बीते एक दशक में भारत ने विकास की जिस नई परिभाषा को गढ़ा है, उसमें राष्ट्रीय सुरक्षा एक सशक्त स्तंभ के रूप में उभरी है। तकनीक, रणनीति और आत्मनिर्भरता की त्रिवेणी ने देश की सैन्य सोच को नई दिशा दी है, जहां नवाचार केवल विकल्प नहीं, बल्कि भविष्य की अनिवार्य शक्ति बन चुका है। शेषनाग-150 ड्रोन एक ऐसी ही शक्ति के रूप में उभरा है।

# स्मार्ट युद्ध की दिशा में आत्मनिर्भर भारत की नई छलांग

पिछले लगभग एक दशक में भारत की विकास यात्रा ने जिस व्यापकता और गहराई को छुआ है, वह केवल सड़कों, इमारतों और आर्थिक सूचकांकों तक सीमित नहीं रही। इस परिवर्तन की असली धड़कन राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भी स्पष्ट रूप से सुनाई देती है, जहां आत्मविश्वास, नवाचार और रणनीतिक दूरदर्शिता का अद्भुत संगम दिखाई देता है। इसी परिवर्तित परिदृश्य में पोखरण की धरती पर 'शेषनाग-150' स्वॉर्म ड्रोन का सफल परीक्षण केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की बदलती सैन्य सोच का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा है। आज का युद्ध केवल सीमाओं पर तैनात सैनिकों या भारी हथियारों की ताकत से तय नहीं होता, बल्कि यह बुद्धिमत्ता, तकनीक और त्वरित निर्णय क्षमता का खेल बन चुका है।

**'शेषनाग-150'** इसी नई सोच का परिणाम है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और स्वॉर्म तकनीक का समावेश है। यह ड्रोन अकेले नहीं, बल्कि एक संगठित समूह के रूप में कार्य करता है, मानो एक ही चेतना से संचालित कई अस्त्र एक साथ लक्ष्य पर प्रहार कर रहे हों। यही इसकी सबसे बड़ी शक्ति है, जो दुश्मन की पारंपरिक एयर डिफेंस प्रणाली को भ्रमित कर देती है और उसकी प्रतिक्रिया क्षमता को कमजोर बना देती है। लगभग 1000 किलोमीटर की रेंज से लैस यह तकनीक भारतीय सेना को एक नई रणनीतिक बढ़त प्रदान करती है। यह केवल दूरी तय करने की क्षमता नहीं है, बल्कि यह उस दूरदृष्टि का संकेत है, जिसमें युद्ध को सीमाओं के पार जाकर भी नियंत्रित करने की क्षमता निहित है। यह बदलाव बताता है कि भारत अब केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि सक्रिय और निर्णायक भूमिका निभाने की तैयारी में है।

**वैश्विक** परिदृश्य भी इस परिवर्तन की पुष्टि करता है। विशेषकर मध्य-पूर्व में हाल के संघर्षों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। ईरान और इजरायल के बीच हुए टकरावों में ड्रोन और एआई आधारित हमलों ने यह सिद्ध कर दिया कि कम लागत में भी अत्यधिक प्रभावशाली रणनीतियां विकसित की जा सकती हैं। इस बदलती वास्तविकता ने यह भी स्पष्ट किया है कि भविष्य के युद्ध पारंपरिक हथियारों के बजाय तकनीकी श्रेष्ठता पर अधिक निर्भर होंगे। भारत ने इस बदलाव को समय रहते समझ लिया है। 'शेषनाग-150' का परीक्षण इस बात का भी प्रमाण है कि देश अब केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि उसका निर्माता और रणनीतिक उपयोगकर्ता बनने की दिशा में अग्रसर है। यह स्वदेशी तकनीक पर बढ़ते भरोसे और आत्मनिर्भरता के संकल्प को भी मजबूती प्रदान करता है।

**आने** वाला समय निश्चित रूप से 'स्मार्ट वॉरफेयर' का होगा, जहां युद्ध केवल शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि सूझबूझ, डेटा और तकनीकी दक्षता का समन्वय होगा। ऐसे में अनुसंधान, नवाचार और स्वदेशी रक्षा प्रणालियों में निवेश केवल विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन जाता है। भारत यदि इसी दिशा में निरंतर आगे बढ़ता रहा, तो वह न केवल अपनी सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकेगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर एक तकनीकी रूप से सक्षम और जिम्मेदार शक्ति के रूप में भी स्थापित होगा। कुल मिलाकर 'शेषनाग-150' केवल एक ड्रोन नहीं, बल्कि उस नए भारत का प्रतीक है, जो भविष्य के युद्धों को समझता है, उन्हें आकार देता है और अपनी शर्तों पर जीतने की क्षमता भी रखता है।

■ धर्मेंद्र सिंह कर्ण

विशेष...

विश्व मलेरिया दिवस

# छोटी लापरवाही बड़ा खतरा



## मलेरिया से बचाव ही समाधान है

मलेरिया मच्छरों से फैलने वाली एक गंभीर संक्रामक बीमारी है, जो आज भी दुनिया के करोड़ों लोगों को प्रभावित कर रही है। विशेष रूप से ऊष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में इसका प्रभाव अधिक देखा जाता है। संक्रमित मादा एनोफिलीस मच्छर के काटने से शरीर में प्रवेश करने वाले परजीवी इस रोग का कारण बनते हैं। यदि समय रहते इसका निदान और उपचार न किया जाए, तो यह जानलेवा साबित हो सकता है। वर्षों से प्रयासों के बावजूद, मलेरिया आज भी वैश्विक स्वास्थ्य के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है।



### मलेरिया का फैलाव कैसे होता है?

मलेरिया मुख्य रूप से संक्रमित मादा एनोफिलीस मच्छर के काटने से फैलता है। जब यह मच्छर किसी व्यक्ति को काटता है, तो परजीवी रक्त में प्रवेश कर तेजी से बढ़ने लगते हैं। यही परजीवी आगे चलकर बीमारी के लक्षण उत्पन्न करते हैं। यह संक्रमण एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में सीधे नहीं फैलता, बल्कि मच्छर इसके वाहक होते हैं।

### कौन हैं सबसे अधिक जोखिम में?

मलेरिया का खतरा हर किसी को हो सकता है, लेकिन पांच वर्ष से कम आयु के बच्चे और गर्भवती महिलाओं में संक्रमण का जोखिम अधिक होता है, जो मां और शिशु दोनों के लिए खतरनाक हो सकता है। मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोग या वहां यात्रा करने वाले व्यक्ति भी उच्च जोखिम में रहते हैं। वहीं, जिन समुदायों में स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सीमित है, वहां यह खतरा और बढ़ जाता है।

### बीमारी के लक्षण

मलेरिया के लक्षण शुरुआत में सामान्य लग सकते हैं, लेकिन इन्हें नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है। बार-बार आने वाला बुखार, ठंड लगना और पसीना आना इसके प्रमुख संकेत हैं। इसके साथ सिरदर्द, शरीर में दर्द, अत्यधिक थकान, मतली, उल्टी और भूख में कमी जैसे लक्षण भी दिखाई देते हैं। गंभीर स्थिति में रोगी को सांस लेने में कठिनाई, भ्रम, दौरे या अंग विफलता जैसी जटिलताएं भी हो सकती हैं।

### समय पर उपचार ही बचाव

मलेरिया का इलाज संभव है, बशर्ते इसे समय रहते पहचाना जाए। एंटी-मलेरियल दवाएं इस बीमारी के उपचार का मुख्य आधार हैं, जो शरीर में मौजूद परजीवियों को नष्ट करती हैं। उपचार की अवधि और दवाओं का चयन परजीवी के प्रकार और क्षेत्रीय दिशानिर्देशों पर निर्भर करता है। जल्दी इलाज मिलने पर अधिकांश मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो जाते हैं।

### जागरूकता का वैश्विक अभियान

मलेरिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसके नियंत्रण के प्रयासों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2007 में विश्व मलेरिया दिवस की शुरुआत की, जो हर साल 25 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिवस याद दिलाता है कि इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई अभी अधूरी है। यह न केवल रोकथाम और उपचार की आवश्यकता पर जोर देता है, बल्कि स्वास्थ्यकर्मियों, शोधकर्ताओं और सामुदायिक संगठनों के योगदान को भी सम्मानित करता है।

### बचाव: छोटी सावधानियां बड़ा सुरक्षा कवच

मलेरिया से बचाव के लिए जागरूकता और सतर्कता बेहद जरूरी है। कीटनाशक-उपचारित मच्छरदानी का उपयोग, मच्छर भगाने वाली क्रीम का प्रयोग और पूरे शरीर को ढंकने वाले कपड़े पहनना प्रभावी उपाय हैं। घर और आसपास पानी जमा न होने देना, खिड़कियों पर जाली लगाना और नियमित सफाई रखना भी जरूरी है। सामुदायिक स्तर पर मच्छर नियंत्रण कार्यक्रम इस लड़ाई को और मजबूत बनाते हैं।

### मौतों के आंकड़े: एक कड़वी सच्चाई

मलेरिया आज भी लाखों लोगों की जान ले रहा है। अनुमान के अनुसार, विश्वभर में पिछले दो वर्षों में लगभग 12.7 लाख लोगों की मौत इस बीमारी से हुई है, यानी हर साल करीब 6 लाख लोग इसकी चपेट में आकर अपनी जान गंवा देते हैं। इनमें सबसे अधिक प्रभावित छोटे बच्चे होते हैं। हालांकि, नई दवाओं, मच्छरदानियों और वैक्सीन जैसी तकनीकों के माध्यम से इस आंकड़े को कम करने के प्रयास लगातार जारी हैं।

### जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार

मलेरिया के खिलाफ जंग केवल चिकित्सा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जागरूकता, सामुदायिक सहयोग और मजबूत स्वास्थ्य प्रणाली की मांग करती है। यह बीमारी हमें याद दिलाती है कि छोटी-छोटी सावधानियां भी लाखों जीवन बचा सकती हैं। अब समय है कि हम सब मिलकर इस अदृश्य खतरे को हराने का संकल्प लें।



### क्यों बना हुआ है मलेरिया एक वैश्विक संकट?

मलेरिया के लगातार बने रहने के पीछे कई जटिल कारण हैं। ऊष्ण जलवायु और मौसमी वर्षा मच्छरों के प्रजनन के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करती हैं। कई क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुंच के कारण समय पर उपचार नहीं मिल पाता। इसके अलावा, उपचारित मच्छरदानियों और अन्य रोकथाम उपायों की कमी भी समस्या को बढ़ाती है। चिंता की बात यह भी है कि कुछ क्षेत्रों में मलेरिया परजीवी दवाओं के प्रति प्रतिरोधक बनते जा रहे हैं, जबकि मच्छर भी कीटनाशकों से कम प्रभावित हो रहे हैं। गरीबी, खराब आवास और कमजोर स्वास्थ्य अवसंरचना इस संकट को और बढ़ाते हैं।



डिजिटल युग

# सुविधा और संवेदना के बीच संतुलन की तलाश

डिजिटल युग ने हमारे जीवन को अभूतपूर्व गति और सुविधा प्रदान की है। स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और इंटरनेट ने संवाद को आसान, त्वरित और व्यापक बना दिया है। लेकिन इसी के साथ एक महत्वपूर्ण प्रश्न उभरता है कि क्या इस तकनीकी प्रगति के बीच हमारी मानवीय संवेदनाएं कहीं पीछे छूट रही हैं? आज हम जुड़े तो हैं, पर क्या वास्तव में जुड़े हुए हैं? यह द्वंद्व सुविधा और संवेदना के बीच संतुलन की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

### सुविधा का विस्तार

तकनीक ने जीवन के हर क्षेत्र में सुविधा का विस्तार किया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और संचार, हर जगह डिजिटल उपकरणों ने कार्यों को सरल और सुलभ बना दिया है। दूर-दराज के लोग भी अब एक क्लिक में जुड़ सकते हैं। संकट के समय, जैसे महामारी के दौरान, तकनीक ने मानवीय संपर्क को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दृष्टि से तकनीक एक वरदान प्रतीत होती है।

### मानवीय स्पर्श की कमी

जहां तकनीक ने सुविधा दी है, वहीं उसने मानवीय संवेदनाओं को चुनौती भी दी है। लगातार स्क्रीन के सामने रहने से व्यक्ति का वास्तविक दुनिया से जुड़ाव कम होता जा रहा है। परिवार में भी लोग एक-दूसरे के साथ होते हुए भी अपने-अपने उपकरणों में व्यस्त रहते हैं। इससे संवाद की गुणवत्ता घटती है और भावनात्मक दूरी बढ़ती है। सहानुभूति, धैर्य और समझ जैसे गुण धीरे-धीरे कमजोर पड़ने लगते हैं।

### डिजिटल प्रभाव और रिश्तों की नई परिभाषा

मानवीय संबंधों की प्रकृति में डिजिटल माध्यमों ने बड़ा बदलाव लाया है। पहले जहां भावनाओं का आदान-प्रदान आमने-सामने होता था, वहीं अब इमोजी, मैसेज और वीडियो कॉल ने उसकी जगह ले ली है। इससे दूरी कम हुई है, लेकिन गहराई भी प्रभावित हुई है। रिश्ते अधिक त्वरित और सतही होते जा रहे हैं। डिजिटल संवाद में वह गर्मजोशी और आत्मीयता कम हो जाती है, जो प्रत्यक्ष संपर्क में स्वाभाविक रूप से मौजूद रहती है।

### संतुलन की आवश्यकता

सुविधा और संवेदना के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए हमें अपने डिजिटल व्यवहार पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार और मित्रों के साथ समय बिताते समय उपकरणों से दूरी बनाना, प्रत्यक्ष संवाद को प्राथमिकता देना और डिजिटल माध्यमों का सीमित उपयोग करना इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। साथ ही, तकनीक का उपयोग मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए किया जाए, न कि उन्हें प्रतिस्थापित करने के लिए।

### वरदान या चुनौती?

तकनीक को न तो पूर्णतः वरदान कहा जा सकता है और न ही पूरी तरह चुनौती। यह एक दोधारी तलवार है, जिसका प्रभाव उसके उपयोग पर निर्भर करता है। यदि तकनीक का उपयोग संतुलित और उद्देश्यपूर्ण ढंग से किया जाए, तो यह जीवन को समृद्ध बना सकती है। लेकिन यदि इसका अतिरेक हो जाए, तो यह संबंधों में दूरी और संवेदनहीनता को बढ़ावा दे सकती है। इसलिए आवश्यक है कि हम इसके उपयोग के प्रति सजग रहें।



### संवेदनशीलता की पुनर्स्थापना

डिजिटल युग में मानवीय संवेदनाओं की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। तकनीक हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है, लेकिन इसे हमारे संबंधों और भावनाओं पर हावी नहीं होने देना चाहिए। यदि हम संतुलन बनाए रखने में सफल होते हैं, तो तकनीक न केवल सुविधा का साधन बनेगी, बल्कि मानवीय संवेदनाओं को सशक्त करने का माध्यम भी बन सकती है। यही इस युग की सबसे बड़ी चुनौती और अवसर है।

# हर रविवार मच्छर पर वार

एजेंसी समाचार

**लखीमपुर खीरी।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर संविलियन विद्यालय (सदर) में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला मलेरिया अधिकारी हरि



शंकर और खंड शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र वर्मा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर मलेरिया जागरूकता रैली को रवाना किया। यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता के निर्देशन में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के दौरान जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2015 से 2025 के बीच भारत में मलेरिया के मामलों में 80 प्रतिशत और मृत्यु दर में 78 प्रतिशत की अभूतपूर्व कमी आई है। वर्ष 2024 की डब्ल्यूएचओ रिपोर्ट के अनुसार, भारत अब उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों से बाहर आ चुका है। लखीमपुर खीरी जनपद में भी सकारात्मक सुधार देखा गया है, जहाँ 2024 में 614 केस थे, वहीं 2026 में अब तक केवल 07 केस ही सामने आए हैं।?अधिकारियों ने छात्रों को जानकारी दी कि मलेरिया संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। इसके मुख्य लक्षणों में तेज बुखार, कंपकंपी, पसीना आना और मांसपेशियों में दर्द शामिल है। बचाव हेतु निम्नलिखित सुझाव दिए गए, ?शाम के समय पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें और मच्छरदानी का प्रयोग करें। ?घरों के आसपास जलजमाव न होने दें, क्योंकि यह मच्छरों के पनपने का मुख्य स्रोत है।?लार्वा नियंत्रण हेतु कीटनाशक या जले हुए मोबिल ऑयल का प्रयोग करें।?संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत अब तक 38 तालाबों में गम्बूसिया मछली डाली गई है, जो मच्छरों के लार्वा को खाकर उनका जैविक नियंत्रण करती है।?इस वर्ष की थीम "मलेरिया उन्मूलन के लिए प्रतिबद्धः अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा" पर चर्चा करते हुए छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में "बुखार में देरी, पड़ेगी भारी" और "हर रविवार मच्छर पर वार, लार्वा पर प्रहार" जैसे स्लोगन के माध्यम से सामुदायिक सहभागिता की अपील की गई। ?इस अवसर पर स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के अधिकारी, वीबीडी निरीक्षक, फील्ड वर्कर और विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे। अधिकारियों ने जोर दिया कि सामूहिक प्रयासों से ही हम अपने घर, विद्यालय और समुदाय को मलेरिया मुक्त बना सकते हैं।

## घर के बाहर खड़ा आटो रिक्शा चार्जिंग से चोरी, मिला लावारिस हालत में - बैटरी-पहिया गायब

एजेंसी समाचार

**आलमबाग,** आशियाना थाना क्षेत्र में चोरों ने एक घर के बाहर चार्जिंग पर खड़ा ऑटो रिक्शा पार कर दिया और उसके बैटरी व पहिया निकाल लावारिस हालत में छोड़ फरार हो गए। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर जी एलडीए कालोनी में रहने वाली रजनी पाल पत्नी सुनील पाल ने बताया बीते 26 मार्च को उसकी आटो संख्या यूपी 32 क्यूं टी 8695 घर के बाहर चार्जिग से चोरी हो गया था। जो उसे पारा थाना क्षेत्र के हंस खेडा पाटा में लावारिश हालत में मिला। लेकिन उसके उक्त आटो रिक्शा से बैटरी पहिया साउन्ड गायब थे। जिसके चलते उसने स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर जांच के बाद शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश किया जा रहा है।

## दबंगों ने दुकानदार मां बेटे को पीटा, तोडा कैमरा, केस दर्ज

एजेंसी समाचार

**आलमबाग,** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में बीते एक सप्ताह पूर्व मामूली कहासुनी पर दबंगों ने दुकानदार मां बेटे की जमकर पिटाई कर दी और दुकान पर लगा कैमरा तोड फरार हो गए। वहीं घटना के एक सप्ताह बाद पुलिस ने शुक्रवार को केस दर्ज कर लिया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी. के. सिंह ने बताया कि मूल रूप से पारा थाना क्षेत्र के ग्राम हंसखेड़ा निवासी निशा यादव पत्नी अनिल सिंह के अनुसार वह वर्तमान में नारायण पुरी में रहती हैं और उसकी पंडित खेड़ा में उनकी दुकान संचालित थी जहां उसने सीसीटीवी कैमरे लगवाए थे। आरोप है कि बीते 15 अप्रैल को अपने बेटे अरपित के साथ दुकान देखने पहुंचीं, तो वहां पहले से मौजूद अभिमान और अनुराग ने बिना किसी बात के गाली-गलौउ शुरू कर दी और उनके साथ मारपीट करने के साथ दुकान पर लगे कैमरे तोड़ फरार हो गए। वहीं पीड़िता का कहना था उक्त मारपीट में उसके कपड़े भी फट गए और बेटे अरपित को चोटें आईं हैं। जिसके चलते उसने अलीनगर सुनहेरा निवासी अनमोल यादव, अभिमान यादव और अनुराग यादव पुत्र जगरूप यादव के खिलाफ स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर जांच के बाद शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## काठमांडू में मौसम बिगड़ा, हवा में चक्कर लगाता रहा विमान, तीन अंतरराष्ट्रीय विमानें लखनऊ एयरपोर्ट डायवर्ट

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** नेपाल में शुक्रवार रात अचानक मौसम खराब हो जाने के कारण नेपाल की राजधानी काठमांडू जाने वाले तीन अंतरराष्ट्रीय विमानों को शुक्रवार देर रात लखनऊ एयरपोर्ट पर डायवर्ट करना पड़ा। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार रात नेपाल में अचानक मौसम खराब होने के कारण विमान संचालन में दिक्कत आने लगी। जिसके चलते 3 विमानों को डायवर्ट कर लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारा गया। बाद में मौसम सही होने पर उन्हें पुनः काठमांडू के लिए रवाना कर दिया गया। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार रात बैंकॉक से रात 11 बजे काठमांडू पहुंची थाई एयरवेज इंटरनेशनल की फ्लाइट संख्या टीजी-309 काठमांडू एयरपोर्ट पर नहीं उतर सकी। एयरपोर्ट पर आसमान में चक्कर लगाने के बाद उसे लखनऊ डायवर्ट कर दिया गया। इस विमान में 134 यात्री और 7 क्रू मेंबर सवार थे। वहीं शारजाह से रात 10:40 बजे काठमांडू पहुंचने वाली एयर अरेबिया की फ्लाइट संख्या जी-9530 को काठमांडू एयरपोर्ट पर उतरने की अनुमति नहीं मिली।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा: पहले दिन 75.33 फीसदी अभ्यर्थी हुए शामिल, साजिश में एक शिक्षक सहित चार गिरफ्तार

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** होमगार्ड भर्ती परीक्षा के पहले दिन शनिवार को 75.33 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। प्रदेश के



74 जिलों में बनाए गए 1053 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा कराई गई। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अनुसार, दोनों पालियों के लिए कुल 8,44,066 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से 6,35,856 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। परीक्षा रविवार और सोमवार को भी आयोजित की जाएगी। बोर्ड ने बताया कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए हर स्तर पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पुलिस के साथ एसटीएफ भी लगातार नजर बनाए हुए है। एटा और कानपुर में परीक्षा में गड़बड़ी की कोशिश को समय रहते पकड़ लिया गया। दोनों जगह कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सभी के खिलाफ उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

एटा के डीएवी इंटर कॉलेज केंद्र पर बायोमेट्रिक जांच के दौरान हाथरस निवासी तेजवीर सिंह का डेटा नहीं मिला। जांच में उसका प्रवेश पत्र फर्जी पाया गया। लोकवाणी केंद्र संचालक अभिषेक उर्फ गोलू ने यह कूटरचित प्रवेश पत्र तैयार किया था। पुलिस ने दोनों पर उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज किया है।

कानपुर के बीएनएसडी इंटर कॉलेज, चुन्नीगंज में एनसीसी कक्ष में प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस छिपाकर नकल की साजिश रची गई थी। पुलिस ने साजिश को नाकाम करते हुए इस मामले में सहायक अध्यापक अखिलेश यादव, संदीप चंद्र विश्वकर्मा और निर्मल कुमार को गिरफ्तार किया है।

# अप्रैल के महीने में गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड, बांदा जिले में पारा 47 के ऊपर, डराने वाली मौसम विभाग की चेतावनी

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश में तेज धूप, गर्मी और लू ने सामान्य जनजीवन को प्रभावित कर रखा है। ज्यादातर जिलों में



तापमान 45 डिग्री के पार पहुंच चुका है और शुष्क पछुआ हवाएं भी अपना असर दिखा रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार, दो दिन और इसी तरह का मौसम रहने की उम्मीद है। हालांकि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभााव के चलते 28 अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश के आसार हैं जिससे तापमान में 2-4 डिग्री की कमी आने से राहत मिल सकती है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के शाम के बुलेटिन के अनुसार, अप्रैल के महीने में अब तक का सबसे अधिक तापमान 47.4 डिग्री एक बार फिर बांदा में शनिवार को दर्ज किया गया। इससे पहले अप्रैल में सबसे ज्यादा तापमान 2022 में बांदा जिले में ही 47.4 डिग्री दर्ज किया गया था।

इसके दृष्टिगत प्रदेश में कुछ स्थानों पर दोपहर में लू चलने के साथ कहीं-कहीं रात भी गर्म होने के आसार हैं। प्रदेश में मेघगर्जन के साथ वर्षा का नया दौर शुरू होने से 28 अप्रैल से तापमान में 2-4 डिग्री की गिरावट आ सकती है जिससे लू की स्थितियों में सुधार की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पश्चिमी उत्तर प्रदेश से छिटपुट वर्षा का दौर शुरू होकर पूर्वी उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ने के आसार हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार की तरह शनिवार को भी प्रदेश के कई जिलों में लू का असर देखा गया। बांदा में तापमान सबसे अधिक 47.4 दर्ज किया गया। झांसी में 44.6, आगरा में 44.6, सुल्तानपुर में 43.8, फुर्सतगंज में 43.6, वाराणसी में 43 और लखनऊ में अधिकतम तापमान 42.8 डिग्री दर्ज किया गया।

# 594 किमी का गंगा एक्सप्रेसवे बनकर तैयार, चार हिस्सों में पूरा हुआ देश का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाने वाली गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे देश को समर्पित करने जा रहे हैं। करीब 594 किमी लंबा यह एक्सप्रेसवे न केवल देश के सबसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में शामिल है, बल्कि इसे सरकार की रणनीतिक योजना और उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के प्रभावी क्रियान्वयन का एक सफल उदाहरण भी माना जा रहा है। लगभग 37 हजार करोड़ की लागत वाले इस मेगा प्रोजेक्ट को चार प्रमुख पैकेज (ग्रुप) में विभाजित कर तेजी से आगे बढ़ाया गया। यही ह्यमल्टी-पैकेजह्न मॉडल इस परियोजना की सबसे बड़ी ताकत साबित



हुआ, जिसने इतने बड़े प्रोजेक्ट को समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारने में अहम भूमिका निभाई।

गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना को चार प्रमुख पैकेज में विभाजित कर अलग-अलग एजेंसियों के माध्यम से क्रियान्वित किया गया। इस मॉडल के तहत प्रमुख डेवलपर्स और ईपीसी कॉन्ट्रैक्टर्स को समानांतर रूप से काम करने का अवसर मिला, जिससे निर्माण कार्य में उल्लेखनीय तेजी आई। पहले पैकेज की लंबाई 129.70 किमी रखी गई, जिसकी कुल लागत 9 हजार करोड़ से अधिक है। दूसरे पैकेज की लंबाई 151.70 किमी और कुल लागत लगभग 9 हजार करोड़ है। तीसरे पैकेज की लंबाई 155.70 किमी तथा कुल लागत लगभग 9 हजार करोड़ निर्धारित है। चौथे और सबसे लंबे पैकेज की लंबाई 156.847 किमी है, जिसकी कुल लागत लगभग 9.5 हजार करोड़ है। इस परियोजना में अदाणी इंटरप्राइजेज ने भी काम किया है। कंपनी द्वारा बदायूं से प्रयागराज तक 464 किलोमीटर हिस्से का निर्माण कार्य हुआ है।

# लखनऊ में प्रेमी के साथ रह रही महिला का शव झोपड़ी में मिला, चार महीने पहले पति से अलग हुई थी

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** ठाकुरगंज के रिंग रोड स्थित लालाबाग इलाके में शुक्रवार देर रात हरदोई के अतरौली के गौर गांव निवासी नीलम सक्सेना (42) का शव संदिग्ध हालात में खाली प्लॉट में बनी झोपड़ी में पड़ा मिला। भाई ने नीलम के प्रेमी संजय गौतम पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। नीलम के भाई ठाकुरगंज के मिश्री बगिया निवासी नरेश के अनुसार चार माह पहले नीलम का पति संजय सक्सेना से अलगाव हो गया था। उनकी तीन बेटियां हरदोई के अतरौली हयातगंज स्थित ननिहाल में रह रही हैं। नीलम कुछ समय से हरदोई के अतरौली कौड़िया निवासी प्रेमी संजय गौतम और आठ साल की बेटी निधि के साथ लिवइन में रहकर मजदूरी करती थी। शुक्रवार देर रात नीलम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शनिवार भोर में उनको खबर मिली कि नीलम की मौत हो गई है। खबर पाकर नीलम के भाई व अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। भाई का कहना है कि बहन का शव नीला पड़ चुका था। उन्होंने बहन की हत्या की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। हत्या की सूचना मिलते ही ठाकुरगंज पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के पहुंचने से पहले ही प्रेमी संजय गौतम वहां से भाग निकला। पुलिस ने छानबीन के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुला लिया। भाई ने प्रेमी संजय गौतम पर बहन की हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह ने बताया कि शरीर पर कोई भी चोट के निशान नहीं मिले हैं।

# अखिलेश का आरोप: जांच एजेंसियों का दबाव और लालच देकर पार्टियां तोड़ती है भाजपा, आरक्षण पर फैलाया भ्रम

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** भाजपा पर लगातार हमलावर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा गिद्ध पार्टी है। हर घटना को जातीय एंगल देती है। कहा कि महिला आरक्षण बिल 2023 में लोकसभा से पास हो गया है। नोटिफाई हो गया है, भाजपा उसे नही स्वीकार कर रही है। पूरी भाजपा आधी आबादी से झूठ बोलने के लिए निकल पड़ी है।

शनिवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश ने कहा कि भाजपा महिलाओं को आरक्षण नहीं देना चाहती है, भ्रम फैलाने में लगी है। आप में हुई टूट की तरफ इशारा करते हुए कहा कि भाजपा ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स का दुरुपयोग कर रही है। एजेंसियों से दबाव डालकर लालच देकर पार्टियों को तोड़ती है।

सपा प्रमुख ने कहा कि गाजीपुर में जिस गरीब की बेटी की जान गयी, उसे भाजपा नेता लालच का दबाव दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा लोगों के



दुःख-दर्द में शामिल होती है। कोरोना के समय बड़े पैमाने पर मजदूरों की जान गयी। केवल समाजवादी पार्टी मजदूरों के घर गई और एक-एक लाख रुपये की मदद की। उन्होंने कहा कि एनसीआरबी के आंकड़े बताते है कि महिलाएं, बेटियां भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं। एक सवाल के जवाब में कहा कि कार्यकर्ता और नेता सावधान रहें। सर्वे चुनाव नहीं जिताएंगे। अभी चुनाव तक बहुत सर्वे आएंगे।

सर्वे कौन करा रहा है, किसी को पता नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारा काम और हमारे कार्यकर्ता बूथ पर काम करके चुनाव जिताएंगे। इससे पहले अखिलेश ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से गाजियाबाद में विजन इंडिया कार्यक्रम के तहत किसान क्यों पीड़ित, क्यों परेशान विषय पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि जनता

# धर्मांतरण कराकर युवती से किया दुष्कर्म, फिर बदला नाम; छांगुर के इलाके का ही रहने वाला है आरोपी

एजेंसी समाचार

**बलरामपुर।** धर्मांतरण के बाद युवती से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक स्थानीय युवक को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। आरोप है कि 23 अप्रैल को युवक शादी का झांसा देकर युवती को लखनऊ ले गया। वहां पहले उसका धर्मांतरण कर नाम बदल दिया।

इसके बाद दुष्कर्म किया। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब युवती के परिजनों ने उसके घर से कहीं चले जाने की रिपोर्ट स्थानीय थाने में दर्ज कराई और पुलिस ने छानबीन शुरू की। बलरामपुर पुलिस टीम ने लखनऊ के कैसरबाग बस अड्डे से आरोपी को गिरफ्तार कर युवती को खोज लिया है।

मालूम हो कि आरोपी युवक भी उसी क्षेत्र का रहने वाला है, जहां कभी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर



का ठिकाना हुआ करता था। ऐसे में इस मामले ने एक बार फिर इलाके को चर्चा का केंद्र बना दिया है।

पुलिस के अनुसार, 23 अप्रैल को पीड़िता के पिता ने कोतवाली उतरौला में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनकी 24 वर्षीय पुत्री को एक अज्ञात व्यक्ति शादी का झांसा देकर साथ ले गया है। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सर्विलांस और अन्य तकनीकी माध्यमों की मदद से जांच तेज की।

# प्रदेश के पहले हृदय प्रत्यारोपण वाले मरीज को अस्पताल से मिली छुट्टी, 12 अप्रैल को दिल्ली से आया था दिल

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश के पहले सफल हृदय प्रत्यारोपण के बाद शनिवार को 43 वर्षीय मरीज सीतापुर निवासी रचना को संजय गांधी पीजीआई से छुट्टी दे दी गई। यह हृदय प्रत्यारोपण 12 अप्रैल को हुआ था। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को प्रत्यारोपण में शामिल टीम का सम्मान किया।

उपमुख्यमंत्री ने हृदय प्रत्यारोपण को चिकित्सा इतिहास का सुनहरा अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश को उन्नत चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने वाला मील का पत्थर है। पीजीआई के निदेशक प्रो. आरके धीमन ने बताया कि यह सफलता प्रदेश में बहु-अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम को नई गति देगी, जिसमें एक साथ कई अंग प्रत्यारोपित किए जा सकेंगे।

हृदय प्रत्यारोपण कराने वाली रचना लंबे समय से डायलेटेड कार्डियोमायोपैथी के कारण गंभीर हार्ट फेल्योर से पीड़ित थीं। उनकी हालत इतनी गंभीर थी कि प्रत्यारोपण ही अंतिम विकल्प था। डॉक्टरों ने बताया कि दिल्ली से हृदय लाने और उसे समय पर संस्थान तक पहुंचाने में सटीक समन्वय महत्वपूर्ण रहा।

सीवीटीएस विभागाध्यक्ष प्रो. एसके अग्रवाल के अनुसार, प्रत्यारोपण में करीब 15 लाख रुपये खर्च हुए, जिसमें लगभग नौ लाख रुपये एयर एंबुलेंस और छह लाख रुपये सर्जरी पर खर्च हुए।

रचना के पति अजय अग्निहोत्री ने डॉक्टरों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों ने उनकी पत्नी को दूसरा जीवन दिया है। सीतापुर से वह महज चार हजार रुपये लेकर



पीजीआई आए थे। दिल्ली से हृदय लाने के साथ ही प्रत्यारोपण का खर्च संस्थान ने वहन किया। पत्नी अब स्वस्थ है, लेकिन इम्युनिटी कम होने से बाहरी लोगों से उन्हें मिलने की मनाही है।

प्रो. आरके धीमन ने बताया कि पीजीआई अब फेफड़ा प्रत्यारोपण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। जल्द ही संस्थान में फेफड़ा प्रत्यारोपण शुरू होगा। एक साथ दिल और फेफड़ा प्रत्यारोपित करने वाला पीजीआई प्रदेश का पहला संस्थान बनेगा।

इनका हुआ सम्मान-

सीवीटीएस सर्जन : प्रो. एसके अग्रवाल, प्रो. शांतनु पांडेय, मिलिंद होते, डॉ. विजय अग्रवाल, डॉ. अब्दुलमुंजिल मुंशी, डॉ. सिद्धार्थ वी सिंह सोम, डॉ. अरीब अहमद खान, डॉ. अवनींद्र एम त्रिपाठी, डॉ. सौरभ त्रिपाठी, डॉ. विवेक कृष्णा, डॉ. हर्ष बी वैद्य।

कार्डियोलॉजी : प्रो. आदित्य कपूर, प्रो. सत्येंद्र तिवारी, प्रो. रूपाली खन्ना, डॉ. अंकित साहू।

एनेस्थीसिया : प्रो. संजय धीराज, प्रो. पुनीत गोयल, डॉ. अमित रस्तोगी, डॉ. पल्लव सिंह, डॉ. नितिन त्रिवेदी, डॉ. आनंदिता कश्यप, डॉ. मलिका धवल, डॉ. श्रद्धा गंगेले, चंद्रेश कुमार कश्यप, अर्जुन कुमार, रुचि सिंह।

परफ्यूजनिस्ट : राज कुमार यादव, संदीप कुमार, कलावती पाल, अरविंद, श्वेता, प्रेमलता, नमन, कुलदीप, अलका मोहन, नीलम श्रीवास्तव, सुरेंद्र जादौन, दानवीर सिंह, रीमा त्रिपाठी, वर्षा सैनी, निहारिका वर्मा, हेमंत मंगल, तान्या, नीतू, अनामिका राजपूत, इतू, हिमांशी, कमलेश यादव।

नेफ्रोलॉजी : प्रो. नारायण प्रसाद, डॉ. रोमिला सैनी, अर्चना सिन्हा, नवीन विश्वकर्मा, कृति, मिलन के बागला।

अन्य स्टाफ : आरके शर्मा, प्रो. देवेंद्र गुप्ता (सीएमएस), प्रकाश सिंह (जेडीएमएम), शशि भूषण सिंह तोमर, आदर्श श्रीवास्तव (वित्त), डॉ. राजेश हर्षवर्धन (एमएस)।

# विस्थापित किसानों को प्रति एकड़ मिलेगी एक-एक बोरी यूरिया-डीएपी

## किसानों की समस्या दूर करने का निर्णय, अधिकारियों ने खाद विक्रेताओं के साथ की बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय



बिलसंडा के कस्बा बमरौली में आयोजित संगोष्ठी में कृषि से संबंधित जानकारी देते वैज्ञानिक।

**पूरनपुर।** बाढ़ प्रभाचित गांव चंदिया हजारा के विस्थापित परिवार के लोगों की समस्या को लेकर कृषि विभाग के अधिकारियों ने खाद विक्रेताओं के साथ बैठक की। इसमें गन्ना फसल के सट्टा के अनुसार किसानों को प्रति एकड़ एक-एक बोरी यूरिया व डीएपी देने का निर्णय लिया गया। इससे गन्ना किसानों ने राहत की सांस ली। बतादें कि खाद न मिलने से किसान काफी परेशान थे।

पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा में करीब 415 विस्थापित परिवार है। वह आवंटित जमीन पर खेती कर अपने परिवार की नैय्या चला रहे हैं। विस्थापित परिवारों की भूमि पर किसान पंजीकरण नहीं होता है लेकिन गन्ना विभाग द्वारा सट्टा जारी है। क्षेत्र की करीब 99 प्रतिशत जमीन पर फसल खड़ी है। आरोप है कि कुछ दिन पहले किसान पंजीकरण न होने से कृषि विभाग द्वारा स्थानीय खाद विक्रेताओं को बगैर पंजीकरण के किसानों को खाद देने की रोक लगा दी थी। इससे किसानों को मजबूरन महंगे दाम में खाद लेनी पड़ रही थी। उनको विक्रेताओं द्वारा जबरन जिंक के नाम पर पांच सौ रुपये का बैग दिया जा रहा था जो बेहद घटिया था। ग्राम प्रधान वासुदेव कुंडू, शंकर राय, निरंजन मंडल, सपन सरकार, कार्तिक गुप्ता, इंद्रजीत सहित तमाम किसानों ने एसडीएम को पत्र देकर समस्या के निस्तारण की मांग की। एसडीएम ने सहायक कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल से फोन पर वार्ता कर किसानों की इस समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। शनिवार को गांव के सचिवालय में कृषि विभाग के अधिकारियों ने स्थानीय खाद विक्रेताओं के साथ बैठक की। इसमें विस्थापित किसानों को खाद उपलब्ध कराने के संबंध में वार्ता हुई। निर्णय लिया गया कि जो किसानों को गन्ना सट्टा के अनुसार प्रति एकड़ एक बोरी यूरिया व एक बोरी डीएपी दी जाए। प्रधान वासुदेव कुंडू ने बताया कि किसानों की समस्या हल हुई है। उन्होंने किसानों से खाद लेने के दौरान गन्ना सट्टा की फोटो काफी ले जाने की अपील की। ताकि विक्रेताओं द्वारा आसानी से खाद दी जा सके।

### कृषक संगोष्ठी में दी गई मृदा परीक्षण की जानकारी

**बिलसंडा।** कस्बा बमरौली के पंतनगर एग्री जंक्शन केंद्र पर कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड की ओर से पीएम प्रणाम किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिस में मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर एस एस ढाका ने वैज्ञानिक कृषि के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। कार्यक्रम संयोजक कृभको जिला प्रबंधक अंशु कुमार ने भी मृदा परीक्षण व खाद के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता किशोर न्याय बोर्ड पीलीभीत के सदस्य प्रभात शंखधार ने की। कार्यक्रम में भाजपा नेता प्रकाश शर्मा, भाजपा नेता भृगुराज सिंह, ग्राम प्रधान रणजीत सिंह, सुरेश चौहान, कीर्ति राम वर्मा, सुधीर कुमार शर्मा, रीतराम, विवेक श्रीवास्तव, विवेक अग्निहोत्री, अनुराग मिश्रा, रंजीत सिंह, गुरपेज सिंह, विकास शर्मा, विशेष मिश्रा, विनीत मिश्रा,बृजेश शर्मा समेत लोग प्रमुख रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन स्वेतांक शंखधार ने किया।

## माधौपुर और महादिया कॉलेज का शानदार रहा परिणाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** गुरुनानक इंटर कॉलेज माधौपुर इटौरिया और जय सत गुरुदेव सविता आत्माराम इंटर कॉलेज महादिया का बोर्ड परीक्षा परिणाम शानदार रहा। गुरुनानक इंटर कॉलेज में हाईस्कूल का परिणाम 87.86% रहा, जिसमें आयुष (89%) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं इंटरमीडिएट में 83.61% परिणाम के साथ वैष्णवी देवी (82.80%) टॉपर रहीं।

दूसरी ओर, जय सत गुरुदेव इंटर कॉलेज का हाईस्कूल परिणाम 83% रहा, जहाँ राजवीर यादव (83.50%) ने बाजी मारी। इंटरमीडिएट में अनिकेत अग्निहोत्री (76.60%) प्रथम स्थान पर रहे। विद्यालय के अन्य मेधावियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर दोनों विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने सभी सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## चूल्हा पर बन रहा खाना, सिलेंडर के लिए भटक रहा उपभोक्ता

*जागरण मोर्चा कार्यालय*

***पूरनपुर।*** *घरेलू गैस कनेक्शन कराने के कई दिन बाद भी उपभोक्ता को सिलेंडर नहीं मिल सका है। आरोप है कि गैस एजेंसी पर जिम्मेदार लोग उसको लगातार टरका रहे हैं। मजबूरन उसके घर गर्मी के दौरान भी लकड़ी जलाकर चूल्हे पर खाना पकाया जा रहा है। ग्रामीण ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की है।*

*घरेलू गैस सिलेंडर के लिए नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक लोग परेशान हैं। किसी को कनेक्शन कराने के बाद तो किसी को बुकिंग के बाद सिलेंडर नहीं मिल रहा है। आरोप है कि संबंधित विभाग के अधिकारियों की गैस एजेंसी संचालकों से मिलीभगत है। ऐसे में उपभोक्ताओं की यह समस्या दूर नहीं हो पा रही है। विभागीय अधिकारियों की इस उदासीनता और एजेंसी संचालकों की मनमानी का खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। गांव तकिया दीनारपुर के अनुज कुमार ने घरेलू गैस सिलेंडर न मिलने की समस्या को लेकर डीएम को शिकायती पत्र दिया है। इसमें कहा कि उसने रूरिया सलेमपुर में संचालित गैस एजेंसी पर अपने पिता राजेंद्र कुमार के नाम से कनेक्शन कराया था। कई दिन बीत जाने के बाद भी सिलेंडर नहीं दिया गया है। आरोप है कि गैस एजेंसी के संचालक उसको कई दिन से टरका रहे हैं और गैस सिलेंडरों को ब्लैक करते हैं। सिलेंडर न मिलने से उसके घर में खाना बनाने की समस्या होती है। मजबूरन लकड़िया खरीदकर चूल्हे पर भोजन बनता है। आरोप है कि गैस एजेंसी संचालक की पहले भी शिकायतें हो चुकी हैं लेकिन मिलीभगत के चलते कार्रवाई नहीं हो रही है। पूर्ति निरीक्षक बृजेश कुमार का कहना है कि शिकायत मिलने पर जांच की जाएगी।*


मलेरिया के प्रति जागरूकता के लिए समीक्षा बैठक करते सीएमओ आलोक कुमार। –जागरण मोर्चा

# मलेरिया पर वार, जन-जागरण तैयार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जनपद में मलेरिया उन्मूलन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस वर्ष की थीम "मलेरिया को समाप्त करने का दृढ़ संकल्प-अब हमें करना ही होगा" रही। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों, विद्यालयों और ग्राम स्तर पर रैलियों व गोष्ठियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने सभी बुखार मरीजों की अनिवार्य जांच, समय पर उपचार और मच्छरजनित स्थलों को खत्म करने पर जोर दिया। "हर रविवार—मच्छर पर वार" जैसे संदेशों के जरिए भी अभियान चलाया जा रहा है। सीएमओ ने बताया कि वर्ष 2026 में अप्रैल तक 29,561 जांचों में 3 मलेरिया मरीज मिले हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि पानी जमा न होने दें और बुखार होने पर तुरंत जांच कराएं। सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच व इलाज निःशुल्क है।

## पूरनपुर-घुंघचाई में लगा समाधान दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** शनिवार को पूरनपुर और घुंघचाई थानों में आयोजित 'समाधान दिवस' में फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी। पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान मुख्य रूप से भूमि विवाद, आपसी मारपीट, रास्ते के झगड़े और पारिवारिक विवाद से संबंधित मामले सामने आए। अधिकारियों ने कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया और शेष जटिल प्रकरणों की जांच के लिए टीमें गठित कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप हर शनिवार को इस कार्यक्रम का आयोजन होता है, ताकि आमजन को न्याय के लिए भटकना न पड़े।

# बीमारियों का खतरा: सफाई कर्मचारी नदारद, कूड़ेदानों का अता-पता नहीं

जागरण मोर्चा कार्यालय

### ग्रामीण अंचलों की सफाई व्यवस्था पड़ी बदहाल

**पूरनपुर।** ग्राम पंचायतों में साफ सफाई के लिए दिए गए कूड़ेदान गायब हैं। इसके चलते सफाई व्यवस्था बदहाल पडी हुई है।सफाई व्यवस्था ठीक न होने से बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है। ग्राम पंचायतों में तैनात कर्मचारी यदा कदा ही गांव पहुंच रहे है। ग्रामीण खुद ही नालियों की सफाई करने को मजबूर हो रहे हैं।

गांवों को साफ सुथरा बनाए जाने के लिए हर ग्राम पंचायतों में लाखों रुपए खर्च कर कूड़ेदान दिए गए हैं।इससे कूढा करकट उसमे डाल कर गंदगी न फैल सके।लेकिन कुछ ही दिनों तक गांव में कूढेदान देखने को मिले, उसके बाद कूड़ेदान धीरे-धीरे गायब हो गए।जिम्मेदार अधिकारी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।इसके चलते ग्रामीण अंचलों की सफाई व्यवस्था वदहाल है। गांवों में तैनात सफाई कर्मचारी कभी कभार ही सफाई करने पहुंच रहे है। इसके चलते ग्रामीण स्वयं ही नालियों की साफ सफाई करने को मजबूर हो रहे हैं। अधिकारियों की लापरवाही के चलते गायब कूढेदान कहां है इसका पता नहीं लगा पा रहे हैं। जगह-जगह गंदगी के ढेर के अलावा नालियां गंदगी से बज बजा रही है।इसके चलते संक्रामक रोग फैलने की भी आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है।क्षेत्र की अधिकांश ग्राम पंचायतों में देखा जाए तो इस समय सफाई व्यवस्था बदहाल दिख रही है। स्कूल,रास्ते,नालियों व चिकित्सालय से लेकर प्रत्येक जगह गंदगी के ढेर लगे दिखाई दे रहे हैं। स्वच्छता के प्रयासों में तेजी लाने को बल देने की पहल का धरातल पर कोई असर नहीं दिख रहा है। लंबे अरसे से सफाई व्यवस्था ठप होने से मच्छरों आदि का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है।जिससे संक्रामक रोग फैलने की भी आशंका जताई जा रही है।

## ओवरलोड ट्रांसफॉर्मर से जनता बेहाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** मोहल्ला कायस्थान, महर्षि वाल्मीकि मंदिर के पास स्थित फीडर संख्या-4 में लगे ट्रांसफॉर्मर की कम क्षमता और बार-बार खराबी से परेशान क्षेत्रवासियों ने थाना दिवस में प्रार्थना पत्र देकर समस्या के समाधान की मांग की है। शिकायत में बताया गया कि करीब 400 केवीए का ट्रांसफॉर्मर ओवरलोड होने के कारण बार-बार जल जाता है, जिससे क्षेत्र में प्रतिदिन 10-12 घंटे तक बिजली बाधित रहती है और जनजीवन, व्यापार व छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व में यहां अधिक क्षमता का ट्रांसफॉर्मर लगा था, जिसे हटाकर कम क्षमता का ट्रांसफॉर्मर स्थापित कर दिया गया।

# गर्मी बढ़ते ही शेरपुरकलां में बिजली संकट गहराया

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शेरपुरकलां।** कस्बे में तापमान बढ़ते ही बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। आए दिन तार टूटने और बार-बार ट्रिपिंग की समस्या से स्थानीय लोग काफी परेशान हैं। खासकर रात के समय बिजली कब चली जाए, इसका कोई भरोसा नहीं रहता, जिससे लोगों की नींद और दिनचर्या प्रभावित हो रही है।

स्थिति यह है कि एक ओर जहां खराब तारों को दुरुस्त किया जाता है, वहीं दूसरी ओर कई जगह तार जलने की घटनाएं सामने आ रही हैं। साथ ही, अघोषित बिजली कटौती ने भी समस्या को और गंभीर बना दिया है। बिजली विभाग के लाइनमैन सिकंदर खान को रात-रात भर जागकर लाइनों की मरम्मत और निगरानी करनी पड़ रही है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा। स्थानीय लोगों ने विभाग से जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

# चौपाल में गूंजी भूमिधरी अधिकार की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय


चौपाल लगाकर समस्याएं सुनते भाजपा विधायक। –जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** भाजपा विधायक वावूराम पासबान ने दौरा कर चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना। चौपाल में ग्रामीणो ने भूमिधरी अधिकार दिलाने की मांग विधायक से की। जिस पर उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया।

शनिवार को क्षेत्रीय विधायक वावूराम पासबान घुंघचाई क्षेत्र की ग्राम पंचायत मटेहना ता.घुंघचाई और जमुनिया जगतपुर में पहुंचे, जंहा विधायक बाबूराम पासबान ने दोनों ग्राम पंचायतों में चौपाल लगाई। जंहा बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं। जिनकी समस्याओं को प्रमुखता से सुनी। इसके बाद उन्होंने ने सबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित कर लोगों को समाधान कराने का आश्वासन दिया। चौपाल में सबसे प्रमुख समस्या भूदान की जमीनों पर भूमिधरी अधिकार दिलाने का रहा, जिस पर ग्रामीणों ने एकजुट होकर विधायक से भूमिधरी अधिकार दिलाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि वे लंबे समय से भूदान में मिली जमीनों पर खेती और निवास कर रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें कानूनी रूप से मालिकाना हक नहीं मिल पाया है। जिस पर विधायक ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए भरोसा दिलाया कि इस मुद्दे को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने रखेंगे। उन्होंने कहा कि पात्र लोगों को उनका हक दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस दौरान पूर्व प्रधान वीरेंद्र प्रताप सिंह ध्रुव, ग्राम प्रधान शिवकुमार गुप्ता, ग्राम प्रधान तौलेराम पासबान, संतोष पासबान सहित कई लोग मौजूद रहे।

## विधायक ने निरीक्षण कर बच्चों से किया संवाद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र की डूंडा कॉलोनी स्थित प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से सीधा संवाद कर उनके पसंदीदा विषयों और स्कूल की सुविधाओं पर चर्चा की। विधायक ने बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है। विधायक ने स्कूली बच्चों को शैक्षिक सामग्री व पुस्तकें भी भेंट कीं। बच्चों ने भी विधायक के साथ अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर मौजूद अभिभावकों ने विधायक के इस प्रयास की सराहना की।

# सीएचसी में ठंडे पानी का लगा फ्रिजर बना शोपीस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** फ्रिजर लगाए जाने के वावजूद लोगों को इसका लाभ नही मिल पा रहा है। जिससे इधर उधर भटकना पड रहा है।

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नगरपालिका की ओर से गर्मी में ठंडे पानी से मरीजों को राहत मिले इसको लेकर ठंडे पानी का फ्रिजर लगाया गया था। जिससे लोगों को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड रहा है। मरीजों और तीमारदारों के लिए लगाए गए ठंडे पानी के फ्रिजर (वाटर कूलर) शौपीस वना हुआ है। लगातार पड रही भंयकर गर्मी से पानी गर्म आ रहा है।भीषण गर्मी के बीच मरीजों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि सीएचसी परिसर में लगाया गया यह वाटर कूलर लंबे समय से शौपीस वना है। लेकिन जिम्मेदार विभाग द्वारा इसकी मरम्मत को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थिति यह है कि लाखों रुपये की लागत से लगाया गया यह उपकरण अब केवल शोपीस बनकर रह गया है। अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों ने बताया कि गर्मी के मौसम में पीने के पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, लेकिन कूलर खराब होने से उन्हें बाहर से पानी खरीदना या हैंडपंप पर निर्भर रहना पड़ता है। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से जल्द से जल्द खराब वाटर कूलर को ठीक कराने की मांग की है, ताकि मरीजों को राहत मिल सके और उन्हें बुनियादी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो सकें।

**समस्या** प्रशासन और स्कूल प्रबंधन की लचर व्यवस्थाओं पर उठे गंभीर सवाल

# गर्मी में चक्काजाम : बेन-हर स्कूल के पास भारी जाम

जागरण मोर्चा कार्यालय



पीलीभीत में बेलगाम रोड पर स्कूलों की छुट्टी के बाद लगा हुआ जबरदस्त जाम।

### 40 डिग्री की तपिश में घंटों फंसे रहे मासूम बच्चे और बुजुर्ग

**पीलीभीत।** शनिवार को बिलगवा रोड स्थित बेन-हर पब्लिक स्कूल के सामने की सड़क उस वक्त 'सड़क नहीं, बल्कि जंग का मैदान' बन गई, जब वहां भीषण जाम लग गया। एक तरफ आसमान से बरसती आग और 40 डिग्री सेल्सियस का टॉर्चर, तो दूसरी तरफ रेंगते वाहनों के धुएं ने आम जनता का जीना मुहाल कर दिया।

दोपहर के समय जब स्कूल की छुट्टी हुई, तो स्कूल बसों और निजी वाहनों के बेतरतीब जमावड़े के कारण देखते ही देखते लंबा जाम लग गया। आलम यह था कि लगभग आधे किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। लू के थपेड़ों और चिलचिलाती धूप के बीच स्कूल की बसों में बैठे छोटे-छोटे बच्चे पसीने से तर-बतर नजर आए। कई बच्चे गर्मी के कारण निढाल हो गए, वहीं जाम में फंसे बुजुर्गों और महिलाओं की स्थिति भी अत्यंत दयनीय रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल की छुट्टी के समय अक्सर यहां यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है। इसके बावजूद प्रशासन और स्कूल प्रबंधन द्वारा इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। भीषण गर्मी के इस मौसम में जब पारा 40 डिग्री के पार जा रहा है, ऐसे में मासूमों का घंटों जाम में फंसना किसी बड़ी लापरवाही से कम नहीं है। जाम में फंसे एक परेशान अभिभावक ने अपना दर्द बयां करते हुए कहाः "हम पिछले एक घंटे से यहां फंसे हुए हैं। न आगे जाने का रास्ता है और न पीछे हटने की जगह। इस आग उगलती गर्मी में बच्चों का बुरा हाल है। प्रशासन को इस ओर तुरंत ध्यान देना चाहिए।

# बाबूगिरी में जुटे सफाई कर्मी, गंदगी से बेहाल गांव

जागरण मोर्चा कार्यालय


गांव नवदिया पगार में सड़क पर भारी गंदगी में पनप रहे मच्छर।

**बिलसंडा।** सफाई कर्मियों के ड्यूटी से नदारद रहने के कारण गांवों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा कर रह रही है। बावजूद इसके कई सफाई कर्मी एडीओ पंचायत कार्यालय में बाबू गीरी कर रहे हैं।

गांवों में सफाई व्यवस्था बेपटरी होने की वजह से जगह-जगह कूड़े के ढेर एवं चोक नालियों के कारण सड़क पर जलभराव होने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। लेकिन इसके बाद भी सफाई व्यवस्था सुदृढ़ कराने की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। इतना ही नहीं कई सफाई कर्मियों को अनाधिकृत रूप से एडीओ पंचायत कार्यालय में हर वक्त बाबू गिरी करते हुए भी देखा जा सकता है। इन सफाई कर्मियों को गांवों में सफाई व्यवस्था करने की वजाय बाबूगिरी करने में ज्यादा फायदा दिखाई दे रहा है। शायद यही वजह है कि सफाई कर्मी अपनी मूल जिम्मेदारी से बचते हुए अधिकारियों के घरों एवं कार्यालयों में चाकरी करना ज्यादा अच्छा समझ रहे हैं। उधर गांव नवदिया पगार में महीनों से सफाई न होने की वजह से नालियां चोक हो गई हैं। जिस कारण नालियों का गंदा पानी अब सड़कों पर बहना शुरू हो गया है।उधर गांव इरादतपुर पगार निवासी मलखान कश्यप, राकेश ,,शिवराम, मनीष ,मेवाराम, झब्बू लाल समेत ग्रामीणों का कहना है कि सफाई गर्मी की तैनाती न होने की वजह से गांव में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। उधर अधिकांश गांवों के ग्रामीणों का कहना है कि गांवों में सफाई कर्मी के काम करने न आने की वजह से चारों ओर गंदगी फैली हुई है। नालियां चोक हो गई हैं। जिसकी वजह से गंदा पानी हर वक्त सड़कों पर भरा रहता है।सफाई कर्मी के ड्यूटी से नदारद रहने के बावजूद विभागीय अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करते हैं जिसका सफाई कर्मी फायदा उठाते हैं। गांव में नालियों का कीचड़ युक्त पानी सड़कों पर बहने की वजह से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।गांव में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। जिम्मेदार इस ओर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसके चलते सफाई न होने की वजह से नालियां चोक पड़ी है नालियों का गंदा पानी हर वक्त सड़कों पर भरा रहता है। जिस कारण गर्मी के इन दिनों संक्रामक रोगों के फैलने की भी आशंका बढ़ रही है।

# पुलिस मुठभेड़ में शिकारी घायल, पैर में लगी गोली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**माधोटांडा।** पुलिस और वन्यजीव शिकार के आरोपी बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें आरोपी घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बराही जंगल में जंगली सूअर का शिकार करने वाला वांछित आरोपी क्षेत्र में मौजूद है। इसके बाद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान हरजिंदर सिंह पुत्र कक्का सिंह की घेराबंदी की गई। खुद को घिरता देख आरोपी ने पुलिस टीम पर अवैध असलाह से फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से पुलिस ने एक .315 बोर तमंचा और दो



जंगली जानवरों के शिकार के आरोपी को गिरफ्तार करके ले जाती पुलिस।

जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधोटांडा ले जाया गया, जहां उसका इलाज कराया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर बराही जंगल में जंगली सूअर का शिकार करता था। इस मामले में 15 अप्रैल 2026 को थाना माधोटांडा में मुकदमा दर्ज किया गया था। मुठभेड़ और गिरफ्तारी की कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाल, उपनिरीक्षक अमरीश बाबू सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्य शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने बताया कि वन्यजीव शिकार जैसे अपराधों में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## थाना समाधान दिवस में सुनी समस्याएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** थाना कांठ और छजलैट में शनिवार को एसडीएम संत दास पवार की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल सात फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें अधिकांश मामले राजस्व विभाग से संबंधित थे। हालांकि, मौके पर किसी भी शिकायत का तत्काल निस्तारण नहीं हो सका, जिसके बाद एसडीएम ने जांच हेतु टीमें रवाना कर दीं। एसडीएम ने कड़े निर्देश दिए कि भूमि विवादों के निपटारे के लिए राजस्व निरीक्षक, लेखपाल और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करे। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्राम समाज की भूमि या सार्वजनिक चकरोड पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार योगेश चंद शर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बिना अनुमति स्थापित अंबेडकर प्रतिमा हटाने पर हंगामा, पुलिस बल तैनात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** थाना क्षेत्र के ग्राम मुजफ्फरपुर टांडा में बिना प्रशासनिक अनुमति के बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित किए जाने की सूचना पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने रात में ही प्रतिमा को हटाकर अपने कब्जे में ले लिया, जिससे अगले दिन ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार रात गांव के कुछ लोगों द्वारा पार्क में चबूतरे पर अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी गई थी। शुक्रवार को दिनभर प्रतिमा वहीं रही लेकिन रात में इसकी शिकायत पुलिस अधिकारियों से की गई। इसके बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह व क्षेत्राधिकारी शुभम पटेल भारी पुलिस बल के साथ देर रात गांव पहुंचे और ग्रामीणों की मौजूदगी में प्रतिमा



मौके पर मौजूद पुलिस व अधिकारी।

को हटाकर अपने कब्जे में ले लिया।

शनिवार सुबह प्रतिमा हटाए जाने की जानकारी मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए और विरोध जताया। सूचना पर एससी समाज के लोग और स्थानीय प्रतिनिधि भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों ने स्थिति को संभालते हुए प्रतिमा को ग्रामीणों को सौंप दिया और उसे एक कमरे में सुरक्षित रखकर स्थल को सील कर दिया। एहतियात के तौर पर गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि बिना अनुमति किसी भी सार्वजनिक स्थल पर प्रतिमा स्थापित करना नियमों के विरुद्ध है जबकि ग्रामीणों ने प्रशासन से विधिवत अनुमति देकर प्रतिमा स्थापित कराने की मांग की है। फिलहाल गांव में स्थिति नियंत्रण में है और पुलिस लगातार नजर बनाए हुए है।

# डीएम-एसपी ने किया केन्द्रों का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** उ0प्र0 होमगाड्र्स लिखित एनरोलमेंट-2025 परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने ड्रमण्ड राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज, एस0एन0 इंटर कॉलेज, उपाधि महाविद्यालय तथा राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सहित कई केन्द्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी निगरानी कक्ष का निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजामों




सिद्दीकी नेशनल इंटर कॉलेज का जायजा लेते हुए डीएम व एसपी। -जागरण मोर्चा

- सीसीटीवी से हर गतिविधि पर रखी गई पैनी नजर
- डीएम ने स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को दिए सख्त निर्देश

की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान लगातार कक्षों का भ्रमण करते रहें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान संबंधित केन्द्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं कक्ष निरीक्षक उपस्थित रहे।

## बीज भंडार प्रभारी पर भ्रष्टाचार व लापरवाही के आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** क्षेत्र के निवासी प्यारे लाल ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर बीज भंडार प्रभारी विजेंद्र कुमार शर्मा पर भ्रष्टाचार और ड्यूटी में लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार, आरोपी कर्मचारी अपने तैनाती स्थल के बजाय एक विद्यालय में अनधिकृत रूप से मौजूद रहता है, जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। आरोप है कि विजेंद्र कुमार अधिकारियों से साठगांठ कर शिकायतों को दबवा देता है और ग्रामीणों को धमकाता है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री को भी प्रतिलिपि भेजकर निष्पक्ष जांच और पूरनपुर से अटैचमेंट हटाने की मांग की है।

# टाह पौटा विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक की बैठक हुई आयोजित




टाह पौटा के विद्यालय में पेटीएम में भाग लेते अभिभावक।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** विकास खंड मरौरी के प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित की गई।

प्रधानाध्यापक डॉ. विभव सक्सेना ने अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने की अपील की। बैठक में निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों को दक्ष बनाने पर चर्चा हुई तथा घर पर पढ़ाई के लिए दीक्षा ऐप और रीड अलांग ऐप के उपयोग की सलाह दी गई। साथ ही हीट वेव से बचाव के उपाय बताए गए और जागरूकता पोस्टर वितरित किए गए। इस दौरान अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफल छात्रा झलक वर्मा को सम्मानित किया गया।

# दहेज के लिए विवाहिता को पीटा, घर से निकाला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का मामला सामने आया है, जहां अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल देने का आरोप लगाया गया है। पीड़िता की मां ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, बरेली जनपद के थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम गजरौला निवासी सुनीता देवी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री पूजा देवी की शादी वर्ष 2022 में कस्बा व थाना बरखेड़ा के वार्ड नंबर-7 निवासी अरविंद कुमार पुत्र नारायणलाल के साथ हिन्दू रीति-रिवाज से की थी। शादी में अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज भी दिया गया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही दामाद अरविंद कुमार और उसकी बुआ भगवान देई पत्नी सुरेश (निवासी बालपुर पट्टी, थाना जहानाबाद) दहेज से संतुष्ट नहीं थे और आए दिन उनकी पुत्री के साथ मारपीट करते हुए एक लाख रुपये की अतिरिक्त मांग कर रहे थे। पीड़िता द्वारा असमर्थता जताने पर आरोप है कि 23 अप्रैल की रात करीब 9 बजे ससुराल पक्ष ने विवाहिता के साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया और दोबारा बिना दहेज लौटने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता की मां ने थाना बरखेड़ा पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## घर में घुसकर मारपीट करने के आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर में घर में घुसकर मां-बेटे के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने शनिवार को तीन और फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बीती 15 अप्रैल को मामूली विवाद के बाद हमलावरों ने राजीव चौहान के घर में घुसकर लाठी-डंडों से उन पर और उनकी मां पर जानलेवा हमला किया था। पुलिस ने राजीव की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। एक आरोपी पहले ही पकड़ा जा चुका था, जबकि शेष तीन को शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

# क्रीड़ा समारोह व 'तरंग' युवा महोत्सव संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** राजकीय महाविद्यालय कांठ में द्विदिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह 2026 एवं युवा महोत्सव 'तरंग' का समापन शनिवार को उत्साहपूर्वक हुआ।

दूसरे दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नजाकत हुसैन के द्वारा किया गया। क्रीड़ा प्रभारी डॉ मुदित सिंघल ने कैरम प्रतियोगिता का आयोजन कराया जिसमें महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। कैरम प्रतियोगिता में पायल, त्रिक्षा, सलोनी, विवेक कुमार, विपुल तथा असद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। द्विदिवसीय युवा महोत्सव तरंग का आयोजन दिनांक 24 व 25 अप्रैल को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ



कार्यक्रम के समापन में उपस्थित छात्र छात्रा व स्टाफ। -जागरण मोर्चा

नजाकत हुसैन तथा कार्यक्रम की संयोजिका डॉ नौमी प्रिया के नेतृत्व में किया गया। तरंग कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, एकल गायन एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिनमे साक्षी, निकांशा, मनीषा, पायल, माही, आयुषी, प्रज्ञा चौहान एवं विवेक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किये। वार्षिक क्रीड़ा समारोह तथा तरंग महोत्सव के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

रचनात्मकता | बिट्स एंड बोर्ड' व 'शेप्स हंटिंग' गतिविधियों का आयोजन

# बेन-हर किड्स वर्ल्ड में खेल-खेल में सीखीं आकृतियां




बैनहर स्कूल में बिट्स एंड बोर्ड व शेप्स हंटिंग गतिविधियों में भाग लेते बच्चे।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** बेनहर रोड स्थित बेन-हर किड्स वर्ल्ड में नन्हे बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से 'बिट्स एंड बोर्ड' और 'शेप्स हंटिंग' गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए खेल-खेल में सीखने का आनंद उठाया।

प्री-नर्सरी के बच्चों ने 'बिट्स एंड बोर्ड' गतिविधि में रंग-बिरंगे बोड्र्स के साथ अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। वहीं नर्सरी के बच्चों के लिए आयोजित 'शेप्स हंटिंग' गतिविधि में उन्होंने विभिन्न आकृतियों की पहचान की और आसपास की वस्तुओं के माध्यम से उन्हें समझा। कुछ बच्चों ने खेल के जरिए तो कुछ ने खुद आकृतियां बनाकर उनके अंतर को सीखा। इस मौके पर स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. परविंदर सिंह सैनी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों की मानसिक क्षमता और रचनात्मकता को बढ़ाती हैं। प्रधानाचार्य करिश्मा सिंह सैनी ने भी बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि व्यवहारिक शिक्षा आत्मविश्वास को मजबूत बनाती है। कार्यक्रम का संचालन नर्सरी इंचार्ज मोहिनी उपाध्याय के निर्देशन में हुआ। इस दौरान शिक्षिका मेघा अरोड़ा, शिखा मित्तल, ऋचा अग्रवाल, अनीता शर्मा, काशिफा, तन्वी अग्रवाल, सलोनी और आर्मिश सिराज का विशेष सहयोग रहा।

# महिला से मारपीट, सिर में ईट मारकर किया घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम महादेवा में पारिवारिक विवाद के चलते महिला व उसके पति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

जानकारी के अनुसार, महादेवा निवासी रुबी पत्नी अख्तर हुसैन ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके जेठ मुस्ताक पुत्र इकरार और जेठानी नजमा पत्नी मुस्ताक ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। आरोप है कि मारपीट के दौरान उसके सिर में ईंट मारकर उसे घायल कर दिया गया। साथ ही उसके पति अख्तर हुसैन का गला दबाने की कोशिश कर उसे भी चोटिल किया गया। पीड़िता का कहना है कि आरोपी उसे लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जिससे वह भयभीत है। इसके अलावा आरोप है कि जेठानी नजमा उसके ससुर को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए कपड़े फाड़ने जैसी हरकतों की बात कह रही है। पीड़िता ने थाना बीसलपुर पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप समाचार

### नरई जलाने के मामले में 3 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** नरई जलाने से मना करने पर मारपीट की गई। पुलिस ने केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव नवदिया मुजफ्फरनगर निवासी बलवीर सिंह ने बताया कि उसके खेत मे गेंहू खडा हुआ था। 13 अप्रैल को शाम करीव सात बजे घुंघचाई क्षेत्र के गांव सुंदरपुर निवासी हरबिंदर सिंह व नवदिया मुजफ्फरनगर निवासी रंजीत सिंह,जोधवीर सिंह ने अपने खेत पर साठा धान लगाने के लिए गेंहू की नरई में आग लगा दी। पीडित मौके पर गया। इसके बाद उसने खेत पर गेंहू का फसल खडी होने के बाबजूद नरई जलाने का विरोध किया। तो आरोपियों ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर मारा पीटा और जान से मारने और आग में डालने की धमकी दी। इस दौरान कई लोग मौके पर एकत्र हो गए। और विवाद को शांत कराया। इसके बाद पीडित ने कोतवाली पुलिस को मामले की तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। कार्रवाई की जा रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**पूरनपुर।** शुक्रवार की देर रात पूरनपुर—कलीनगर मार्ग पर नबदिया धनेश के पास एक सड़क हादसे में एक युवक घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। पीलीभीत निवासी रामकिशोर समारोह से वापस अपने घर को लौट रहा था। शुक्रवार की देर रात कलीनगर पूरनपुर रोड पर स्थित नवदिया धनेश के पास आते ही किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। रात का फायदा उठाकर चालक मौके से फरार हो गया। काफी देर तक घायल युवक पडा रहा। राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को सड़क से हटाया और तत्काल मदद करते हुए उसकी जान बचाई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

### ओवरलोड ट्रांसफॉर्मर से परेशान मोहल्लावासियों ने दी शिकायत, क्षमता बढ़ाने की मांग

**पूरनपुर।** मोहल्ला कायस्थान, महर्षि वाल्मीकि मंदिर के पास स्थित फीडर संख्या-4 में लगे ट्रांसफॉर्मर की कम क्षमता और बार-बार खराबी से परेशान क्षेत्रवासियों ने थाना दिवस में प्रार्थना पत्र देकर समस्या के समाधान की मांग की है। शिकायत में बताया गया कि करीब 400 केवीए का ट्रांसफॉर्मर ओवरलोड होने के कारण बार-बार जल जाता है, जिससे क्षेत्र में प्रतिदिन 10-12 घंटे तक बिजली बाधित रहती है और जनजीवन, व्यापार व छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व में यहां अधिक क्षमता का ट्रांसफॉर्मर लगा था, जिसे हटाकर कम क्षमता का ट्रांसफॉर्मर स्थापित कर दिया गया। उस समय विभाग द्वारा पुन: उच्च क्षमता का ट्रांसफॉर्मर लगाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए जल्द से जल्द अधिक क्षमता का ट्रांसफॉर्मर लगाया जाए, ताकि बिजली संकट से राहत मिल सके। प्रार्थना पत्र की प्रतिलिपि अधिशासी अभियंता उपखंड अधिकारी व अवर अभियंता , विद्युत विभाग को भी भेजी गई है।

### युवक से मारपीट, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग

**पीलीभीत।** थाना क्षेत्र के ग्राम पिपराखास में एक युवक के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पिपराखास निवासी राजकुमार पुत्र रामचन्द्र लाल ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 23 अप्रैल की रात करीब 9 बजे वह अपने खेत से घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के ही कुवरसेन पुत्र सुम्मेरलाल ने उसे रास्ते में रोक लिया और बिना किसी कारण के गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोप है कि आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि घटना के बाद वह काफी भयभीत है। उसने थाना बरखेड़ा पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### युवती से छेड़छाड़ का आरोप, विरोध पर मारपीट

**बीसलपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव एक युवती के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, एक गांव के एक ग्रामीण ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 23 अप्रैल 2026 की शाम करीब 7 बजे गांव के ही जैवीर पुत्र रामऔतार वर्मा ने उसे घर में अकेला पाकर गंदी नीयत से पकड़ लिया। विरोध करने और शोर मचाने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने थाना बीसलपुर पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### घर में घुसकर महिला से मारपीट, चाकू से हमला

**बीसलपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर में घर में घुसकर मारपीट और नाबालिग पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, ग्राम रायपुर निवासी रामफूल पुत्र चुन्नीलाल कश्यप ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 17 अप्रैल 2026 की शाम करीब 6 बजे गांव के ही रामकिशन पुत्र होरीलाल, रतनलाल पुत्र रामकिशन तथा एक अज्ञात महिला व एक अज्ञात पुरुष उसके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने उसकी पत्नी सरोजा देवी के साथ लात-घूंसों से मारपीट की। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने उसकी करीब 15 वर्षीय बेटी गुड्डी पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। बताया कि उक्त लोग पहले भी उसके परिवार के साथ मारपीट कर चुके हैं और लगातार गांव छोड़ने का दबाव बना रहे हैं। पीड़ित ने थाना बीसलपुर पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

अभय सिंह ने एलेइनिन को हराया

# पहली बार पीएसए गोल्ड-लेवल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के स्क्वाश खिलाड़ी अभय सिंह ने ज्यूरिख में खेले जा रहे ग्रासहॉपर कप स्क्वैश टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है ।भारत के अभय सिंह ने ज्यूरिख में खेले जा रहे ग्रासहॉपर कप स्क्वैश टूर्नामेंट में मिस्र के विश्व नंबर 13 अली अबू एलेइनिन को हराकर पहली बार पीएसए गोल्ड लेवल की प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज अभय दूसरे दौर के पहले गेम में 5-8 से पीछे चल रहे थे। उन्होंने हालांकि शानदार वापसी करते हुए सातवीं वरीयता प्राप्त एलेइनिन को 12-10, 11-9 से मात दी।



**अभय के सामने अब कड़ी चुनौती** - इस महीने की शुरुआत में भी अभय ने मिस्र में आयोजित एल गूना ओपन में भी एलेइनिन को हराया था। अभय के सामने अब क्वार्टर फाइनल में मिस्र के विश्व नंबर चार करीम गवाड की चुनौती होगी। उन्होंने शुरुआती दौर में स्विट्जरलैंड के डेविड बेर्नेट को 11-9, 9-11, 11-8 से हराया था। भारत के ही रमित टंडन को मिस्र के फारेस देसौकी के खिलाफ 6-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा।

सचिन तेंदुलकर बर्थडे

# 'क्रिकेट के भगवान' ने फैंस के साथ मनाया जन्मदिन

**मुंबइ, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर अपना 53वां जन्मदिन मना रहे हैं। सचिन को उनके जन्मदिन पर न सिर्फ क्रिकेट बल्कि समाज के अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े लोग भी बधाई दे रहे हैं। फैंस के दिल में राज करने वाले सचिन ने अपने जन्मदिन का केक फैंस के बीच काटा। सचिन ने अपनी पत्नी अंजली तेंदुलकर के साथ सैकड़ों फैंस के सामने केक काटा और फैंस की बधाइयों के लिए उनका शुक्रिया किया। इस अवसर पर उनके फैन के रूप में पहचान बनाने वाले सुधीर भी मौजूद थे। वह झंडा लहरा रहे थे और केक कटने के समय शंख बजा रहे थे। सचिन तेंदुलकर को उनके जन्मदिन पर उनके साथी खिलाड़ियों ने बधाई दी है। युवराज सिंह ने एक्स पर लिखा, 'जन्मदिन मुबारक पाजी। आपके साथ मैदान साझा करना मेरे लिए सम्मान की बात थी, लेकिन आपसे सीखना उससे भी बड़ी बात थी। आपका अनुशासन, विनम्रता और प्यार हम सभी के लिए एक मिसाल है। उन यादों और उस प्रेरणा के लिए धन्यवाद, जो आप आज भी हमारे लिए बने हुए हैं। ढेर सारा प्यार।' हरभजन सिंह ने एक्स पर सचिन तेंदुलकर के साथ अपनी फोटो साझा करते हुए लिखा, 'जन्मदिन मुबारक पाजी। वाहेगुरु आपको अच्छी सेहत, दौलत, खुशी और शांति का आशीर्वाद देते रहें। सच्चे लेजेंड, सिर्फ मैदान पर ही नहीं बल्कि मैदान के बाहर भी मास्टर। हमेशा प्यार।' ब्रेट ली ने फेसबुक पर लिखा, 'क्रिकेटर होते हैं, महान क्रिकेटर होते हैं, और फिर सचिन तेंदुलकर हैं। एक ऐसे इंसान को जन्मदिन की बधाई जिसने सिर्फ क्रिकेट नहीं खेला, बल्कि वह क्रिकेट बन गया। उसे देखना एक कला थी। एक लेजेंड, एक जेंटलमैन, और एक सच्चा दोस्त। और क्योंकि आज आपका जन्मदिन है और मैं दिल खोलकर खेल रहा हूं, तो यह रहा एक गिफ्ट—एक हाफ वॉली, स्ट्रेट और स्लॉट में राइट। आगे बढ़ो, सचिन। तुम्हें पता है कि इसके साथ क्या करना है। तुम्हें हमेशा पता था। जन्मदिन मुबारक हो, लिटिल मास्टर।'



फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान कल मना रहे बर्थडे

# सबसे ज्यादा कमाई करने वाले फुटबॉलर रहे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल के इतिहास में आई. एम. विजयन का नाम बेहद सम्मान के साथ लिया जाता है। वह भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान भी रह चुके हैं। आई. एम. विजयन का जन्म 25 अप्रैल 1969 को त्रिशूर, केरल में हुआ था। उनका पूरा नाम इनिवलाप्पिल मणि विजयन है। विजयन का बचपन काफी गरीबी में बीता। परिवार की आर्थिक मदद करने के लिए उन्हें स्टेडियम में सोडा बेचने तक का काम करना पड़ा।



# संजू सैमसन ने मुंबई के खिलाफ शतक जड़ रच दिया इतिहास



**मुंबई, एजेंसी।** आईपीएल 2026 के 33वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुंबई इंडियंस को 103 रनों से रौंदा. वानखेड़े के मैदान पर मिली धमाकेदार जीत के साथ ही सीएसके आईपीएल में एमआई के खिलाफ सर्वाधिक जीत दर्ज करने वाली टीम बन गई है.

चेन्नई सुपर किंग्स से मिले 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस की पूरी टीम 19 ओवर में 104 रन बनाकर ऑलआउट हो गई. संजू सैमसन ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए इस सीजन का अपना दूसरा शतक लगाया. सैमसन ने 54 गेंदों में 101 रनों की नाबाद पारी खेली . अपनी इस पारी में संजू ने 10 चौके और 6 छक्के लगाए. ऋतुराज गायकवाड़ ने 22 रन बनाए, तो सरफराज खान ने 14 रनों का योगदान दिया. वहीं, डेवाल्ड ब्रेविस ने 21 और कार्तिक शर्मा ने 18 रन बनाए. यह सीएसके की इस सीजन की तीसरी जीत है, जबकि एमआई को पांचवीं हार का मुंह देखना पड़ा है. एमआई की शुरुआत बेहद खराब रही और दानिश मालेवार और नमन धीर बिना खाता खोले पवेलियन लौटे. क्विंटन डी कॉक भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और सिर्फ 7 रन बनाकर मुकेश चौधरी का शिकार बने. सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने चौथे विकेट के लिए 73 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई. तिलक 29 गेंदों में 37 रन बनाकर आउट हुए, तो सूर्यकुमार 36 रन बनाने के बाद अकील हुसैन की गेंद पर सरफराज को कैच देकर पवेलियन लौटे.

हार्दिक पांड्या (1 रन) और शेरफेन रदरफोर्ड (0) बुरी तरह से फेल रहे. गेंदबाजी में सीएसके की ओर से अकील हुसैन ने 4 और नूर अहमद ने 2 विकेट अपने नाम किए. वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस (रू्छ) के खिलाफ शतक जड़ना किसी भी बल्लेबाज के लिए एक सपने जैसा होता है. इस शानदार उपलब्धि के बाद अपनी रणनीति का खुलासा करते हुए शतकवीर खिलाड़ी ने बताया कि यह पल उनके और टीम के लिए बेहद खास है. उन्होंने कहा कि आज के दौर में उन्होंने अपनी बल्लेबाजी को बहुत सरल रखा है और वह केवल मैच के हालातों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं. वानखेड़े की पिच को लेकर उन्होंने एक दिलचस्प बात साझा की कि आज का विकेट आम दिनों जैसा नहीं था, यहां गेंद न केवल स्विंग हो रही थी, बल्कि पिच से थोड़ा रुककर भी आ रही थी. इसी स्पष्टता ने उन्हें पारी को आगे बढ़ाने में काफी मदद की.

● **खेल खुद आपको रास्ता दिखाता है कि आपको क्या करना है : संजू** - मैच के दौरान टीम की मुश्किलों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि पावरप्ले के तुरंत बाद उन्हें पिच के मिजाज का अंदाजा हो गया था. टीम लगातार बीच-बीच में विकेट गंवा रही थी और जब भी बल्लेबाज बड़े शॉट खेलने का प्रयास करते, वे आउट हो रहे थे. ऐसी स्थिति में उन्होंने अपनी जिम्मेदारी को समझा और तय किया कि एक जमे हुए बल्लेबाज के रूप में उनका अंत तक क्रीज पर टिके रहना बहुत जरूरी है. उन्होंने कहा, 'खेल खुद आपको रास्ता दिखाता है कि आपको क्या करना है.' इसी संयम और खेल की समझ का नतीजा रहा कि वह अंत तक नाबाद रहे और एक यादगार शतक के साथ अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया मैदान पर उतरते समय पहले से कोई निश्चित धारणा या 'माइंडसेट' बनाकर खेलना हमेशा सही नहीं होता. खेल के प्रति मेरी सोच बहुत अलग है. संजू ने कहा, व्यक्तिगत रिकॉर्ड से ऊपर टीम की जरूरतें आती हैं. एक अनुभवी खिलाड़ी के नाते मेरी यह जिम्मेदारी बनती है कि मैं अपनी स्वाभाविक शैली को खेल की परिस्थितियों और टीम की मांग के अनुसार ढालूं. आज के मैच में भी, अगर हमने शुरुआत में जल्दी विकेट नहीं गंवाए होते, तो मैं शायद बहुत पहले ही आक्रामक शॉट खेलना शुरू कर देता, लेकिन विकेट गिरने की वजह से पारी को संभालना और उसे अंत तक ले जाना अनिवार्य था.

गोलकीपर प्रिंस नहीं खेल पाएंगे एशियाड

# बाएं कंधे की होगी सर्जरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियाई खेल 2026 से पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम को झटका लगा है। एशियाई खेलों के कैंप में शामिल गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह चोटिल हो गए हैं। प्रिंसदीप के बाएं कंधे के लेब्रल हिस्से में चोट की सर्जरी की जाएगी। प्रिंसदीप जूनियर हॉकी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में हैरतअंगेज प्रदर्शन से चर्चा में आए थे, जिससे भारत सेमीफाइनल में पहुंचा था। चेन्नई में बीते दिसंबर में खेले गए जूनियर विश्व कप में भारत की कांस्य पदक जीत में प्रिंस की अहम भूमिका थी। प्रिंस के कंधे की सर्जरी इसी सप्ताह मुंबई में सर्जरी चर्चित चिकित्सक डॉ. दिनशा पारदीवाला करेंगे। सर्जरी के बाद प्रिंसदीप को पूरी तरह ठीक होने में छह माह तक का समय लग सकता है, जबकि एशियाई खेल ऐची और नागोया में 19 सितंबर से शुरू होने हैं। ऐसे में उनके खेलने की संभावना नगण्य हो गई है।



**सर्जरी पर 6.5 लाख खर्च**

पंजाब के 21 वर्षीय गोलकीपर प्रिंस को पीआर श्रीजेश का विकल्प माना जा रहा है। वह 2024 में जूनियर एशिया कप जीतने वाली टीम के भी सदस्य थे। उनकी सर्जरी पर साढ़े छह लाख रुपये का खर्च होगा, जिसे मेडिकल इंश्योरेंस और टॉप्स स्कीम से पूरा किया जाएगा।

**पुरानी है कंधे की चोट**

सूत्र बताते हैं कि प्रिंसदीप पिछले एक-दो साल से इस चोट से पीड़ित हैं। तब भी वह लगातार खेल रहे थे। अब दर्द असहनीय होने पर उन्हें सर्जरी की सलाह दी गई है। अब एशियाई खेलों की टीम में गोलकीपर के लिए कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेगा, पवन और मोहित के बीच मुकाबला है।

पहले स्थान पर पहुंचा भारत

# प्राची गायकवाड़ ने गोल्ड पर लगाया निशाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राची गायकवाड़ ने गुरुवार को मिस्र के काहिरा में चल रहे इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर वर्ल्ड कप राइफल / पिस्टल / शॉटगन में जूनियर महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने फाइनल में 354.6 का स्कोर किया और व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट (एआईएन) डारिया चुप्रीस को हराया, जिन्होंने 354.4 का स्कोर किया। एक और एआईएन शूटर, एलेना क्रेटिनिना ने 343.3 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता, और 35-शॉट के फाइनल से 34वें शॉट के बाद बाहर हो गईं। नारायण प्रणव ने भी जूनियर पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में फाइनल में 229.5 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। मंगलवार (21 अप्रैल) को प्रतियोगिता के पहले दिन शिवा नरवाल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में जीत हासिल की थी; उसके बाद यह भारत का दूसरा गोल्ड है। दो गोल्ड, चार सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज मेडल के साथ भारत एक बार फिर मेडल टैली में टॉप पर पहुंच गया है।



# केरला ब्लास्टर्स ने ओडिशा एफसी को 2-1 से हराया

**कोच्चि, एजेंसी।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2025-26 में केरला ब्लास्टर्स एफसी ने रोमांचक मुकाबले में ओडिशा एफसी को 2-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेला गया। मैच की शुरुआत से ही केरला ब्लास्टर्स ने आक्रामक खेल दिखाया। टीम के खिलाड़ी केविन योक ने लेफ्ट साइड से कई अच्छे मूव बनाए और ओडिशा के डिफेंस को परेशान किया। इसी दबाव का फायदा उठाते हुए मुकाबले के 12वें मिनट में विक्टर बर्टोमेउ ने पहला गोल दागा। एक ड्राइविंग रन और हितेश शर्मा के ब्लॉक किए गए शॉट के बॉक्स में जाने के बाद विक्टर ने शानदार अंदाज में गेंद को कंट्रोल किया और फिर बॉल को गोल पोस्ट में पहुंचाकर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहले गोल के बाद भी केरला का दबदबा बना रहा, लेकिन धीरे-धीरे ओडिशा एफसी ने मैच में वापसी की। 27वें मिनट में रहीम अली ने शानदार गोल करके स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने मौके बनाए, लेकिन हाफ टाइम तक कोई और गोल नहीं हुआ।दूसरे हाफ में ओडिशा एफसी ने बेहतर शुरुआत की और लगातार अटैक किए। हालांकि, केरला के गोलकीपर और डिफेंस ने मजबूती से खेलते हुए गोल नहीं होने दिया। दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, और मैच के आखिरी समय तक स्कोर बराबरी पर ही बना रहा। मैच ड्रॉ की तरफ बढ़ रहा था, तभी इंजरी टाइम में केरला ब्लास्टर्स को कॉर्नर मिला। इस मौके का फायदा उठाते हुए सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी मैटियास हर्नांडेज ने शानदार हेडर लगाकर गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा दिया। 90+3वें मिनट में आए इस गोल ने मैच का रुख बदल दिया और केरला को रोमांचक जीत दिलाई। मैच के अंत में ओडिशा एफसी ने बराबरी करने की कोशिश की, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इस तरह केरला ब्लास्टर्स ने कड़ी मेहनत से तीन अहम अंक हासिल कर लिए। इस जीत के बाद केरला ब्लास्टर्स 11 अंकों के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर पहुंच गया है। वहीं ओडिशा एफसी आठ मैचों में सिर्फ छह अंक के साथ 13वें स्थान पर बना हुआ है।



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413

# 'बाजार में अब नई डिजिटल पीढ़ी प्रवेश कर रही है', सेबी प्रमुख बोले- नियामकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** सेबी के 38वें स्थापना दिवस पर चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने कहा कि संस्था की सबसे बड़ी ताकत उसकी विश्वसनीयता है, जो वर्षों के सुधारों, मजबूत नियमन और निवेशकों के भरोसे से बनी है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक तनाव, व्यापारिक अनिश्चितताओं और तेजी से बदलती तकनीक के बावजूद भारतीय पूंजी बाजार मजबूती से आगे बढ़ रहा है। इस कार्यक्रम में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी मौजूद रहीं।

पांडे ने कहा कि भारत के बाजारों की यह मजबूती अचानक नहीं आई है। यह वर्षों से किए गए संस्थागत निर्माण, संतुलित नीतियों और मजबूत नियामकीय ढांचे का नतीजा है। इसी कारण वैश्विक उतार-चढ़ाव के दौर में भी देश में पूंजी निर्माण और निवेश गतिविधियां जारी हैं।

कहा कि 12 अप्रैल 1988 को स्थापना के बाद से सेबी ने भारतीय बाजारों को पूरी तरह बदल दिया है। कभी खुले ट्रेडिंग सिस्टम और सीमित पारदर्शिता वाले बाजार अब रियल-टाइम, तकनीक आधारित और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन चुके हैं। स्क्रीन बेस्ड ट्रेडिंग, डीमैट व्यवस्था, रोलिंग सेटलमेंट, बेहतर कॉरपोरेट गवर्नेंस और मजबूत जोखिम प्रबंधन जैसे कदमों ने इस बदलाव को संभव बनाया। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा है कि सेबी को उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहना होगा, जिनमें सबसे बड़ी चुनौती साइबर सुरक्षा है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी बड़े स्टॉक एक्सचेंज, डिपॉजिटरी, क्लियरिंग कॉरपोरेशन या बड़े ब्रोकर पर सफल साइबर हमला राष्ट्रीय स्तर पर बाजारों को प्रभावित कर सकता है। वित्त मंत्री ने कहा कि ऐसा हमला निवेशकों की बड़ी पूंजी मिटा सकता है और आम लोगों का भरोसा भी बुरी तरह हिला सकता है, जिसे दोबारा कायम करने में वर्षों लग सकते हैं। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित टूल्स साइबर हमलों को पहले से ज्यादा तेज, स्मार्ट, बड़े पैमाने पर और कई मामलों में स्वतः संचालित बना रहे हैं। निर्मला सीतारमण ने कहा कि सिर्फ सेबी ही नहीं, बल्कि उसके तहत आने वाली सभी विनियमित संस्थाओं को भी बेहद सतर्क रहना होगा।

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।

CMYK